

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0:

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 5 अंकः 38 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) बुधवार 18 नवम्बर 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

रमेश बाबा के लोककल्याण के संकल्पों को आगे बढ़ाएगी सरकार : योगी आदित्यनाथ

"बरसाना में ब्रह्मलीन संत को दी श्रद्धांजलि, 12 यूनिट वाले निःशुल्क डायलिसिस केंद्र का किया शुभारंभ; गोसेवा और गोरक्षा के कार्यों को बताया समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत"

समाज जागरण

बरसाना (मथुरा)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को बरसाना स्थित मान मंदिर गोशाला पहुंचकर ब्रह्मलीन संत पद्मश्री रमेश बाबा को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने संत रमेश बाबा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके लोककल्याणकारी कार्यों और समाजसेवा के प्रति समर्पण को नमन किया। मुख्यमंत्री ने यहां 12 यूनिट वाले निःशुल्क डायलिसिस केंद्र का शुभारंभ भी किया। इस केंद्र के शुरू होने से जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा मिल सकेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ब्रह्मलीन संत रमेश बाबा ने समाज को एक समृद्ध आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत सौंपी है। उनका संपूर्ण जीवन लोककल्याण, गोसेवा, गोरक्षा, गोसंरक्षण और गोसंवर्धन के लिए समर्पित रहा। उन्होंने स्वयं अभावों में जीवन व्यतीत किया, लेकिन समाज



और मानवता की सेवा के लिए कभी पीछे नहीं हटे। उनके जीवन का प्रत्येक कार्य लोककल्याण की भावना से प्रेरित था। योगी ने कहा कि अब हम सभी की जिम्मेदारी है कि उनके संकल्पों को आगे बढ़ाएं और उन्हें धरातल पर साकार करने के लिए निरंतर प्रयास करें।

गोमाता ऋषि और कृषि परंपरा के बीच सेतु

मुख्यमंत्री ने भारतीय संस्कृति की मूल भावना का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत की सनातन परंपरा ऋषि और कृषि प्रधान रही है। इन दोनों परंपराओं के बीच गोमाता एक महत्वपूर्ण सेतु का कार्य करती हैं। गोसंरक्षण केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और सामाजिक जीवन से भी जुड़ा हुआ है। उन्होंने रमेश बाबा के अनुयायियों और शिष्यों से आह्वान किया कि वे उनके विचारों और संकल्पों को आगे बढ़ाने के लिए संगठित होकर कार्य करें। प्रदेश सरकार भी इस दिशा में उनके साथ कदम से कदम मिलाकर खड़ी रहेगी।

कार्यकताओं के दम पर यूपी में तीसरी बार सरकार बनाएगी भाजपा : नितिन नबीन

मथुरा में दो दिवसीय योजना बैठक संपन्न, 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए अगले तीन महीने की रणनीति तैयार; बूथ मजबूत करने और जनसंपर्क अभियान तेज करने पर जोर

समाज जागरण

मथुरा। उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी संगठनात्मक तैयारियां तेज कर दी हैं। मथुरा के परखम स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय गो-विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित भाजपा की दो दिवसीय योजना बैठक मंगलवार को संपन्न हुई। बैठक के दूसरे दिन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने पदाधिकारियों और कार्यकताओं में चुनावी जोश भरते हुए दावा किया कि समर्पित कार्यकताओं की ताकत के बल पर भाजपा उत्तर प्रदेश में लगातार तीसरी बार सरकार बनाएगी। उन्होंने कार्यकताओं से अभी से चुनावी मैदान में उतरने और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया।

बैठक में आगामी तीन महीनों की कार्ययोजना, संगठनात्मक गतिविधियों, सहयोगी दलों के साथ समन्वय और विधानसभा चुनाव की रणनीति पर विस्तार से मंथन किया गया। पार्टी नेतृत्व ने स्पष्ट किया कि आगामी चुनाव में संगठन की सक्रियता, व्यापक जनसंपर्क और सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाना प्रमुख प्राथमिकता होगी।

यूपी में राष्ट्रीय अध्यक्ष का पांचवां प्रवास

राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन का उत्तर प्रदेश में यह पांचवां प्रवास रहा। इससे पहले वह पश्चिम, अवध, काशी और गोरखपुर क्षेत्रों का दौरा कर चुके हैं। मथुरा पहुंचने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी तथा उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने उनका स्वागत किया। बैठक की शुरूआत में नितिन नबीन ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद विश्व हिंदू परिषद के पूर्व



अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंघल की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

बूथ से लेकर जनता तक पहुंचने की रणनीति

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि चुनावी सफलता के लिए संगठन की जड़ें मजबूत होना जरूरी है। इसके लिए बूथ स्तर तक कार्यकताओं की सक्रियता बढ़ाई जाए और केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाया जाए। उन्होंने पदाधिकारियों से व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने तथा पार्टी के कार्यक्रमों को पूरी गंभीरता से जमीन पर उतारने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने विकास और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम किया है। सरकार की योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचा है। उन्होंने विश्वास जताया कि कार्यकताओं की मेहनत और संगठन की ताकत के आधार पर भाजपा 2027 में ऐतिहासिक विजय हासिल करेगी।

पंकज चौधरी ने विपक्षी दलों पर साधा निशाना

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने बैठक के दूसरे दिन की शुरूआत को लेकर कहा कि पार्टी का संकल्प है- 'राधे-राधे, कमल खिला दे'। उन्होंने समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, कांग्रेस, आजाद समाज पार्टी और एआईएमआईएम सहित विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए दावा किया कि उत्तर प्रदेश में विपक्ष को सफलता नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा 2027 के विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी।

महिला, गरीब, युवा और किसान होंगे चुनावी एजेंडे के केंद्र में

पंकज चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला, गरीब, युवा और किसान को देश की चार प्रमुख श्रेणियों के रूप में प्राथमिकता दी है। इन वर्गों के सशक्तिकरण और कल्याण के लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार ने कई योजनाएं संचालित की हैं। भाजपा इन योजनाओं और सरकार की उपलब्धियों को लेकर जनता के बीच जाएगी।

दिग्गज नेताओं का जुटा जमावड़ा

बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष, राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े, राष्ट्रीय महामंत्री स्मृति ईरानी और हरीश द्विवेदी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं ब्रजेश पाठक तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और प्रतिनिधि मौजूद रहे।

तीन महीने की कार्ययोजना के साथ भाजपा ने 2027 की चुनावी तैयारी का संदेश दे दिया है। अब देखना होगा कि संगठन की यह रणनीति बूथों पर कितनी प्रभावी साबित होती है।

भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 44% बढ़कर 31.97 अरब डॉलर पहुंचा



समाज जागरण

नई दिल्ली। भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही में नया रिकॉर्ड बनाया है। अप्रैल से सितंबर 2026 के दौरान निर्यात 44 प्रतिशत बढ़कर 31.97 अरब डॉलर पहुंच गया, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 22.20 अरब डॉलर था। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार, स्मार्टफोन निर्यात 35.8 प्रतिशत बढ़कर 18.17 अरब डॉलर रहा। वहीं, गैर-स्मार्टफोन इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों के निर्यात में 56.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। माउंटेड प्रिंटेड सर्किट बोर्ड के निर्यात में सर्वाधिक 3,219 प्रतिशत का उछाल आया। सरकार ने इस वृद्धि का श्रेय उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना, विदेशी निवेश और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भारत की बढ़ती भूमिका को दिया है।

सेक्टर-148 और 153 के पास अवैध प्लॉटिंग, नोएडा प्राधिकरण से जांच की मांग

खरीदारों को गुमराह कर प्लॉट बेचने की शिकायत, बिक्री पर निगरानी और सार्वजनिक चेतावनी जारी करने का अनुरोध

समाज जागरण

नोएडा। नोएडा के सेक्टर-148 और सेक्टर-153 के निकट कथित अवैध प्लॉटिंग का मामला सामने आया है। अनिल के. गर्ग ने 17 नवंबर को नोएडा प्राधिकरण को शिकायत भेजकर आरोप लगाया है कि एक निजी डेवलपर बिना सक्षम प्राधिकरण की स्वीकृति के आवासीय प्लॉट बेच रहा है। शिकायतकर्ता ने परियोजना की वैधानिकता पर सवाल उठाते हुए तत्काल जांच, बिक्री पर निगरानी और आम खरीदारों के हित में सार्वजनिक



चेतावनी जारी करने की मांग की है। शिकायत में कहा गया है कि डेवलपर ग्राम पंचायत की अनुमति, स्वीकृत नक्शे और भूमि उपयोग परिवर्तन का दावा कर रहा है। शिकायतकर्ता के मुताबिक, यदि जमीन नोएडा प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में आती है तो संबंधित विकास कार्यों के लिए प्राधिकरण की स्वीकृति जरूरी होगी। उन्होंने स्थल का वीडियो भी शिकायत के साथ भेजा है।

विस्तृत खबर पेज-3 पर

दिल्ली-एनसीआर में GRAP-3 की पाबंदियां हटीं, नोएडा-गाजियाबाद समेत कई शहरों को राहत

समाज जागरण

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के स्तर में गिरावट आने के बाद ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के तीसरे चरण की पाबंदियां हटा दी गई हैं। अब दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद और गुरुग्राम सहित एनसीआर के शहरों में ग्रैप-2 के तहत लागू नियम जारी रहेंगे। दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 204 दर्ज किए जाने के बाद यह फैसला लिया गया।

निर्माण और कार्यालय संबंधी कुछ पाबंदियां रहेंगी जारी

हालांकि ग्रैप-3 हटने का मतलब प्रदूषण से जुड़े सभी प्रतिबंधों की समाप्ति नहीं है। ग्रैप-1 और ग्रैप-2 के सभी नियम लागू रहेंगे। इ



सके अलावा 30 अक्टूबर 2026 के आदेश के तहत धूल पैदा करने वाले बाहरी निर्माण और तोड़फोड़ के कार्यों पर लगी रोक तथा सरकारी और निजी कार्यालयों में अधिकतम 50 प्रतिशत कर्मचारियों की भौतिक उपस्थिति संबंधी निर्देश 20 नवंबर तक जारी रहेंगे। आवश्यक परियोजनाओं को निर्धारित छूट प्राप्त है।

प्रदूषण नियंत्रण के लिए प्रशासन को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। वायु गुणवत्ता में दोबारा गिरावट आने पर सख्त पाबंदियां फिर लागू की जा सकती हैं।

ट्रंप-पुतिन-जिनपिंग की ऐतिहासिक मुलाकात 19 नवंबर को, चीन बोला- वैश्विक शांति पर होगी चर्चा



समाज जागरण

बीजिंग। वैश्विक राजनीति में एक बड़े कूटनीतिक घटनाक्रम के तहत अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग 19 नवंबर को चीन के शेनझेन में ऐतिहासिक त्रिपक्षीय शिखर बैठक करेंगे। चीन के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को इसकी आधिकारिक पुष्टि की। प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि तीनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों की यह इतिहास में पहली आमने-सामने की बैठक होगी।

आजम खान को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत, 10 दिसंबर तक मिली अंतरिम जमानत

समाज जागरण

प्रयागराज। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद आजम खान को 426 करोड़ रुपये के जौहर यूनिवर्सिटी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। 17 नवंबर को न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता और न्यायमूर्ति देवेंद्र सिंह की खंडपीठ ने उन्हें 10 दिसंबर तक अंतरिम जमानत प्रदान कर दी। अदालत के इस आदेश के बाद आजम खान के जेल से बाहर आने का रास्ता साफ हो गया है।

२हाईकोर्ट ने अंतरिम जमानत के लिए निजी मुचलका और समान राशि के दो जमानतदार पेश करने की शर्त रखी है। मामले की अगली सुनवाई 10 दिसंबर को होगी। अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को मामले के व्यापक पहलुओं पर जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया है।

आजम खान ने ईडी की गिरफ्तारी और न्यायिक हिरासत को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इस मामले में अदालत में दो दिनों तक सुनवाई हुई। मंगलवार को सुनवाई के दौरान अदालत ने अंतरिम राहत पर उचित आदेश देने की बात कही थी। इसके बाद उन्हें 10 दिसंबर तक



अखिलेश की दुखती नब्ज ने बढ़ाया कांग्रेस का हौसला

संजय सक्सेना,लखनऊ, वरिष्ठ पत्रकार

उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर होने वाली



बैठक पर विराम लग गया है। राजनीतिक विश्लेषकों और विभिन्न मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, दोनों दलों के बीच शुरूआती मांगों में बड़ा अंतर होने के कारण अंतिम सहमति बनने में अभी कुछ समय लग सकता है। इसकी वजह से दोनों के बीच कई बार बैठक टलने या गर्मागर्मी देखने को मिल सकती है। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान इस बात की पुष्टि की कि कांग्रेस ने गठबंधन में 181 सीटों की मांग रखी है। वहीं, कांग्रेस के उत्तर प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम के बयानों के हवाले से बताया जा रहा है कि कांग्रेस ने 175 से 200 सीटों का प्रस्ताव रखा है। दूसरी ओर, अन्य मीडिया स्रोतों के मुताबिक, समाजवादी पार्टी जीतने की क्षमता के आधार पर कांग्रेस को केवल 60 से 70 या अधिकतम 75 से 80 सीटें ही देने पर विचार कर रही है। राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि चुनाव की तारीखें करीब आने तक यह खींचतान जारी रह सकती है। गठबंधन की राजनीति में अक्सर पार्टियां शुरूआती दौर में अधिक सीटों की मांग रखती हैं, ताकि मोलभाव के बाद एक सम्मानजनक आंकड़े तक पहुंचा जा सके। इसलिए, अंतिम समझौते की घोषणा होने में अभी कुछ हफ्तों से लेकर महीनों तक का समय लग सकता है, क्योंकि दोनों दल अपने-अपने कैडर और स्थानीय नेताओं को संतुष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं।

सवाल यह भी है कि दोनों के बीच समझौता टूटने की संभावना भी है या नहीं और सीटों का गणित क्या कहता है, यह जान लेना भी जरूरी है। इस बात पर राजनीतिक हलकों में अलग-अलग राय है कि क्या कांग्रेस को झुकना पड़ेगा या गठबंधन टूट भी सकता है। कई राजनीतिक जानकारों के विश्लेषणों के अनुसार, दोनों ही पार्टियां इस बात से वाकिफ हैं कि विपक्ष के वोटों का बंटवारा होने से उन्हें नुकसान उठाना पड़ सकता है। इसलिए, शुरूआती मतभेदों के बावजूद दोनों दलों के शीर्ष नेतृत्व की ओर से गठबंधन बनाए रखने के संकेत दिए गए हैं। हालांकि, सीटों की संख्या को लेकर दोनों पक्षों के अपने-अपने तर्क हैं। समाजवादी पार्टी का पक्ष यह है कि 2022 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को केवल 2 सीटों पर जीत मिली थी, जबकि सपा राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी है और उसका संगठनात्मक ढांचा काफी मजबूत है। इस आधार पर सपा 403 में से 320 से अधिक सीटों पर खुद चुनाव लड़ना चाहती है और कांग्रेस को 60 से 80 सीटों के दायरे में सीमित रखना चाहती है। इसके विपरीत, कांग्रेस का मानना है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में उसके प्रदर्शन में सुधार हुआ है, जहां उसने राज्य की 6 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज की थी। सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस आंतरिक रूप से कम से कम 100 से 125 सीटों की उम्मीद कर रही है। ऐसे में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि दोनों दल किस बीच के रास्ते पर सहमत होते हैं, बजाय इसके कि किसी एक पक्ष के पूरी तरह झुकने की भविष्यवाणी की जाए।

फिर भी, अलग-अलग चुनाव लड़ने पर उत्तर प्रदेश की राजनीति पर क्या असर पड़ेगा, यह भी महत्वपूर्ण है। यदि किसी कारणवश समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे पर सहमति नहीं बन पाती है और दोनों दल अलग-अलग चुनाव लड़ते हैं, तो इसका सीधा असर राज्य के चुनावी समीकरणों पर पड़ेगा। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, दोनों दलों के अलग लड़ने से सत्ता विरोधी वोट और अल्पसंख्यक तथा पिछड़े वर्ग के वोटों में बिखराव हो सकता है। इससे कई ऐसी सीटों पर त्रिकोणीय या चतुष्कोणीय मुकाबला देखने को मिल सकता है, जहां सीधे मुकाबले की उम्मीद थी। यदि दोनों के बीच समझौता नहीं होता है, तो इससे गठबंधन की विश्वसनीयता पर सवाल उठेंगे। राष्ट्रीय स्तर पर बने इंडिया गठबंधन की एकजुटता पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसका असर केवल उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि उत्तराखंड जैसे पड़ोसी राज्यों के चुनावों पर भी देखने को मिल सकता है। इस पर कुछ स्थानीय नेताओं का मानना है कि अधिक सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने से पार्टी को उन क्षेत्रों में भी अपना संगठन फिर से खड़ा करने का मौका मिलेगा, जहां वह लंबे समय से चुनाव नहीं लड़ पाई है। वहीं, समाजवादी पार्टी को सभी 403 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने की छूट मिल जाएगी।

दूसरी ओर, यदि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस एक ठोस और व्यावहारिक फॉर्मूले के तहत साथ मिलकर चुनाव मैदान में उतरते हैं, तो वे भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले गठबंधन के लिए एक बड़ी चुनौती पेश कर सकते हैं। राजनीतिक पर्यवेक्षकों के अनुसार, इसके पीछे कई ठोस कारण हैं। 2024 के आम चुनावों में सपा और कांग्रेस के साथ आने से उत्तर प्रदेश में इस गठबंधन को बड़ी सफलता मिली थी, जिसमें सपा ने 37 और कांग्रेस ने 6 सीटें जीती थीं। यदि यही वोट ट्रांसफर विधानसभा चुनावों में भी बरकरार रहता है, तो कई विधानसभा क्षेत्रों में मुकाबला बेहद कड़ा हो सकता है। समाजवादी पार्टी का पारंपरिक आधार और पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की रणनीति के साथ जब कांग्रेस का पारंपरिक वोट बैंक और राष्ट्रीय मुद्दे जुड़ते हैं, तो यह एक मजबूत सामाजिक गठबंधन तैयार करता है। इससे भाजपा के लिए अपने कोर वोट को बचाए रखना मुश्किल हो सकता है। दोनों दलों के एक साथ आने से अधिकांश सीटों पर सीधा द्विध्रुवीय मुकाबला होने की संभावना बढ़ जाएगी। राजनीतिक इतिहास बताता है कि जब विपक्ष एकजुट होकर सीधा मुकाबला करता है, तो सत्ताधारी दल के खिलाफ माहौल बनने पर सीटों के समीकरण तेजी से बदल सकते हैं। हालांकि, भाजपा के पास भी मजबूत संगठनात्मक नेटवर्क और कल्याणकारी योजनाओं का आधार है, जिससे यह मुकाबला बेहद दिलचस्प रहने की उम्मीद है। वैसे, समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव के लिए कांग्रेस तो चिंता का विषय बनी हुई है, इसके साथ-साथ ओवैसी और चंद्रशेखर आजाद रावण के बीच हुआ समझौता भी मुसीबत का कारण नजर आ रहा है।

अयोध्या के बाद मथुरा पर नजर, भाजपा की रणनीति या चुनावी मजबूरी

अजय कुमार, वरिष्ठ पत्रकार



उत्तर प्रदेश की राजनीति में भाजपा ने 2027 की लड़ाई का बिगुल मथुरा से फूंका है। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बाद अब कृष्ण जन्मभूमि को चुनावी विमर्श के केंद्र में लाने की कोशिश हो रही है। यह महज एक चिंतन बैठक नहीं, बल्कि उस राजनीतिक रणनीति का संकेत है जिसमें आस्था, जातीय समीकरण, संगठन और सत्ता की ताकत को एक साथ साधने की तैयारी है। सवाल यह है कि भाजपा मथुरा से विपक्ष को घेरना चाहती है या अपनी सरकार के सामने खड़े होते सवालों से जनता का ध्यान हटाना चाहती है? 16 और 17 नवंबर को मथुरा में हुई भाजपा की बैठक का समय और स्थान दोनों राजनीतिक संदेश दे रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दोनों उपमुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और संगठन के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी बताती है कि पार्टी 2027 को हल्के में नहीं ले रही। बैठक में कमजोर बूथों, नाराज कार्यकताओं, संगठन और सरकार के बीच तालमेल तथा विपक्ष के पीडीए समीकरण की काट पर चर्चा की खबरें हैं। यानी भाजपा के भीतर भी यह एहसास है कि सत्ता में होना और चुनाव जीतना दो अलग-अलग बातें हैं। अगर सब कुछ उसके पक्ष में होता तो चुनाव से पहले संगठन को इतनी गंभीरता से दुरुस्त करने की जरूरत क्यों पड़ती? मथुरा की जमीन से उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का बयान आया ह्यअयोध्या हुई हमारी, अब मथुरा की बारी।ह्न यह नारा राजनीतिक रूप से आकर्षक हो सकता है, लेकिन इसके भीतर कई सवाल छिपे हैं। श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह का विवाद अदालत में विचाराधीन है। ऐसे में किसी भी पक्ष को न्यायिक प्रक्रिया से ऊपर जाकर फैसला सुनाने का अधिकार नहीं है। मंदिर निर्माण की बात करना राजनीतिक अभिव्यक्ति हो सकती है, लेकिन अदालत के फैसले से पहले उसे चुनावी विजय की तरह पेश करना संवैधानिक मयार्दा को कमजोर करता है। आस्था का सम्मान जरूरी है, मगर आस्था के नाम पर कानून को चुनावी मंच की सीढ़ी नहीं बनाया जा सकता।

भाजपा की रणनीति साफ दिखाई देती है। अयोध्या का मुद्दा उसके लिए बड़ी राजनीतिक पूंजी बना। अब मथुरा के जरिए वह हिंदुत्व के भावनात्मक विस्तार की संभावना तलाश रही है। लेकिन क्या हर चुनाव में नया धार्मिक प्रतीक खड़ा करना ही विकास का विकल्प है? जनता को रोजगार, महंगाई, किसानों की आय, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर जवाब चाहिए। मंदिर की चर्चा इन सवालों को हमेशा के लिए दबा नहीं सकती। चुनावी मंच पर जयकारे गूंज सकते हैं, लेकिन घर का बजट बिगड़ने पर मतदाता का सवाल भी उतनी ही ताकत से उठता है। भाजपा के लिए चुनौती सिर्फ धार्मिक मुद्दे की नहीं, अखिलेश यादव की राजनीति की भी है। अखिलेश खुद को यदुवंशी बताते हैं और कृष्ण के प्रतीक को अपनी राजनीतिक पहचान से जोड़ते रहे हैं। महाभारत के रूपकों, सारथी की छवि और पीडीए की राजनीति के जरिए वह भाजपा के सामने वैचारिक चुनौती पेश करना चाहते हैं। राम और कृष्ण की तुलना पर धीरेंद्र शास्त्री के बयान के बाद अखिलेश की प्रतिक्रिया भी इसी राजनीतिक संवेदनशीलता को दिखाती है। भाजपा अगर कृष्ण जन्मभूमि को चुनावी मुद्दा बनाती है तो समाजवादी पार्टी के पास भी कृष्ण और यदुवंशी पहचान का अपना आख्यान है। इसलिए मथुरा की लड़ाई केवल मंदिर की नहीं, प्रतीकों पर राजनीतिक दावे की भी है। अखिलेश की असली चुनौती यह है कि वह कृष्ण के नाम को केवल यादव अस्मिता तक सीमित न रखें। पीडीए का मतलब पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्गों को एक साथ लाना है। यह समीकरण तभी मजबूत होगा जब उसके साथ ठोस राजनीतिक कार्यक्रम और भरोसेमंद नेतृत्व दिखाई देगा। ब्राह्मणों को साधने के लिए कृष्ण-सुदामा की मित्रता का उदाहरण देना प्रतीकात्मक रूप से उपयोगी हो सकता है, लेकिन जातीय नाराजगी का समाधान केवल कथाओं से नहीं होगा। समाजवादी पार्टी को बताना होगा कि सत्ता में आने पर सामाजिक न्याय, कानून-व्यवस्था, रोजगार और शिक्षा के मोर्चे पर वह क्या बदलेगी। केवल भाजपा का विरोध करना चुनाव जीतने की गारंटी नहीं है।

2024 के लोकसभा चुनाव ने भाजपा को यह चेतावनी दे दी थी कि उत्तर प्रदेश में उसकी राजनीतिक जमीन अजेय नहीं है। राज्य में समाजवादी पार्टी ने 37 और भाजपा ने 33 सीटें जीतीं। कांग्रेस को छह सीटें मिलीं। फैजाबाद में भाजपा की हार ने अयोध्या के आसपास भी राजनीतिक असंतोष की संभावना उजागर की। यह परिणाम 2022 के विधानसभा चुनाव से अलग था, इसलिए दोनों की सीधी तुलना नहीं की जा सकती। लेकिन इतना जरूर स्पष्ट हुआ कि धार्मिक प्रतीक और राष्ट्रीय नेतृत्व होने के बावजूद स्थानीय मुद्दे, उम्मीदवार और सामाजिक समीकरण निर्णायक हो सकते हैं। भाजपा इस संदेश को समझती है, तभी मथुरा में बैठक के साथ बूथ और संगठन की चिंता भी सामने आई है। इसी बीच भाजपा ने प्रदेश की सभी 403 विधानसभा सीटों पर जन चौपाल लगाने की तैयारी की है। गोरखपुर से इसकी शुरूआत का कार्यक्रम है। दावा है कि इन चौपालों के जरिए जनता की समस्याएं सुनी जाएंगी और सरकारी योजनाओं का फीडबैक लिया जाएगा। यह पहल तभी सार्थक होगी जब चौपाल में जनता को बोलने दिया जाए, सिर्फ सरकार की उपलब्धियां गिनाने का मंच न बनाया जाए। किसान अगर गन्ने के भुगतान की बात करे, नौजवान भर्ती और रोजगार पूछे, महिला सुरक्षा पर सवाल उठाए और व्यापारी कारोबार की मुश्किल बताए तो क्या उन्हें ठोस जवाब मिलेगा? चुनाव से पहले जनता की सुनवाई का प्रदर्शन करना आसान है, पांच साल तक उसकी शिकायतों का समाधान करना मुश्किल। भाजपा समान नागरिक संहिता को भी 2027 के चुनावी एजेंडे में शामिल कर रही है। अमित शाह इसकी घोषणा कर चुके हैं कि सत्ता में वापसी पर इसे लागू किया जाएगा। पार्टी इसे समानता और एकरूपता का मुद्दा बताएगी, जबकि विपक्ष इसके स्वरूप और संभावित प्रभाव पर सवाल उठाएगा। लेकिन सरकार को स्पष्ट करना होगा कि कानून का मसौदा क्या होगा, किन प्रावधानों में बदलाव प्रस्तावित हैं और विभिन्न समुदायों की आशंकाओं का समाधान कैसे किया जाएगा। केवल घोषणा से न समानता स्थापित होती है, न सामाजिक सहमति बनती है।

दरअसल, मथुरा की बैठक भाजपा की ताकत से ज्यादा उसकी चुनावी बेचैनी भी दिखाती है। तीसरी बार सत्ता में लौटने का लक्ष्य है, लेकिन उसके सामने सत्ता विरोधी भावना, स्थानीय असंतोष और विपक्षी एकजुटता की चुनौती है। कमजोर बूथों की चिंता, कार्यकताओं की नाराजगी और पीडीए की काट तलाशने की कोशिश बताती है कि पार्टी को जमीन पर मुकाबला आसान नहीं लग रहा। दूसरी ओर विपक्ष के सामने भी कम मुश्किलें नहीं हैं। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच सीटों का तालमेल, नेतृत्व का भरोसा और वोटों का वास्तविक हस्तांतरण उसकी परीक्षा लेंगे। 2027 का चुनाव तय करेगा कि उत्तर प्रदेश की जनता को किसकी राजनीति स्वीकार है। भाजपा कृष्ण जन्मभूमि, हिंदुत्व और विकास के दावों के साथ मैदान में होगी। अखिलेश यादव पीडीए, सामाजिक न्याय और भाजपा विरोधी मतों के सहारे चुनौती देंगे। लेकिन दोनों को समझना होगा कि मतदाता केवल धार्मिक पहचान या जातीय गणित से संचालित नहीं होता। वह अपने बच्चों का भविष्य, अपनी आमदनी और अपने इलाके की हालत भी देखता है। मथुरा में कृष्ण का नाम गूंजना राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है, मगर लोकतंत्र में अंतिम फैसला मंदिरों के नारों से नहीं, जनता के अनुभव से निकलता है। कुरुक्षेत्र सज चुका है, अब देखना है कि कौन मुद्दों के दम पर लड़ता है और कौन प्रतीकों की ओट में जवाबदेही से बचता है।

प्रोफेसर राजेंद्र पाठक (समाजशास्त्री)

क्या भारत पुनः विभाजन की ओर(भाग-2)





भारत की आजादी के साथ हीं देश का विभाजन धार्मिक आधार पर हुआ लेकिन भीतरी और बाहरी तौर पर जो इसके लिए जिम्मेदार रहे उनकी मंशा भारत के विभाजन की सीमा रेखा,प्राप्त अस्थायी रहे और भविष्य में पुनः विभाजन का धार्मिक आधार बना रहे इसके लिए षड़यंत्र तथा दूरगामी परिणाम के मद्देनजर विपरीत समुदाय को पाकिस्तान नहीं जाने देने और भारत में हीं रोकने की व्यवस्था बनाई गई अर्थात नेपथ्य में पुनः विभाजन की रुपरेखा तैयार कर दी गई। वो अगुआ---- जिसने,अपने श्रेष्ठ प्रस्थिति को बरकरार रखने और इस्लामिक लक्ष्य को साधने हेतु,भारत के इतिहास का सबसे क्रुर झूठ बोला--"मेरी लाश पर भारत का बंटवारा होगा"। लेकिन सुनियोजित तरीके से भारत का विभाजन भी स्वीकारा। जिसके परिणामस्वरूप, विभाजन त्र-ासदी के रूप में 10 लाख से अधिक हिंदूओं की हत्या हुई और लाखों हिन्दू बहु-बेटियों को लूटा गया। लाखों हिंदुओं को अपना घर-द्वार, खेत-खलिहान, व्यापार सब-कुछ त्याग कर विस्थापित होना पड़ा।स्पष्ट है इस त्रासदी के अपराधी, ये अगुवा और विभाजित भारत की सत्ता हथियाने और शेष भारत का भी इस्लामिकरण करने की मंशा रखने वाले होंगे। हुआ भी वही! बंटवारे के बाद, अंग्रेजों द्वारा प्रक्षेपित एवं "महात्मा" उपमा से विभूषित इस शख्स ने हिंदूओं का ब्रेनवाश करने हेतु श्लोगन दिया --"ईश्वर अल्लाह तेरो नाम"। जो इस धरा पर सबसे चमचमाता सफेद झूठ है। भला एक समुदाय का अल्लाह, जो काफिरों अर्थात हिंदूओं की हत्या, उसकी बहन-बेटियों एवं संपत्ति को लूटने का आदेश देता है जबकि दूसरे का ईश्वर अपने मतावलंबियों से "वसुधैव कुटुंबकम" और "सर्वे भवन्तु सुखिनः" की कामना रखता है ऐसे में ईश्वर और अल्लाह,दोनों के एक होने की बात कहना, बेवकूफ बनाना हीं तो था.....!!!!

ये तथाकथित अगुवा,अपने सम्मानित प्रस्थिति का नाजायज फायदा उठाते हुए,कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव में (जिसे चुनें जाने के पश्चात प्रभारी प्रधानमंत्री भी बनना था),हिन्दूवादी नेता,सरदार पटेल को 80 प्रतिशत मत मिलने के बावजूद, पटेल को प्रभार नहीं लेने दिया। बल्कि हिंदूओं के हिस्से के भारत में ऐसे छद्म हिंदू को प्रधानमंत्री बनवाने को बाध्य किया जो आगे चलकर भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था के नाम पर प-रवारवादी सत्ता की नींव हीं नहीं रखी बल्कि परिवार ने 55 सालों तक राज करते हुए भारत के अगले विभाजन का मार्ग प्रशस्त कर दिया है।संविधान में ऐसे ऐसे बदलाव किये कि विघटनकारी तत्वों को विशेष अधिकार और सुविधायें मिलीं ताकि वे अपनी कट्टरपंथी संगठन एवं सोंच को विस्तार दे सकें दुसरी ओर सनातन सांस्कृतिक,धार्मिक, सामाजिक एवं पारिवारिक मूल्यों में जबरदस्त ह्रास आवे ताकि भारत का पूर्ण इस्लामिकरण हो सके या पुनः भारत को विभाजित कर नये इस्लामिक राष्ट्र का निर्माण संभव हो सके। एक ओर हिंदूओं को सेक्युलरिज्म की घूंटी पिलायी गई और उनके गरिमामयी इतिहास को काल कोठरी में धकेल, आक्रांताओं और मुगलों को महान दशार्या गया, हिंदूओं से मंदिर, धार्मिक शिक्षा,तक छीन लिये गये। हिंदूओं की जनसंख्या सिमटे इसके लिए जबरन उनकी नसबंदी करने के साथ साथ "हम दो हमारे दो" की चाशनी चटाई गई। नतीजतन भारत में मुस्लिमों की जनसंख्या 3 करोड़ से बढ़कर 30 करोड़ से अधिक हो चूकी है वहीं हिंदूओं की 30 करोड़ से बढ़कर मात्र 90 करोड़ तक सिमट गई है। अर्थात मुसलमानों की आबादी में दस गुना से अधिक की बढ़ौतरी हुई जबकि हिंदूओं की जनसंख्या मात्र तीन गुना बढ़ी।दुसरी ओर मुस्लिमों और ईसाईयों को हर क्षेत्र में पूर्ण स्वतंत्रता मिली। कांग्रेस के 55-60 बर्ष के शासनकाल में इस्लामिक आतंकी संगठनों, नक्सलवाद आदि को जबरदस्त संरक्षण प्राप्त था वहीं इस्लामिक राष्ट्र और पड़ोसी दुश्मन देश पाकिस्तान पर हर क्षेत्र से कृपा बरसती रही।धार्मिक एवं सामाजिक स्तर पर हिन्दूओं की एकता को छिन्न-भिन्न करके सत्ता पर काबिज रहने और सनातन धर्म और हिंदूओं को नष्ट करने के ब्रम्हास्त्र के रूप में जातिवाद का उपयोग आक्रांताओं ने फिर, अंग्रेजों ने तो किया हीं, विभाजन के पश्चात अंबेडकरजी की अध्यक्षता में बने संविधान में षड़यंत्र के तहत आर्थिक आधार पर आरक्षण की जगह,जातिगत आरक्षण की कील ठोक कर, ब्रम्हास्त्र का प्रयोग जारी रखा गया जो आजतक जारी हीं नहीं है बल्कि इसे और विस्तार दिया जाता रहा है।

इसका परिणाम प्रत्यक्ष दिख रहा है। आज भारत में राजनीति का मुख्य आधार, विकास नहीं बल्कि उसकी जगह धर्म और जाति बन चूका है। अधिकांश हिंदूओं की मानसिकता में सेक्युलरिज्म का भूत इस कदर सवार हो चूका है कि उन्हें अपने धार्मिक एकता (जो अपने अस्तित्व के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण है।) से कोई लगाव नहीं रह गया है बल्कि खण्डों में विभाजित जातिवाद अधिक आकर्षित कर रहा है। वे भूल चूकें हैं कि "धर्मों रक्षति रक्षितः"। दुसरी ओर विशेष समुदाय वाले अपने धार्मिक राजनीतिक दल या प्रतिनिधि को सत्ता के प्रतिनिधि के रूप में चुनाव करते हैं भले हीं उन्हें दुसरे राजनीतिक दल की सत्ता में विशेष लाभ प्राप्त क्यों न हो रहा हो!! इनके लिए धार्मिक कट्टरवाद सर्वाधिक प्रिय है। क्या कभी आप,आतंकियों, या आतंकी संगठनों का विरोध करते किसी मुस्लिम या मुस्लिम संगठन को देखा या सुना है!!

2014 से देश में हिंदूवादी पार्टी भाजपा के आगमन से इस्लामिक और वामपंथी राजनीति को अपने लक्ष्य में रुकावट को लेकर,निराशा झेलनी पड़ रही है। जनता इन्हें नकार रही है ये समझकर अब देश के लोकतंत्र को हीं गलत साबित करने लगी है। नतीजतन देश हीं नहीं पुरे विश्व में मोदी सरकार बनने के पीछे "वोट चोरी" का नैरेटिव फैलाया जा रहा है। कहा तो यहां तक जा रहा है कि 2024 में मोदी सरकार, "वोट चोरी" के बल पर बनी थी जबकि सत्ता में स्वयं कांग्रेस थी और उसके नियुक्त सीईसी थे।देश के संवैधानिक संस्थाओं पर बुरी तरह प्रहार किया जा रहा है। पुरे देश में अराजकता की स्थिति उत्पन्न करने का उत्क्रम जारी है। जवाहरलाल नेहरू से लेकर राहुल तक, ये गांधी परिवार,अफगानिस्तान जाकर बाबर के मकबरे पर सजदा किया है जिस-का सिर्फ एक हीं अर्थ है कि ये नेहरू और गांधी परिवार, अपने को मुगलवंशीय मानते हैं और भारत पर राज करना अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझते हैं। अर्थात सत्ता पर सिर्फ मेरे परिवार का हक रहेगा,नहीं तो देश जाये भांड़ में। इसमें देश के अंदर और बाहर की शक्तियां अपना हर हथकंडा आजमा रहीं हैं। मोदी सरकार ने इस्लामिक आतंकी संगठन,पीएफआई और सिम्मी जैसों को नेस्तनाबूद करना शुरू कर दिया। नक्सलियों के वजूद को मिटा दिया है। इस्लामिक और विभाजन परस्त कांग्रेस इतनी हताश हो चूकी है कि कर्नाटक में इसकी सरकार ने सिर्फ मुस्लिम नौजवानों को सैनिक ट्रेनिंग देने की व्यवस्था कर रही है ताकि ये इस्लामिक सैनिक राज्य, राष्ट्र के इस्लामिकरण में जिहादी सैनिक की भूमिका निभा सकें। घुसपैठियों एवं मुस्लिम समुदाय द्वारा जनसंख्या विस्फोट से बदलती डेमोग्राफी, भविष्य में विभाजन की पृष्ठभूमि को पुष्ट करता है। आज 9 राज्यों में हिंदुओं की जनसंख्या सिकुड़ चूकी है।

मोटे तौर पर कहा जा सकता है कि आज देश में हिंदूओं के विरुद्ध धर्मांतरण से लेकर विभिन्न प्रकार के जिहादों की जो श्रृंखला क्रियाशील है उसका सिर्फ एक हीं मकसद है--इस्लामीकरण या विभाजन।

अगर ईमानदारी से कहा जाय तो देश का विभाजन होना तो तय है लेकिन इसके लिए सिर्फ इस्लामिफोबिया या लेम्ब्रांडु जितना जिम्मेवार होंगे उससे तनिक कम तथाकथित सेक्युलर और स्वार्थी हिंदू नहीं रहेंगे। इनकी भूमिका सोने में सुहागा की तरह है। भारत माता को पुनः लहुलुहान होने से ईश्वर बचावें। इसी प्रार्थना के साथ,

शुभम्-शुभम्।

ओस की बूंद

लेखकः- जर्नलिस्ट वेद प्रकाश

निशा के वक्ष पर छुपकर, गगन से कौन उतरा है?
अँधेरे की विरासत में, यह किसका रूप उभरा है?
धरा के पाँव धोने को, गगन से जो चली धारा,
अजब सौन्दर्य ले मन में, बना संसार का तारा।
पेड़ो के पात पर टिककर, सितारा बन मचलती है,
अनोखी रोशनी बनकर, दिलों के बीच चलती है।
किसी की आँख का आँसू, किसी का मौन संबल है,
यह लघु सी बूँद सागर का, छिपाए रूप निर्मल है।
तपिश सूरज की सहती है, अमर होने की चाहत में,
न जाने कौन सी पीड़ा, छिपी है इस टपकती बूंदों में?
खिलें जब फूल डाली पर, तो सुंदर हार बनती है,
जहाँ गिरती है चुपके से, वहीं श्रृंगार बनती है।
जरा सी श्वास की हलचल, इसे कंपा के रख देगी,
मगर यह बूँद दुनिया को, नया विश्वास दे देगी।
अमीरी क्या, गरीबी क्या, सभी के पाँव धोती है,
अँधेरी रात के गर्भ में, यह अमृत बीज बोती है।
न जाने कौन सी भाषा, हवा से यह बतियाती है,
तपिश से डर नहीं इसको, ये सहकर मुस्कुराती है।
पवित्रता की मूरत है, समर्पण का मुकुट धारी,
अगेलेपन के साए में, जगत की है ये दुलारी।
घड़ी भर का ठिकाना है, सफर अनन्त होता है,
यही तो रूप जीवन का, जरा सा और सँजोता है।
भले आकार छोटा है, मगर विस्तार गहरा है,
इसी मोती सी बूँद पर, मेरा दिल भी ठहरा है।

फोटोः- जर्नलिस्ट वेद प्रकाश

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

समाज जागरण
बिज़नेस बढ़ाने का महा-उत्सव!
अब हर घर गूंजेगा आपके ब्रांड का नाम!
मात्र ₹5,000 में, पूरे 1 महीने फ्रंट पेज पर!
Prime Location: Front Page Strip (Front Strip - 4cm x 12cm)
Mass Reach: Delhi-NCR, UP, Bihar, MP, Rajasthan

ग्राम पंचायत की अनुमति से प्लॉटिंग का दावा, अधिसूचित क्षेत्र में अधिकार पर उठे सवाल

सेक्टर-148 और 153 के निकट निजी डेवलपर पर अनधिकृत कॉलोनी बसाने का आरोप; खरीदारों की मेहनत की कमाई जोखिम में होने की आशंका

समाज जागरण

नोएडा। नोएडा के सेक्टर-148 और सेक्टर-153 के आसपास कथित अवैध प्लॉटिंग को लेकर नोएडा प्राधिकरण में शिकायत की गई है। शिकायतकर्ता अनिल के. गर्ग ने आरोप लगाया है कि एक निजी डेवलपर खुले बाजार में आवासीय प्लॉट बेच रहा है और संभावित खरीदारों को परियोजना पूरी तरह वैध एवं स्वीकृत होने का भरोसा दिला रहा है। उन्होंने प्राधिकरण से जमीन और परियोजना की वास्तविक स्थिति की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।



ग्राम पंचायत की अनुमति और नक्शे के दावे पर सवाल

शिकायत के मुताबिक, संबंधित डेवलपर संभावित खरीदारों को बता रहा है कि उसने ग्राम पंचायत से प्लॉटिंग की अनुमति प्राप्त कर ली है। ग्राम पंचायत द्वारा नक्शा स्वीकृत होने और राजस्व विभाग से भूमि उपयोग परिवर्तन (सीएलयू) मिलने का भी दावा किया जा रहा है। हालांकि, शिकायतकर्ता ने इन दावों की वैधानिकता पर सवाल उठाए हैं।

अनिल के. गर्ग का कहना है कि यदि संबंधित भूमि नोएडा प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में आती है तो वहां लेआउट, प्लॉटिंग और विकास कार्यों के लिए सक्षम प्राधिकरण की स्वीकृति आवश्यक होगी। ऐसे में केवल ग्राम पंचायत की अनुमति के आधार पर प्लॉटिंग की वैधता सुनिश्चित नहीं मानी जा सकती। उन्होंने संबंधित भूमि की अधिसूचित स्थिति और परियोजना की स्वीकृतियों का सत्यापन कराने की मांग की है।

नोएडा प्राधिकरण से तत्काल निरीक्षण की मांग

अनिल के. गर्ग ने प्राधिकरण से पांच प्रमुख मांगें रखी हैं। इनमें संबंधित स्थल का तत्काल निरीक्षण और दस्तावेजों का सत्यापन, परियोजना की वैधानिक स्थिति स्पष्ट करना, आवश्यकता पड़ने पर सार्वजनिक चेतावनी जारी करना, आगे की बिक्री एवं निर्माण पर निगरानी रखना और नियमों के अनुसार संबंधित डेवलपर के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करना शामिल है। शिकायतकर्ता ने स्थल का वीडियो भी अधिकारियों को उपलब्ध कराया है। उन्होंने कहा है कि जरूरत पड़ने पर वह अतिरिक्त जानकारी, वीडियो और दस्तावेज भी उपलब्ध कराने को तैयार हैं।



खरीदारों के सामने खड़े हो सकते हैं गंभीर सवाल

शिकायतकर्ता ने आशंका जताई है कि यदि प्लॉटिंग बिना आवश्यक अनुमति के की जा रही है तो भविष्य में प्लॉट खरीदने वाले लोगों को आर्थिक और कानूनी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसी स्थिति में निर्माण पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई, नियमितीकरण में कठिनाई, रजिस्ट्री और कब्जे से संबंधित विवाद तथा बुनियादी सुविधाओं का अभाव जैसी समस्याएं सामने आ सकती हैं।

शिकायत में सड़क, सीवर, पानी और बिजली जैसी सुविधाओं को लेकर भी चिंता जताई गई है। शिकायतकर्ता का कहना है कि आम लोग अपनी जीवनभर की कमाई जमीन खरीदने में लगा देते हैं। ऐसे में परियोजना की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हुए बिना प्लॉट खरीदना उनके लिए आर्थिक जोखिम बन सकता है।

प्राधिकरण की कार्रवाई का इंतजार

यह शिकायत 17 नवंबर 2026 को नोएडा में भेजी गई है। इसकी प्रतिलिपि नोएडा प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारियों को भी भेजी गई है। अब संबंधित विभाग की जांच और कार्रवाई का इंतजार है। जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि संबंधित भूमि किस श्रेणी में आती है और वहां चल रही प्लॉटिंग के लिए आवश्यक स्वीकृतियां प्राप्त हैं या नहीं।

नोटः इस मामले में फिलहाल शिकायतकर्ता के आरोप सामने आए हैं। नोएडा प्राधिकरण की आधिकारिक पुष्टि और संबंधित डेवलपर का पक्ष प्राप्त होना बाकी है।

राष्ट्रमंडल कबड्डी चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने वाली महिला हेड कांस्टेबल प्रिया सम्मानित

मेरठ, समाज जागरण संवाददाता। अहमदाबाद में आयोजित प्रथम राष्ट्रमंडल कबड्डी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय महिला कबड्डी टीम की सदस्य एवं उत्तर प्रदेश पुलिस में तैनात महिला हेड कांस्टेबल प्रिया को मेरठ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सम्मानित किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश पुलिस महिला कबड्डी टीम के कोच शिवम धारिवाल को भी सम्मानित कर बधाई दी गई।

उत्तर प्रदेश पुलिस के आधिकारिक सोशल मीडिया संदेश के अनुसार, गुजरात के अहमदाबाद में 21 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2026 तक प्रथम राष्ट्रमंडल कबड्डी चैंपियनशिप आयोजित हुई थी। भारतीय महिला कबड्डी टीम ने प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया। टीम की सदस्य महिला हेड कांस्टेबल प्रिया ने इस उपलब्धि में योगदान दिया।

सम्मान समारोह में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने प्रिया और कोच शिवम धारिवाल को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस उपलब्धि को उत्तर प्रदेश पुलिस और प्रदेश के लिए गौरव का विषय बताया गया।

12 दिसंबर को गौतमबुद्धनगर में लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

समाज जागरण संवाददाता

गौतमबुद्धनगर। जनपद में आगामी 12 दिसंबर 2026 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन जिला मुख्यालय के साथ-साथ तहसील न्यायालयों में भी होगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पूर्णकालिक सचिव शिवानी रावत ने इसकी जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं जनपद न्यायाधीश के निदेशों के क्रम में आयोजित लोक अदालत में आपराधिक शमनीय वाद, पारिवारिक मामले, मोटरयान दुर्घटना अधिनियम से जुड़े मामले, बिजली-पानी संबंधी विवाद, धारा 138 एनआई एक्ट के वाद, भू-राजस्व वाद और सेवा संबंधी मामलों का निस्तारण किया जाएगा।

इसके अलावा प्री-लिटिगेशन मामलों सहित ऐसे अन्य विवाद भी आपसी सुलह और समझौते के आधार पर निस्तारित किए जाएंगे, जिनमें संबंधित पक्षकार समझौते के लिए इच्छुक होंगे।

मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन, 16 दिसंबर तक दर्ज करा सकेंगे दावे-आपत्तियां

चार विशेष अभियान दिवसों पर मतदान केंद्रों पर मौजूद रहेंगे बीएलओ

समाज जागरण संवाददाता

गौतमबुद्धनगर। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 17 नवंबर को आलेख्य मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया। अब मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, अपात्र नाम हटवाने और विवरण में संशोधन कराने के लिए 17 नवंबर से 16 दिसंबर 2026 तक दावे एवं आपत्तियां दर्ज कराई जा सकेंगी।

जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रतिनिधियों को विधानसभा क्षेत्रवार मतदाता सूची की बूथवार मुद्रित और डिजिटल प्रतियां उपलब्ध कराई गईं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची संबंधित तहसील कार्यालयों, पदाभिहित स्थलों और मतदान केंद्रों पर आमजन के अवलोकन के लिए उपलब्ध रहेगी। मतदाता अपने मतदान केंद्र पर जाकर अपना और परिवार के सदस्यों का नाम सूची में देख सकते हैं।

इन तारीखों पर चलेगा विशेष अभियान

मतदाताओं की सुविधा के लिए 21, 22, 28 और 29 नवंबर को विशेष अभियान दिवस आयोजित होंगे। इन दिनों संबंधित मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) उपस्थित रहेंगे और आवेदन संबंधी जानकारी एवं सहयोग देंगे।

मतदाता सूची में नया नाम शामिल कराने के लिए फार्म-6, नाम हटवाने के लिए फार्म-7 तथा नाम, पता या अन्य विवरण में संशोधन कराने, मतदाता पहचान पत्र बदलवाने और निवास परिवर्तन के लिए फार्म-8 भरा जा सकता है।



चार जनवरी को प्रकाशित होगी अंतिम सूची

निर्वाचन अधिकारी के अनुसार प्राप्त दावों और आपत्तियों का निस्तारण 28 दिसंबर 2026 तक किया जाएगा। इसके बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 4 जनवरी 2027 को होगा।

मतदाता ऑनलाइन पोर्टल https://voters.eci.gov.in और ईसीआईनेट मोबाइल ऐप के माध्यम से भी आवेदन कर सकते हैं। सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 1950 और 0120-2978702 जारी किए गए हैं।

जनपद में 15.27 लाख से अधिक मतदाता

जनपद की तीन विधानसभा सीटों पर कुल 15,27,428 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें नोएडा विधानसभा क्षेत्र में 5,93,236, दादरी में 6,17,352 और जेवर में 3,16,840 मतदाता शामिल हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने पात्र नागरिकों, विशेषकर 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं और महिलाओं से मतदाता सूची में अपना नाम जांचने तथा आवश्यक होने पर निर्धारित समय में आवेदन करने की अपील की है।

मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत यूपीएससी की निःशुल्क कक्षाएं, आवेदन आमंत्रित

समाज जागरण संवाददाता

गौतमबुद्धनगर। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं के लिए मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत निःशुल्क कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। इन कक्षाओं का संचालन नोएडा के सेक्टर-37 स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर पुस्तकालय में किया जा रहा है। जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि योजना का लाभ लेने के इच्छुक विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थियों का चयन प्रवेश परीक्षा की मेरिट के आधार पर किया जाएगा। योजना में आवेदन के लिए आय और जाति संबंधी कोई बाध्यता नहीं रखी गई है।

पंजीकरण के लिए आवेदन पत्र जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय, कक्ष संख्या 116 और 117, विकास भवन सूरजपुर, ग्रेटर नोएडा तथा डॉ. बीआर आंबेडकर पुस्तकालय, सेक्टर-37 नोएडा से प्राप्त किए जा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए समाज कल्याण विभाग के वरिष्ठ सहायक सारांश श्रीवास्तव से मोबाइल नंबर 8860517148 पर संपर्क किया जा सकता है।

मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश

विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों को लेकर सेक्टर अधिकारियों का प्रशिक्षण

समाज जागरण संवाददाता

गौतमबुद्धनगर। विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने की तैयारियों के तहत मंगलवार को गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा के सभागार में सेक्टर ऑफिसर और सेक्टर पुलिस ऑफिसर का प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित प्रशिक्षण में नोएडा-61, दादरी-62 और जेवर-63 विधानसभा क्षेत्रों के लिए नामित अधिकारियों ने हिस्सा लिया।



प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को संवेदनशीलता मानचित्रण, क्रिटिकल पोलिंग स्टेशन की पहचान और मतदान केंद्रों के भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। साथ ही मतदान केंद्रों पर पेयजल, बिजली, शौचालय और रैंप सहित आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ आवंटित क्षेत्रों में चुनाव संबंधी तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूरी करने को कहा। उन्होंने नियमित क्षेत्र भ्रमण और प्रभावी कार्ययोजना के माध्यम से सुरक्षित एवं सुगम मतदान व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर एवं सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी दादरी अरुण कुमार सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

18 नवंबर को विकास भवन में आयोजित होगा किसान दिवस

किसानों की समस्याओं के समाधान और योजनाओं की मिलेगी जानकारी

समाज जागरण संवाददाता

गौतमबुद्धनगर। किसानों की कृषि संबंधी समस्याओं के समाधान और सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 18 नवंबर 2026 को किसान दिवस का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 11 बजे विकास भवन स्थित सभागार कक्ष में आयोजित होगा।

उप कृषि निदेशक विवेक दुबे ने बताया कि किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रत्येक माह के तीसरे बुधवार को जिला मुख्यालय के निकट किसान दिवस आयोजित किया जाता है। इसी क्रम में बुधवार को होने वाले कार्यक्रम में कृषि क्षेत्र से संबंधित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे। उन्होंने जनपद के किसानों और कृषक प्रतिनिधियों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचकर अपनी समस्याएं रखने तथा कृषि एवं कृषक कल्याण से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने की अपील की है।

जनगणना 2027: 30 नवंबर तक करें स्वगणना, मीडिया कर्मियों से भी भागीदारी की अपील

16 से 30 नवंबर तक ऑनलाइन उपलब्ध है स्वगणना की सुविधा

समाज जागरण संवाददाता

गौतमबुद्धनगर। भारत की जनगणना 2027 के तहत 16 से 30 नवंबर 2026 तक स्वगणना के लिए विशेष जागरूकता एवं सहभागिता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से आमजन को स्वयं ऑनलाइन अपनी और अपने परिवार की जनगणना संबंधी जानकारी दर्ज करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

जिला सूचना विभाग की ओर से मीडिया कर्मियों से भी अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की गई है। पत्रकारों से अनुरोध किया गया है कि वे स्वयं आधिकारिक पोर्टल https://se.census.gov.in पर जाकर स्वगणना करें और अपने समाचार माध्यमों के जरिए आमजन को भी इसके लिए जागरूक करें।

स्वगणना पूरी करने के बाद अपनी फोटो सहायक निदेशक सूचना के व्हाट्सएप नंबर 9918966505 पर भेजने का अनुरोध किया गया है, ताकि जनपद स्तर पर अभियान की प्रगति को बढ़ावा दिया जा सके।

अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना और जनगणना कार्य को सफल बनाना है।

सेक्टर-6 की नई सड़कों पर सीवर के ढक्कन बने परेशानी, हादसों की आशंका

सड़क निर्माण के बाद भी ऊंचाई के अनुरूप नहीं किए गए ढक्कन, उद्यमियों ने उठाई समस्या

समाज जागरण संवाददाता

नोएडा। सेक्टर-6 की सड़कों पर सीवर के नीचे धंसे ढक्कन वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। स्थानीय उद्यमियों की शिकायत पर ग्राम विकास संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रसादी सिंह सोलंकी ने क्षेत्र का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों से समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

सोलंकी के अनुसार सेक्टर-6 की सड़कें करीब डेढ़ महीने पहले ही बनाई गई हैं, लेकिन सड़क के बीच स्थित सीवर के ढक्कनों को सड़क



के स्तर के अनुरूप नहीं किया गया। कई स्थानों पर ढक्कन सड़क से लगभग छह इंच नीचे हैं। इससे दोपहिया वाहन चालकों को विशेष परेशानी होती है।

उनका कहना है कि रात के समय अचानक गहरे ढक्कन में पहिया जाने से दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। उन्होंने बताया कि संबंधित अधिकारी से बातचीत के दौरान समस्या के प्रमाण के रूप में वीडियो मांगा गया था।

उन्होंने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि सीवर के ढक्कनों को जल्द सड़क के स्तर तक ऊंचा कराया जाए, ताकि वाहन चालकों को राहत मिल सके और दुर्घटनाओं की आशंका दूर हो।

जेवर में फायरिंग और मारपीट के मामले में जयंत शर्मा गिरफ्तार

साइड देने को लेकर हुआ था विवाद, दो लोग हुए थे घायल

समाज जागरण संवाददाता

गौतमबुद्धनगर। जेवर थाना क्षेत्र में साइड देने को लेकर हुए विवाद के बाद फायरिंग और मारपीट के मामले में पुलिस ने एक अन्य वांछित आरोपी जयंत शर्मा को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार 17 नवंबर को शिकायतकर्ता ने तहरीर दी थी कि साइड देने को लेकर आरोपियों के साथ कहासुनी और विवाद हुआ। आरोप है कि इसके बाद शिकायतकर्ता और उसके दोस्तों पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गई तथा शिकायतकर्ता के साथ मारपीट भी की गई। घटना में शिकायतकर्ता और उसका एक दोस्त घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

आबकारी विभाग का विशेष अभियान, शराब की दुकानों और बार का किया निरीक्षण

निर्धारित मूल्य पर बिक्री और सीसीटीवी कैमरे चालू रखने के निर्देश

समाज जागरण संवाददाता

गौतमबुद्धनगर। जनपद में अवैध शराब की बिक्री और आबकारी नियमों के उल्लंघन पर अंकुश लगाने के लिए आबकारी विभाग ने विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया। अभियान के तहत 16 नवंबर को जनपदीय आबकारी टीमों ने देशी शराब, कंपोजिट शॉप, मॉडल शॉप, प्रीमियम रिटेल शॉप और बार अनुज्ञापनों का आकस्मिक निरीक्षण किया।



जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में की गई कार्रवाई के दौरान दुकानों पर मदिरा के विभिन्न ब्रांड प्रदर्शित करने तथा पीओएस मशीन से स्कैन करने के बाद निर्धारित मूल्य पर ही बिक्री करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त कैंटीनों की भी गहनता से जांच की गई और दुकानों पर गोपनीय तरीके से टेस्ट परचेज कराया गया।

आबकारी टीमों ने सभी मदिरा दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग वास्तविक समय में चालू रखने तथा दुकानों का संचालन आबकारी नियमों के अनुसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

7 क्षेत्र में प्रदूषण और सफाई की समस्या पर कार्रवाई शुरू, प्राधिकरण की टीम सक्रिय

स्थानीय लोगों ने मीडिया के प्रयासों की सराहना कर जताया आभार

समाज जागरण संवाददाता

नोएडा। नोएडा के 7 और आसपास के क्षेत्रों में बढ़ते प्रदूषण तथा सफाई की समस्या को लेकर स्थानीय लोगों द्वारा उठाई गई आवाज के बाद प्राधिकरण की टीम सक्रिय हुई है। स्थानीय प्रतिनिधियों ने बताया कि नोएडा प्राधिकरण की डब्ल्यूसी-6 टीम ने मंगलवार सुबह क्षेत्र में पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। स्थानीय लोगों की ओर से जारी संदेश में कहा गया कि पिछले सप्ताह 7 और आसपास के क्षेत्रों में बढ़ते प्रदूषण के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया गया था। इस मामले को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने में हिंदी खबर के महेंद्र माही और उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

स्थानीय लोगों ने मीडिया टीम के प्रयासों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि प्राधिकरण की सक्रियता से क्षेत्र में प्रदूषण नियंत्रण और नियमित साफ-सफाई के लिए लगातार प्रभावी कदम उठाए जाएंगे।

श्रीजी गौ सदन में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया गोपाष्टमी महोत्सव

गौ-शिशु आश्रय गृह और बाल शिक्षा कक्ष का हुआ लोकार्पण

समाज जागरण संवाददाता

नोएडा। गोवंश संरक्षण, संवर्धन और गौसेवा के उद्देश्य से मंगलवार को श्रीजी गौ सदन में गोपाष्टमी महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गौमाता का विधिवत पूजन किया गया। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद, नोएडा द्वारा निर्मित गौ-शिशु आश्रय गृह और बाल शिक्षा कक्ष का लोकार्पण किया गया। इसके साथ ही श्री सतनारायण गोयल द्वारा कराए गए हवन स्थल के सौंदर्यीकरण का भी उद्घाटन हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और गौमाता के पूजन के साथ हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि स्वामी दीपांकर जी महाराज और मां गीतेश्वरी जी, गीता आश्रम दिल्ली



सहित पूर्व केंद्रीय सचिव जे.के. दादू, कैप्टन विकास गुप्ता, महेश चौहान, पूर्व विधायक विमला बाथम और गोपाल अग्रवाल मौजूद रहे।

स्वामी दीपांकर जी महाराज ने गौसेवा को प्रभुसेवा का माध्यम बताते हुए ऐसे सेवा कार्यों की सराहना की। श्रीजी गौ सदन के अध्यक्ष विकास अग्रवाल और महासचिव सुशील भारद्वाज ने बताया कि गौसदन निराश्रित, बीमार और असहाय गोवंश की सेवा, उपचार, पोषण एवं संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।



भारत विकास परिषद, नोएडा के अध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि परिषद सेवा, संस्कार, समर्पण और संगठन के मूल मंत्र के साथ समाजहित के कार्यों में सक्रिय है। गौसेवा और गोवंश संरक्षण परिषद की प्राथमिकताओं में शामिल हैं।

कार्यक्रम में अध्यक्ष सीए मनोज बंसल, स्वागत अध्यक्ष सीए राकेश अग्रवाल, संयोजक सीए महेश बाबू गुप्ता, सह-संयोजक संदीप अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अंत में श्रीजी गौ सदन परिवार की ओर से अतिथियों, दानदाताओं और सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

राष्ट्रहित समर्पित रहता है पत्रकार का जीवन - अवनीश त्यागी

निस्वार्थ पत्रकारिता है राष्ट्र का गौरव - डॉ. चंद्र मोहन

समाज जागरण

सम्भल इतिहास संकलन समिति एवं हिंदू जागृति मंच के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर आयोजित पत्रकार सम्मान समारोह में 95 पत्रकारों को सम्मानित किया गया। गॉड लवर्स पॉइंट में आयोजित पत्रकार सम्मान समारोह में मुख्य अतिथियों ने महर्षि नारद के चित्र पर माल्यार्पण कर विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की। सामूहिक रूप से सम्पूर्ण वंदे मातरम् का गायन हुआ। तत्पश्चात विभिन्न समाचार पत्रों, टीवी चैनलों से जुड़े पत्रकारों, मीडिया कर्मियों को शील्ड देकर, माल्यार्पण कर सम्मान-पत्र के साथ उनके कार्य, सेवा, संकल्प और उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक उमंग अग्रवाल ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखी। मुख्य



अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रभारी डॉ. चंद्र मोहन ने कहा कि निस्वार्थ पत्रकारिता राष्ट्र का गौरव है। उन्होंने वर्तमान समय में पत्रकारिता के कार्य को जटिल बताया। परंतु साहसी, परिश्रमी और सेवा कार्य में लगे व्यक्ति जटिलता और समस्याओं से मुकाबला करके ही अपना यथोचित स्थान बनाते हैं। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं वरिष्ठ पत्रकार अवनीश त्यागी ने मुख्य वक्ता के रूप में कहा कि पत्रकारों का जीवन राष्ट्रहित समर्पित रहता है। उन्होंने पत्रकारों को प्रमाणिकता के साथ कार्य करते हुए समाज एवं राष्ट्र की उच्च स्तरीय सेवा करने की प्रेरणा दी। जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार ने कहा कि जब कहीं बाढ़, तूफान, भूकंप, युद्ध की भयंकर स्थिति आती है तो सभी लोग उस जगह से भागते हैं, पलायन करते हैं, परंतु एक पत्रकार ही ऐसा है जो उस दुर्गम और कठिन स्थिति में उस स्थान की ओर दौड़ता है। ऐसे साहसी, कर्तव्यनिष्ठ, राष्ट्रसेवी पत्रकारों का सम्मान समारोह आयोजित करके हिंदू जागृति मंच और इतिहास संकलन समिति ने मिसाल कायम की है। मैं आयोजक संस्थाओं की पूनीत भावना को नमन करता हूं। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने कहा कि संभल तीर्थ परिक्रमा को पुनजार्गृत और पुनर्जीवित करने वाली संस्था हिंदू जागृति मंच ने ऐसे ही समाज, राष्ट्र और धर्म को समर्पित कार्य करते हुए सर्वमान्य संस्था के रूप में स्थापित किया है। पत्रकारों का सम्मान करना भी संपूर्ण समाज को प्रेरणा देने के समान है कि पत्रकारों का स्वागत-सम्मान हर परिस्थिति में होना ही चाहिए। इतिहास संकलन समिति के प्रांत संगठन मंत्री डॉ. कुलदीप कुमार त्यागी ने इतिहास संकलन समिति द्वारा संभल जनपद में किए गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए पत्रकार सम्मान समारोह आयोजन के लिए समिति की संवेदनशीलता, तत्परता, निष्ठा और सामाजिक सहयोग बताकर इतिहास संकलन समिति के सभी सदस्यों को साधुवाद दिया। डॉ. विशाल चौहान, पंकज कुमार गुप्ता, प्रधानाचार्य राहुल कुमार, कार्यक्रम संयोजक उमंग अग्रवाल, मीनू रस्तोगी, शालिनी रस्तोगी, अंकुर रस्तोगी, नीरू चाहल, श्रेय अग्रवाल, अरविंद शंकर शुक्ला, उमेश श्रीमाली, मुकेश सैनी, दुर्वेश सैनी, राजेश कुमार गुप्ता, ऋषिपाल सिंह, रनवीर सिंह यादव आदि ने पत्रकारों के सम्मान में तथा आयोजक संस्थाओं के कार्य, सेवाओं और उपलब्धियों पर अपने विचार व्यक्त किए। मंचासीन अतिथियों ने टीवी चैनलों और समाचार पत्रों से जुड़े 95 मीडिया कर्मियों को शील्ड देकर, माल्यार्पण कर और सम्मान-पत्र भेंट कर करतल ध्वनि एवं पुष्प वर्षा के साथ भाव भरा स्वागत-अभिनंदन किया।

समारोह की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. अरविंद कुमार गुप्ता ने की तथा संचालन इतिहास संकलन समिति के जिला महामंत्री सुबोध कुमार गुप्ता एवं विकास कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से किया।

युवती से छीने गए मोबाइल फोन के साथ दो गिरफ्तार

एएसपी गौतम राय व सीओ आलोक सिंह ने किया खुलासा

दैनिक समाज जागरण
मुस्कान खान जनपद बिजनौर

नगीना। पुलिस ने एक युवती का मोबाइल फोन छीन कर भाग गए दोनों युवकों को मोबाइल समेत गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।घटना में प्रयुक्त बाइक को भी सीज कर दिया। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण गौतम राय व सीओ आलोक सिंह ने बताया कि सोमवार को नगीना देहात थाना क्षेत्र के गांव चंदनवाला निवासी रिंकू सिंह की पुत्री मानसी ने तहरीर दी थी कि 13 नवंबर को वह रोडवेज बस स्टैंड पर सवारी का इंतजार कर रही थी।तभी दो अज्ञात लड़के उसका मोबाइल फोन पोको सी 61 छीनकर फरार हो गए।पुलिस ने बीएनएस की धारा 304(2)के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की। विवेचक एसआई प्रवीण कुमार ने



बताया कि जांच के दौरान घटना में संलिप्त मोहल्ला पहाड़ी दरवाजा निवासी फैसल पुत्र सरफराज तथा शहजाद उर्फ छोटू पुत्र जलील अहमद के नाम प्रकाश में आए। मंगलवार को एसआई प्रवीण कुमार तथा हेड कांस्टेबल सन्नीराज तोमर व अमित कुमार ने फैसल व शहजाद उर्फ छोटू को गिरफ्तार कर उनके पास से छीना गया मोबाइल फोन पोको सी 61 बरामद कर लिया और घटना में प्रयुक्त बाइक यूके 07 एवी 3881 को सीज कर दिया। पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार युवकों ने बताया कि 13 नवंबर की शाम 6 बजे वे बाइक से तुलाराम की दुकान पर चाय पीने जा रहे थे तो रोडवेज बस स्टैंड के पास एक युवती को मोबाइल से बात करते हुए देख कर उनके मन में मोबाइल छीनने का लालच आ गया और वे मौका पाकर युवती का मोबाइल फोन छीन कर फरार हो गए।

खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत मौहम्मदपुर देवमल की चार ग्राम पंचायतों में कृषक जागरूकता कार्यक्रम विविधीकरण को बढ़ावा!

परवल, खीरा, गेहूं एवं सरसों की वैज्ञानिक खेती, मृदा स्वास्थ्य तथा संतुलित उर्वरक प्रयोग पर किसानों को दी गई जानकारी

दैनिक समाज जागरण
मुस्कान खान जनपद बिजनौर

बिजनौर जनपद बिजनौर में कृषि भूमि के संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य में सुधार तथा किसानों को आधुनिक एवं टिकाऊ कृषि पद्धतियों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से संचालित खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 17 नवंबर, 2026 को विकास खण्ड मौहम्म दपुर देवमल की ग्राम पंचायत खेड़की हेमराज, मुकीमपुर धारू, इस्लामपुर लालू एवं मिजार्पुर महेश में कृषक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में कृषि विज्ञान केंद्र, नगीना से कृषि वैज्ञानिक डॉ. पिंटू कुमार एवं डॉ. प्रतिमा गुप्ता ने प्रतिभाग किया। कृषि विभाग की ओर से आदित्य वीर, विषय वस्तु विशेषज्ञ, सन्नी मलिक, विषय वस्तु विशेषज्ञ, सुजीत कुमार, सहायक विकास अधिकारी (कृषि), गजेन्द्र कुमार, सहायक विकास अधिकारी (कृषि रक्षा) तथा विकास खण्ड मौहम्मदपुर देवमल के क्षेत्रीय कृषि कार्मिक एवं बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित रहे। सब्जी एवं रबी फसलों की वैज्ञानिक खेती पर विशेष चर्चा कार्यक्रम के दौरान कृषि वैज्ञानिकों द्वारा परवल एवं खीरे की उन्नत खेती, उचित फसल प्रबंधन, गुणवत्तायुक्त उत्पादन तथा फसल विविधीकरण के महत्व के संबंध में किसानों को जानकारी दी गई। साथ ही गेहूं एवं सरसों की रबी फसलों में समयानुसार बुवाई, संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन एवं वैज्ञानिक कृषि तकनीकों को अपनाने के बारे में विस्तार से बताया गया। कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को बताया कि परवल एवं खीरे जैसी सब्जी फसलों को अपनाकर किसान अपनी खेती में विविधता ला सकते हैं तथा स्थानीय बाजार की मांग के अनुरूप अतिरिक्त आय के अवसर विकसित कर सकते हैं। वहीं गेहूं एवं सरसों की फसलों में उन्नत कृषि तकनीकों का प्रयोग कर उत्पादन एवं उत्पादकता में सुधार किया जा सकता है। मृदा स्वास्थ्य संरक्षण एवं संतुलित उर्वरक प्रयोग किसानों को मृदा स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जागरूक करते हुए बताया गया कि मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के लिए मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों का प्रयोग करना आवश्यक है। नाइट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटाश का संतुलित उपयोग, जैविक खाद एवं हरी खाद को बढ़ावा देना तथा फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन मृदा स्वास्थ्य संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साथ ही किसानों को अनावश्यक एवं असंतुलित रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग से बचने तथा फसल की आवश्यकता के अनुसार पोषक तत्वों का प्रबंधन करने की सलाह दी गई, जिससे कृषि लागत में कमी के साथ-साथ मिट्टी की दीर्घकालिक उर्वरता भी बनी रहे। प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए किसानों को किया प्रेरित कार्यक्रम में प्राकृतिक खेती के महत्व, स्थानीय संसाधनों के उपयोग, मिट्टी की जैविक गुणवत्ता बनाए रखने तथा पर्यावरण अनुकूल कृषि पद्धतियों के संबंध में जानकारी दी गई। किसानों को प्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करने एवं टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। अंत में किसानों को संदेश दिया गया कि स्वस्थ मिट्टी, संतुलित उर्वरक प्रयोग, फसल विविधीकरण एवं प्राकृतिक खेती को अपनाकर ही कृषि को अधिक टिकाऊ, लाभकारी एवं भविष्य के लिए सुरक्षित बनाया जा सकता है। खेत बचाओ अभियान के माध्यम से कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा किसानों को वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों से जोड़ने, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण तथा कृषि भूमि की उत्पादकता बनाए रखने के लिए निरंतर जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में कृषकों की सहभागिता रही।

मोचीपुरा कट पर भयंकर एक्सीडेंट ड्राइवर के मामूली चोटे

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो
शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर

किरतपुर शाम के समय किरतपुर निवासी विकास कुमार पुत्र लाला संतोष निवासी कस्बा किरतपुर अपनी स्विफ्ट कर जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर वड 07अढ 7006 द्वारा नजीबाबाद से अपने घर किरतपुर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी कर मोची पूरा कट पर पहुंची तभी दूसरी ओर से आ रहा एक ट्रैक्टर ट्रॉली कट पार करते हुए स्विफ्ट कार से जा टकराया। जिससे ट्रैक्टर ट्रॉली काफी दूर जाकर पलट गई और स्विफ्ट कर के परखच्छे उड़ गए। परंतु दोनों ड्राइवरों के मामूली चोट आई है। जिससे वहां जमा भीड़ ने राहत की सांस ली जिसको भी एक्सीडेंट के बारे में पता चला क्षेत्रीय ग्रामीण घटना क्षेत्र की ओर दौड़ पड़े इससे घटनास्थल पर काफी भीड़ एकत्रित हो गई सड़क के दोनों और कुछ समय के लिए जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई भनेड़ा चौकी प्रभारी गौरव कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे । सड़क से दोनों वाहनों को हटवाते हुए भनेड़ा पुलिस चौकी पहुंचने की व्यवस्था की। एवं रोड को सुचारू रूप से चालू कराया

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक सम्पन्न

21, 22, 28 एवं 29 नवंबर को आयोजित होंगे विशेष अभियान दिवस

समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ
विजय कुमार अग्रहरी

सोनभद्र। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों की प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची की विधानसभा-वार प्रतियां राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई गईं। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 के आधार पर मतदाता सूची को शुद्ध, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत विशेष रूप से महिला मतदाताओं के नाम जोड़ने, जेंडर रेशियो में सुधार करने तथा 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा एवं अन्य पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे अपने स्तर से भी पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए जागरूक एवं प्रेरित करें। विशेष अभियान दिवसों पर अपने बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए) की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें, ताकि पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने, अपात्र प्रविष्टियों एवं त्रुटियों के निराकरण की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

जिलाधिकारी ने बताया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान दिनांक 17 नवंबर 2026 से 16 दिसंबर 2026 तक संचालित किया जाएगा। इस अवधि में मतदाता सूची से संबंधित दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। अधिकाधिक पात्र मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए 21 नवंबर, 22 नवंबर, 28 नवंबर एवं 29 नवंबर 2026 को विशेष अभियान दिवस निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने जनपद के सभी पात्र नागरिकों से अपील की कि वे आलेख्य मतदाता सूची का अवलोकन अवश्य करें तथा यदि उनका नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है अथवा किसी प्रकार की त्रुटि है, तो निर्धारित अवधि में आवश्यक प्रपत्र के माध्यम से अपना दावा अथवा आपत्ति प्रस्तुत करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि राजनीतिक दलों एवं आम नागरिकों की सक्रिय सहभागिता से ही शुद्ध, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। बैठक में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी से राजीव त्रिपाठी पीसीसी ऑब्जर्वर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी; समाजवादी पार्टी से राम निहोर यादव जिलाध्यक्ष; भारतीय जनता पार्टी से अनिल सिंह जिला मंत्री, सीपीआईएम से नंदलाल आर्य जिला मंत्री; आम आदमी पार्टी से श्री रमेश गौतम जिलाध्यक्ष तथा बहुजन समाज पार्टी से रामचन्द्र राय एवं श्री महेन्द्र भारती महासचिव विधानसभा उपस्थित रहे।

इस मौके पर अपर जिला अधिकारी वागीश कुमार शुक्ला, उप जिला धिकारी घोरावल विशाल सिंह, उप जिलाधिकारी घोरावल रवि पासवान, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी जगरूप सिंह पटेल एंव संबंधित निर्वाचन अधिकारी एवं मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू ने 13 सूत्रीय सौंपे दो ज्ञापन

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो
शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर

नगीना । भारतीय किसान यूनियन टिकैत की तहसील स्तरीय मासिक पंचायत मंगलवार को गन्ना समिति नगीना में तहसील अध्यक्ष सोनू विरक के नेतृत्व में आयोजित हुई। पंचायत में क्षेत्र के किसानों एवं संगठन के पदाधिकारियों ने एकजुट होकर किसानों और आमजन से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। पंचायत के उपरांत संगठन की ओर से उपजिलाधिकारी नगीना तथा सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति को अलग-अलग ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की गई* उपजिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में तहसील परिसर में अंश निर्धारण, दाखिल-खारिज, नाम दुरुस्ती, आय एवं जाति प्रमाणपत्र सहित विभिन्न राजस्व कार्यों में रिश्वतखोरी की लगातार मिल रही शिकायतों पर चिंता जताते हुए निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की गई। वहीं आपूर्ति कार्यालय में नए राशन कार्ड बनवाने के नाम पर कथित अवैध वसूली तथा गरीब परिवारों को मिलने वाले सरकारी राशन में घटतौली का मुद्दा भी जोरदार ढंग से उठाया गया। संगठन ने प्रति यूनिट निर्धारित पांच किलोग्राम खाद्यान्न पूरा दिलाने और विभागीय स्तर पर कमीशनखोरी के आरोपों की जांच कराने की मांग की। पंचायत में वन क्षेत्रों में रहने वाले सैकड़ों वन गुर्जर परिवारों की समस्याओं को भी गंभीरता से उठाया गया। संगठन ने इन परिवारों को आवासीय एवं कृषि पट्टे, प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड, आधार कार्ड सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग की। इसके अलावा पेट्रोल पंपों पर कथित घटतौली, गैस एजेंसियों द्वारा होम डिलीवरी के नाम पर अतिरिक्त वसूली, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से वंचित पात्र



किसानों को लाभ दिलाने तथा वन क्षेत्र से सटे गांवों में जंगली जानवरों और हाथियों से किसानों की फसलों एवं ग्रामीणों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग उठाई गई। इनायतपुर, चक उदयचंद उर्फ छायली, श्यालीपुर, कोटरा सादातपुर और गढ़ी सहित प्रभावित गांवों में वन सीमा पर तारबाड़ अथवा खाई बनवाने की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही। गन्ना किसानों के मुद्दे पर भी सरकार और समिति को घेरा सहकारी गन्ना विकास समिति के सचिव को सौंपे गए मांग पत्र में भाकियू ने वर्तमान पेराई सत्र के लिए गन्ने का मूल्य कम से कम 500 रुपये प्रति क्विंटल घोषित करने की मांग की। संगठन ने कहा कि खेती की लागत लगातार बढ़ रही है, ऐसे में किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलना बेहद जरूरी है। इसके साथ ही प्रेसमड (मैली) पर किसानों का पहला अधिकार सुनिश्चित करते हुए इसे निशुल्क उपलब्ध कराने, गन्ना क्रय केंद्रों पर घटतौली और तौल में हेराफेरी रोकने के लिए नियमित निरीक्षण कराने, समय से पर्चियां उपलब्ध कराने तथा एसएमएस नहीं मिलने की समस्या का समाधान करने की मांग की गई। गन्ना ढुलाई के जर्जर मार्गों की मरम्मत कराने और गन्ना वैरायटी के नाम पर किसानों को भ्रमित अथवा प्रताड़ित नहीं करने की मांग भी प्रमुखता से रखी गई। इस दौरान तहसील अध्यक्ष सोनू विरक ने कहा कि किसानों और गरीबों का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। तहसील से लेकर गन्ना समिति और वन क्षेत्र में रहने वाले परिवारों तक की समस्याओं का समाधान कराना संगठन की प्राथमिकता है।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों से मांगों को गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध कार्रवाई करने की अपेक्षा की। भाकियू ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का शीघ्र एवं ठोस समाधान नहीं किया गया तो संगठन किसानों के हितों में व्यापक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित विभागों एवं शासन-प्रशासन की होगी।

*मंडी समिति के गेट के पास रखे खोखे में लगाई आग, करीब दो लाख का नुकसान

पीड़िता ने दो लोगों के खिलाफ दी तहरीर*

दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर

नगीना । कोतवाली देहात रोड स्थित मंडी समिति के गेट के पास रखे खोखे में आग लग गई।दमकल विभाग नके पर पहुंच कर आग बुझाई। लाइनपार आजाद कॉलोनी निवासी ममता देवी पत्नी गौतम प्रकाश ने बताया कि पिछले पांच वर्षों से मंडी समिति गेट के पास उसका लोहे का खोखा है और उसके सामने उसका ठेला है। वह बीड़ी, सिगरेट, पान मसाला, गुटके, चिप्स, कुरकुरे, नमकीन और किराना का सामान बेचकर परिवार पालती है। सोमवार की शाम साढ़े छह बजे खोखा बंद कर चली गई थी। खोखे में न तो बिजली है और न ही कोई गैस सिलेंडर रहता है।शाम सात बजे उसे पता चला कि उसकी दुकान (खोखे) में आग लग गई है। वह अपने बेटे के साथ मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने मौके पर पहुंच कर आग बुझाई। मंगलवार को पुलिस को दी गई तहरीर में ममता देवी पत्नी गौतम प्रकाश ने मंडी समिति में कैंटीन चलाने वाले ब्रिजेश व जयपाल पुत्रगण मखन सिंह निवासी लाइनपार



आजाद कॉलोनी को नामजद करते हुए आरोप लगाया कि दोनों आए दिन परेशान करते हैं और शराब पी कर गंदी गंदी गालियां देते हैं तथा दो माह पूर्व उन्होंने खोखा हटाने के लिए दबाव बनाया था। इन्होंने ही खोखे में आग लगाई है। ममता ने बताया कि दो लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

शिक्षा बोर्ड ने हरियाणा मुक्त विद्यालय परीक्षा मार्च-2027 फ्रेश श्रेणी की बढ़ाई तिथि

- अब 06 दिसंबर तक 300 रुपए विलंब शुल्क के साथ कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

दैनिक समाज जागरण,
[[महेन्द्र जावला बहल]]

भिवानी, 17 नवंबर, 2026: हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष श्री शंकर लाल धूपड़ व सचिव श्री दीपक बाबूलाल करवा, भा.प्र.से. ने संयुक्त रूप से बताया कि हरियाणा मुक्त विद्यालय की सैकेंडरी एवं सीनियर सैकेंडरी परीक्षा मार्च-2027 के लिए फ्रेश श्रेणी के परीक्षार्थियों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि बिना विलंब शुल्क 31 अक्तूबर, 2026 निर्धारित की गई थी, जिसे अब बढ़ाकर 06 दिसंबर, 2026 कर दिया गया है। अतः ऐसे इच्छुक परीक्षार्थी, जो किसी कारणवश निर्धारित अवधि में अपना आवेदन नहीं कर पाए हैं, वे अब 06 दिसंबर, 2026 तक 300 रुपए विलंब शुल्क के साथ हरियाणा मुक्त विद्यालय की सैकेंडरी/सीनियर सैकेंडरी परीक्षा मार्च-2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने आगे बताया कि आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है। ऑनलाइन आवेदन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। इच्छुक परीक्षार्थी शिक्षा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www .bseh.o rg.inपर उपलब्ध संबंधित लिंक के माध्यम से निर्धारित समयावधि में आवेदन कर सकते हैं। परीक्षार्थियों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन करते समय अपने व्यक्तिगत विवरण, शैक्षणिक जानकारी एवं अन्य आवश्यक विवरण सावधानीपूर्वक दर्ज करें तथा आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करने उपरांत उसकी पुष्टि अवश्य कर लें।

उन्होंने कहा कि बोर्ड द्वारा यह अवसर परीक्षार्थियों की सुविधा एवं हितों को ध्यान में रखते हुए प्रदान किया गया है। उन्होंने पात्र परीक्षार्थियों से अपील की कि वे अंतिम तिथि की प्रतीक्षा न करते हुए निर्धारित समय से पहले अपना ऑनलाइन आवेदन पूर्ण कर लें, ताकि अंतिम समय में किसी प्रकार की तकनीकी अथवा अन्य असुविधा से बचा जा सके।

चेयरपर्सन नीलम धामा ने स्वगणना कर कस्बावासियों को किया प्रेरित

मोबाइल से स्वयं डाटा भरकर की स्वगणना अभियान की शुरूआत जनगणना महाअभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील

समाज जागरण

बागपत। खेकड़ा नगरपालिका चेयरपर्सन नीलम धामा ने मंगलवार को अपने मोबाइल से स्वगणना के तहत डाटा भरकर कस्बावासियों को इस अभियान में सहभागिता का संदेश दिया। उन्होंने लोगों से स्वगणना प्रक्रिया अपनाकर जनगणना महा अभियान को सफल बनाने की अपील की।जनगणना कार्य के तहत क्षेत्र में कर्मचारी घर-घर पहुंचकर लोगों से आवश्यक आंकड़े जुटाने में लगे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को चेयरपर्सन नीलम धामा ने नगर पालिका कार्यालय में अपने मोबाइल के माध्यम से स्वगणना की प्रक्रिया पूरी की। उन्होंने कहा कि स्वगणना के माध्यम से नागरिक स्वयं अपनी और अपने परिवार की जानकारी दर्ज कर सकते हैं। इससे जनगणना कार्य में जुटे कर्मचारियों का काम आसान होगा और प्रक्रिया को अधिक सुगम बनाया जा सकेगा। उन्होंने कस्बा वासियों से अपील की कि सभी लोग स्वगणना में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और देशहित में चल रहे इस महत्वपूर्ण अभियान में अपनी जिम्मेदारी निभाएं। जनगणना के सटीक आंकड़े विकास योजनाओं के निर्माण और उनके प्रभावी क्रियान्वयन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस दौरान नगरपालिका चेयरपर्सन प्रतिनिधि सुनील इंजीनियर, नीरज शर्मा समेत पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

हवा में जहर का असर अब जेब पर: प्रदूषण से जुड़े स्वास्थ्य बीमा दावे दोगुने, कामकाजी लोग अधिक प्रभावित

स्वास्थ्य बीमा के कुल दावों में प्रदूषण से जुड़े दावों की हिस्सेदारी बढ़कर वित्त वर्ष 2026 में 12 से 13 फीसदी हो गई जो वित्त वर्ष 2024 के 6 से 7 फीसदी थी। पॉलिसीबाजार के आंकड़ों के यह खुलासा हुआ है। इस दौरान ऐसे दावों की संख्या 4.3 गुना बढ़ी। मगर औसत दावा राशि मामूली बढ़त के साथ वित्त वर्ष 2026 में 62,662 रुपये हो गई जो वित्त वर्ष 2024 के करीब 60,000 रुपये थी। इससे पता चलता है कि दावों में बढ़ोतरी की मुख्य वजह इलाज का महंगा होना नहीं बल्कि मरीजों की संख्या में वृद्धि है।पॉलिसीबाजार के प्रमुख (स्वास्थ्य बीमा) सिद्धार्थ सिंघल ने कहा, ह्यपिछले चार वर्षों के दौरान प्रदूषण से जुड़े सांस एवं हृदय रोग संबंधी बीमा दावों में काफी बढ़ोतरी हुई है।

गोपाष्टमी पर गौमाता का पूजन कर खिलाए फल, लिया आशीर्वाद

नगरपालिका की गौशाला में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया पर्व
ईओ हरिलाल पटेल समेत कर्मचारियों ने की पूजा-अर्चना

समाज जागरण

बागपत। गोपाष्टमी का पर्व मंगलवार को खेकड़ा कस्बे में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगरपालिका के पेयजल परिसर स्थित गौशाला में गौमाता का विधि-विधान से पूजन किया गया। नगरपालिका अधिकारियों और कर्मचारियों ने गौमाताओं को माला पहनाकर तिलक किया तथा अपने हाथों से फल खिलाकर उनका आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी हरिलाल पटेल ने गौमाता की पूजा-अर्चना कर उनके



संरक्षण और सेवा का संकल्प लेने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में गौमाता का विशेष धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है। गोपाष्टमी पर भगवान श्रीकृष्ण और गौमाता की विशेष पूजा की जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण ने पहली बार गौचारण की जिम्मेदारी संभाली थी। तभी से यह पर्व गौसेवा और संरक्षण के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। इस दौरान गौशाला में गौमाताओं को फल खिलाए गए और उनकी सेवा की गई। कार्यक्रम में नीरज शर्मा समेत नगरपालिका के कर्मचारी मौजूद रहे।

लोकतंत्र की पाठशाला में चमकी प्रतिभाएं, निबंध में अजरा और क्विज में जुबैर अव्वल

-एसडीएम शिवाजी यादव एवं प्राचार्य डॉ. ओमप्रकाश के मार्गदर्शन में स्वीप शामली के अंतर्गत हुईं विधानसभा स्तरीय प्रतियोगिताएं

समाज जागरण

कैराना। लोकतंत्र के प्रति जागरूकता और निर्वाचन प्रणाली की समझ विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित विधानसभा स्तरीय निबंध एवं क्विज प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। निबंध प्रतियोगिता में अजरा मिर्जा ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि क्विज प्रतियोगिता में जुबैर ने बाजी मारी। मंगलवार को कस्बे के विजय सिंह पथिक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के अनुपालन में स्वीप के अंतर्गत विधानसभा स्तरीय निबंध एवं क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। उपजिलाधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी शिवाजी यादव तथा कॉलेज प्राचार्य डॉ.



ओमप्रकाश के मार्गदर्शन एवं जिला ईएलसी समन्वयक डॉ. डॉली व स्वीप समन्वयक नीरज विश्वकर्मा के निर्देशन में आयोजित प्रतियोगिताओं में कैराना विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। 'मतदान का महत्व' विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी लेखनी के माध्यम से लोकतंत्र में मताधिकार की महत्ता को अभिव्यक्त किया। वहीं, क्विज प्रतियोगिता में मतदाता सूची, ईवीएम, वीवीपैट, मतदान प्रक्रिया एवं मतगणना से संबंधित प्रश्नों के माध्यम से प्रतिभागियों के निर्वाचन संबंधी ज्ञान का परीक्षण किया गया। आयोजन का उद्देश्य युवाओं को सजग, शिक्षित एवं जागरूक मतदाता बनाकर लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए प्रेरित करना रहा। निर्णायक मंडल में डॉ. उत्तम कुमार एवं डॉ. डॉली शामिल रहे। निबंध प्रतियोगिता में विजय सिंह पथिक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की अजरा मिर्जा ने प्रथम, खुशी कश्यप ने द्वितीय तथा जाकिर मेमोरियल इंटर कॉलेज की सानिया ने तृतीय स्थान हासिल किया। एवरग्रीन पब्लिक स्कूल की आयशा ने चतुर्थ तथा सारा सरफराज ने पंचम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा, काजल, निकुंज, इरम, तरन्नुम एवं आरची ने शीर्ष दस विजेताओं में स्थान बनाया। वहीं, क्विज प्रतियोगिता में राजकीय इंटर कॉलेज इस्सोपुर खुरगान के जुबैर ने प्रथम तथा एवरग्रीन पब्लिक स्कूल की उसबा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सूफियान, शेखर सैनी, सिमरन, मोहम्मद साद, शिवम, आर्यन चौधरी एवं आसमा भी विजेताओं में शामिल रहे।

महा विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओमप्रकाश एवं खंड विकास अधिकारी सविता रानी ने विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान करके सम्मानित किया। जिला ईएलसी समन्वयक डॉ. डॉली ने बताया कि जनपद की तीनों विधानसभाओं शामली, कैराना एवं थानाभवन में विधानसभा स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से दोनों प्रतियोगिताओं के शीर्ष दस विजेता 19 नवंबर को वीवी इंटर कॉलेज शामली में आयोजित जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करेंगे।

युवती को होटल ले जाकर दुष्कर्म करने का आरोप, आरोपी युवक को जेल भेजा

-एक दिन पूर्व बुर्का पहनाकर युवती को ले जा रहे युवक को हिंदूवादी कार्यकर्ताओं ने पकड़कर पुलिस को सौंपा था

-पकड़े गए युवक पर युवती के परिजनों ने लगाया अनैतिक सम्बन्ध बनाने का आरोप

समाज जागरण



कैराना। युवती को होटल ले जाकर अनैतिक सम्बन्ध बनाने के आरोपी युवक को पुलिस ने चालान करके जेल भेज दिया है। युवक के विरुद्ध परिजनों की ओर से दुष्कर्म करने का मुकदमा दर्ज कराया गया है। आरोपी युवक को एक दिन पूर्व हिंदूवादी कार्यकर्ताओं ने बुर्का पहनाकर युवती को ले जाते हुए पकड़ा था। विगत सोमवार को कस्बे के पानीपत बाईपास पर स्थित अंडरपास के निकट से महंत योगी डॉ. गौतमनाथ व विश्व हिंदू परिषद तथा हिन्दू रक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने बाइक सवार एक युवक को पकड़ा था। आरोपी युवक बीए की छात्रा को बुर्का पहनाकर अपने साथ में ले जा रहा था। हिंदूवादी कार्यकर्ताओं ने युवक-युवती की जमकर धुनाई भी की थी, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर भी खूब वायरल है। युवती के परिजनों की ओर से आरोपी युवक के खिलाफ कोतवाली कैराना पर मुकदमा दर्ज कराया गया है। आरोप है कि आरोपी युवक उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ में होटल ले गया। जहां पर उसके साथ में अनैतिक सम्बन्ध बनाए। आरोपी युवक को पुलिस ने चालान करके जेल भेज दिया है।

जेल भेजे गए युवक का नाम व पता जैकब निवासी आर्यपुरी कस्बा कैराना बताया गया है। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि मामले में युवती के परिजनों की तहरीर पर आरोपी युवक के विरुद्ध दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया गया है। युवक को चालान करके जेल भेज दिया गया है।

एमआरएफ सेंटर के नीचे दबे कूड़े को तत्काल हटवाने की मांग, भाकियू (अखंड) ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

समाज जागरण



बागपत। नगर पालिका परिषद बागपत के एमआरएफ सेंटर के नीचे व आसपास जमीन में दबाए गए भारी मात्रा में कूड़े को लेकर भारतीय किसान यूनियन (अखंड) ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन जिलाध्यक्ष धीरेंद्र कसाना के नेतृत्व में तथा जिला संगठन मंत्री दिलशाद खान की देखरेख में सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि मामले की पूर्व में शिकायत हो चुकी है और प्रशासनिक जांच में भी स्थल पर जमीन में कूड़ा दबा पाया गया था, जिसकी जांच आख्या शासन को भेजी जा चुकी है। यूनियन का कहना है कि शासन स्तर पर जांच अपनी प्रक्रिया से चलती रहे, लेकिन जमीन में दबे कूड़े को हटवाने के लिए शासन के अंतिम निर्णय का इंतजार नहीं किया जाना चाहिए। यूनियन ने ज्ञापन में मांग की है कि जमीन में दबाए गए समस्त कूड़े को तत्काल खुदवाकर बाहर निकलवाया जाए और निकाले गए कूड़े का वैज्ञानिक एवं नियमानुसार निस्तारण कराया जाए। साथ ही संबंधित स्थल की मिट्टी और आसपास के भूजल की अधिकृत प्रयोगशाला से जांच कराई जाए, ताकि प्रदूषण की वास्तविक स्थिति सामने आ सके। ज्ञापन में यह भी मांग की गई है कि कूड़ा हटवाने के बाद स्थल की साफ-सफाई एवं पर्यावरणीय पुनर्स्थापना कराई जाए और की गई कार्रवाई की लिखित जानकारी यूनियन एवं जनपद की जनता को दी जाए, ताकि मामले में पारदर्शिता बनी रहे। पदाधिकारियों ने चिंता जताई कि जमीन में दबे कूड़े से निकलने वाला दूषित तरल पदार्थ (लीचेट), दुर्गंध और हानिकारक गैसें मिट्टी एवं भूजल को प्रदूषित कर सकती हैं, जिससे बच्चों, बुजुर्गों, किसानों और आसपास रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ने तथा संक्रामक बीमारियों और आग लगने का खतरा बढ़ने की आशंका है।इस दौरान जिला कार्यालय प्रभारी वाजिद खान, जिला सचिव इस्लाम अल्वी तथा कार्यकर्ता गौरव कसाना, आदिल खान और शाहरुख खान मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष धीरेंद्र कसाना एवं जिला संगठन मंत्री दिलशाद खान ने कहा कि यह मामला राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का नहीं, बल्कि बागपत की जनता के स्वास्थ्य, स्वच्छ पर्यावरण और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से जुड़ा है। प्रशासन को केवल जांच रिपोर्ट भेजने तक सीमित न रहकर धरातल पर तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए।

एनसीसी कैडेटों ने रैली निकालकर दिया मतदान का संदेश

-एमएम इंटर कॉलेज में स्वीप के तहत हुई रंगोली प्रतियोगिता

-विजेता छात्राओं को किया गया सम्मानित, मतदान के प्रति किया जागरूक

समाज जागरण



बागपत। विधानसभा चुनावों में अधिकाधिक मतदान सुनिश्चित करने और मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार को कस्बे के एमएम इंटर कॉलेज में स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गति विधियां आयोजित की गईं। एनसीसी कैडेटों ने जागरूकता रैली निका लकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया, वहीं छात्राओं ने रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से मतदान का महत्व समझाया। मतदाता जागरूकता रैली का शुभारंभ न्यायिक तहसीलदार अनुजा अत्री ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली में शामिल एनसीसी कैडेटों ने कस्बे के प्रमुख मार्गों का भ्रमण किया और लोगों को लोकतंत्र में मतदान की महत्ता बताई। कैडेटों ने संदेश दिया कि मजबूत लोकतंत्र के लिए प्रत्येक मतदाता की भागीदारी जरूरी है। इसके बाद विद्यालय परिसर में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें छात्राओं ने आकर्षक रंगोलियां बनाकर मतदाता जागरूकता, लोकतांत्रिक अधिकार और मतदान के महत्व को दर्शाया। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य जितेंद्र सिंह समेत विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

उ० प्रा० विद्यालय में अर्धवार्षिक परीक्षा सुव्यवस्थित रूप से जारी

समाज जागरण

बागपत। उच्च प्राथमिक विद्यालय वाजिदपुर में अर्धवार्षिक परीक्षा का आयोजन सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण ढंग से कराया जा रहा है। परीक्षा को लेकर छात्र-छात्राओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है और सभी ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। विद्यालय प्रशासन द्वारा परीक्षा को निष्पक्ष, नकलविहीन एवं पारदर्शी रूप से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। परीक्षा कक्षों में बैठने की उचित व्यवस्था, प्रकाश एवं शांति का विशेष ध्यान रखा गया है। प्रधानाध्यापक ऐश्वर्या ने बताया कि अर्धवार्षिक परीक्षा विद्यार्थियों के शैक्षिक स्तर, विषय संबंधी समझ



और सीखने की प्रगति का मूल्यांकन करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धियों का आकलन किया जाता है और जहाँ कमजोरी पाई जाती है, वहाँ आवश्यकतानुसार सुधारात्मक प्रयास किए जाते हैं, ताकि वार्षिक परीक्षा में छात्र बेहतर प्रदर्शन कर सकें।उन्होंने बताया कि परीक्षा का आयोजन विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं के सहयोग से कराया जा रहा है और सभी शिक्षक पूरी निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं।

दृष्टि आईएएस टीम ने विद्यार्थियों को करियर एवं भविष्य की संभावनाओं के प्रति किया जागरूक

समाज जागरण



बिनौली। गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल, जीवाना में कक्षा 11 एवं 12 के छात्र-छात्राओं के लिए दृष्टि आईएएस की टीम द्वारा विशेष करियर मार्गदर्शन एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में दृष्टि आईएएस की फैकल्टी शिवानी वत्स, कृष्ण कांत, प्रवीण सिंह एवं तुषार गोयल ने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, करियर विकल्पों एवं भविष्य की संभावनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि 12वीं के बाद अपनी रुचि, क्षमता एवं लक्ष्य के अनुसार किस प्रकार सही कोर्स और करियर का चुनाव किया जा सकता है। साथ ही यूपीएससी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, विषयों के चयन और भविष्य की बेहतर योजना बनाने के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए।कार्यक्रम के अंत में आयोजित क्विज प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कनिका राणा, पारस जैन, विदुषी सोती, अंशिका एवं वंश पांचाल सहित अन्य विद्यार्थियों को मेडल एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधक डॉ. अनिल आर्य ने कहा कि विद्यार्थियों को समय रहते करियर के विभिन्न विकल्पों की जानकारी देना बेहद आवश्यक है, जिससे वे अपने भविष्य के लिए सही दिशा का चुनाव कर सकें। इस अवसर पर प्रधानाचार्य पवन कुमार त्यागी, उप प्रधानाचार्य डॉ. सुशील वत्स, गुड़िया खोखर, मनदीप सिंह सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक एवं स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

साइबर अपराध जागरूकता अभियान सफलतापूर्वक संपन्न

समाज जागरण



बागपत। दिगंबर जैन इंटर कॉलेज, गांधी रोड बड़ौत में डिजिटल सुरक्षा एवं साइबर अपराधों के प्रति आम जन को जागरूक करने के उद्देश्य से साइबर क्राइम जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में डॉ अभिनव तोमर उपस्थित रहे। अभियान के दौरान साइबर अपराधों से बचाव, ऑनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी कॉल, साइबर ठगी, सोशल मीडिया सुरक्षा एवं डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित उपयोग के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम में पुलिस विभाग की ओर से उपनिरीक्षक उपदेश शर्मा, उपनिरीक्षक बिरजू शर्मा, मुख्य आरक्षी रविशंकर ग्वाला, आरक्षी अजीत कुंतल,आरक्षी रवि यादव, आरक्षी विपिन भाटी, आरक्षी आशुतोष दुबे, आरक्षी रोहित नागर आदि अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति रही। इसके अतिरिक्त गुलफशा राजपूत एवं साकिब मलिक की सक्रिय सह भागिता रही। कार्यक्रम का आयोजन एवं संपूर्ण प्रबंधन साकिब मलिक द्वारा किया गया। अभियान के माध्यम से युवाओं एवं आमजन को साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने, अपनी व्यक्तिगत जानकारी सुरक्षित रखने तथा किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी से बचने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों, पुलिस अधिकारियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया।

घटयात्रा के साथ बड़ागांव में श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान का शुभारंभ

बैंडबाजों के साथ महिलाओं ने निकाली घटयात्रा, श्रीजी का अभिषेक कर की विश्व शांति की कामना

24 नवंबर तक चलेगा धार्मिक आयोजन, देशभर से शामिल होंगे श्रद्धालु

समाज जागरण



बागपत। बड़ागांव स्थित श्री पार्श्व नाथ दिगंबर जैन बड़े मंदिर में मंगलवार को अष्टान्हिका महापर्व के पावन अवसर पर श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान का भव्य शुभारंभ हुआ। धार्मिक आयोजन की शुरूआत बैंडबाजों के साथ निकाली गई घटयात्रा से हुई। इसमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए भगवान के जयकारे लगाए। घटयात्रा के दौरान पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल में नजर आया। मंगलवार सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो गई थी। विधि-विधान के साथ श्रीजी का अभिषेक किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान में भाग लिया तथा सुख-समृद्धि, विश्व शांति और सर्वमंगल की कामना की। धार्मिक अनुष्ठानों के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। मंदिर समिति के सुभाष चंद जैन ने बताया कि विधान में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए ठहरने और भोजन की समुचित व्यवस्था की गई है। खेकड़ा से बड़ागांव आने-जाने के लिए वाहनों की व्यवस्था भी की गई है, जिससे श्रद्धालुओं को आवागमन में परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान 24 नवंबर तक आयोजित होगा। इसमें देशभर से जैन धर्मावलंबी शामिल होकर धर्मलाभ प्राप्त करेंगे। आयोजन में संजीव जैन, सुनीता जैन, आदित्य, मनन, मुकेश जैन, प्रभात जैन, स्वाति और सम्यक सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

ऊंचागांव में निमार्णाधीन पीएसी बटालियन के निरीक्षण पर पहुंचे डीजी पीएसी

-डीजी आलोक सिंह ने करीब दो घंटे तक की निर्माण कार्यों की समीक्षा, आवास, बिजली और पेयजल समेत समुचित व्यवस्थाओं को बेहतर करने पर दिया जोर

-बटालियन का 87 फीसदी निर्माण कार्य पूरा, 2027 में होगा शुभारंभ, 65 एकड़ एरिया में आकार ले रही पीएसी बटालियन

समाज जागरण वाजिद अली

कैराना। कैराना-कांधला मार्ग पर ऊंचागांव में निमार्णाधीन पीएसी बटालियन का निर्माण कार्य पूरा होने जा रहा है। करीब 65 एकड़ भूमि पर आकार ले रही पीएसी बटालियन का लगभग 87 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। लखनऊ स्थित पीएसी मुख्यालय से पहुंचे महा निदेशक(डीजी) पीएसी आलोक सिंह ने निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने निर्माणदायी संस्था एवं संबंधित अधिकारियों को शेष निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए है। मंगलवार को निमार्णाधीन पीएसी बटालियन परिसर में पहुंचे डीजी आलोक सिंह का बैंड की धुन के साथ स्वागत करते हुए सलामी दी गई। इसके उपरांत, डीजी ने पीएसी एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ में बैठक करके निमार्णाधीन आवासीय एवं अनावा सीय भवनों की प्रगति की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने करीब दो घंटे तक निर्माण कार्यों एवं प्रस्तावित व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी हासिल की। बैठक के उपरांत उन्होंने निमार्णाधीन परिसर का स्थलीय निरीक्षण भी किया। इस दौरान डीजी पीएसी ने प्रत्येक आवासीय ब्लॉक में जवानों के रहने की क्षमता के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। इसके अलावा विद्युत आपूर्ति, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्थाओं के संबंध में भी पता किया। उन्होंने जवानों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सभी सुविधाओं के समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। डीजी ने बताया कि करीब 65 एकड़ क्षेत्रफल में पीएसी बटालियन के आवासीय एवं अनावासीय भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। अब तक लगभग 87 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। कुछ अनावासीय भवनों के निर्माण की प्रगति संतोषजनक है। शेष निर्माण कार्यों में तेजी लाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। निर्माणदायी संस्था को शेष कार्य शीघ्र पूर्ण कराने को कहा गया है। अगले वर्ष पीएसी बटालियन का शुभारंभ होगा। इस अवसर पर मुरादाबाद जोन के आईजी डॉ. मनोज कुमार, मेरठ सेक्टर की डीआईजी कल्पना सक्सेना, छठी वाहिनी पीएसी मेरठ के सेनानायक प्रेमचंद तथा लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता मोहम्मद आरिफ मौजूद रहे। वहीं, सुरक्षा-व्यवस्था के दृष्टिगत कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार भी मुस्तैद नजर आए।

फूड कार्निवाल में विद्यार्थियों ने सजाए व्यंजनों के स्टॉल, चखा लजीज स्वाद

- डीपीएस कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल में हुआ आयोजन, अभिभावकों ने बच्चों की प्रतिभा को सराहा

समाज जागरण

बागपत। खेकड़ा कस्बे के डीपीएस कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल में मंगलवार को फूड कार्निवाल का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के लजीज व्यंजन तैयार कर आकर्षक स्टॉल लगाए। अभिभावकों और शिक्षकों ने व्यंजनों का स्वाद चखकर बच्चों की पाक कला और रचनात्मक प्रतिभा की सराहना की। कार्निवाल में कीर्ति, अंजुम, दक्ष, अक्ष, टीपू, सिद्धार्थ, साक्षी, श्रद्धा, तनिष्क, गुनगुन, अर्णव, अशिका, नीतिका और



आसमा सहित अनेक छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों ने अपने स्टॉल पर चाट, समोसे, गोलगप्पे, पेस्ट्री, बर्गर और पाव भाजी समेत कई स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किए। रंगबिरंगे स्टॉल और लजीज व्यंजनों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। अभिभावकों और शिक्षकों ने बच्चों द्वारा बनाए गए व्यंजनों का स्वाद चखा और उनकी मेहनत की सराहना करते हुए उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और व्यवहारिक कौशल विकसित करना रहा। इस दौरान प्रधानाचार्य सुनीता सिंघल, प्रबंधक अभिलेश सिंघल, बबली, रितु, मोहित, अंजलि और अंशु सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

गोवर्धन रथयात्रा की आकर्षक झांकियों के विजेता सम्मानित

प्रथम विजेता को 21 हजार और द्वितीय विजेताओं को 16-16 हजार रुपये की नगद राशि दी

शील्ड देकर बढ़ाया झांकी समूहों का उत्साह

समाज जागरण



बागपत। खेकड़ा कस्बे में गोवर्धन पूजा के अवसर पर निकाली गई भव्य गोवर्धन रथयात्रा में आकर्षक झांकियां प्रस्तुत करने वाले समूहों को मंगलवार को सम्मानित किया गया। गोवर्धन रथयात्रा समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में विजेता झांकी समूहों को नगद पुरस्कार और शील्ड देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।समिति पदाधिकारी अरविंद धामा और सुभाष धामा ने बताया कि गोवर्धन पूजा के दिन कस्बे में भव्य रथयात्रा निकाली गई थी। इसमें विभिन्न झांकी समूहों ने धार्मिक और मनमोहक प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं का मन मोह लिया था। झांकियों के प्रदर्शन के आधार पर विजेताओं का चयन किया गया। उन्होंने बताया कि प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले झांकी समूह के लोकेन्द्र धामा और सचिन पांचाल को 21 हजार रुपये की नगद राशि और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। वहीं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले रोहित यादव, रविंद्र धामा और रामकुमार पांचाल की तीन झांकियों को प्रत्येक को 16 हजार रुपये और शील्ड प्रदान की गई। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि धार्मिक आयोजनों में झांकियां भारतीय संस्कृति और परंपराओं को जीवंत रखने के साथ ही नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने का माध्यम हैं। कार्यक्रम में सुधीर धामा, गोपाल धामा, अशोक श्रीवास्तव, मोहन बेदी, दीपक धामा, दीपक शर्मा सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

मुठभेड़ के बाद फरार 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

मुबारिकपुर गांव के जंगल में पुलिस ने घेराबंदी कर दबोचा

अवैध तमंचा और खोखा कारतूस बरामद, कई गंभीर मुकदमे हैं दर्ज

समाज जागरण

बागपत। खेकड़ा कोतवाली पुलिस ने मुठभेड़ के बाद फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश को मुबारिकपुर गांव के जंगल से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 315 बोर का अवैध तमंचा और एक खोखा कारतूस बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपी कई गंभीर आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। कोतवाली प्रभारी आशीष पुंडीर ने बताया कि गत 29 अगस्त को खेकड़ा पुलिस की बदमाशों के साथ मुठभेड़ हुई थी। इस दौरान पुलिस ने कमालपुर, थाना पिलखुआ, जनपद हापुड़ निवासी रिजवान को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया था, जबकि उसके तीन साथी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए थे। फरार आरोपियों में फिरोज भी शामिल था। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक बागपत की ओर से 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। मंगलवार को मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने मुबारिकपुर गांव के जंगल में घेराबंदी कर फिरोज को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मूल रूप से फरूखनगर, थाना टीलामोड़, जनपद गाजियाबाद का निवासी है। पुलिस के अनुसार वह शातिर अपराधी है और उसके खिलाफ विभिन्न थानों में कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस आरोपी के आपराधिक इतिहास की भी जानकारी जुटा रही है।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण में खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज में।
समाज जागरण
बिज़नेस बढ़ाने का महा-उत्सव!
अब हर घर गूंजेगा आपके ब्रांड का नाम!
मात्र ₹5,000 में, पूरे 1 महीने फ्रंट पेज पर!
Prime Location: Front Page Strip (Front Strip - 4cm x 12cm)
Mass Reach: Delhi-NCR, UP, Bihar, MP, Rajasthan

नोएडा प्राधिकरण में प्रवेश पास के लिए लंबी कतारें, लोगों ने उठाए सवाल

चार काउंटर होने के बावजूद सभी पर नहीं हो रहा काम, बुजुर्गों और महिलाओं को परेशानी

समाज जागरण संवाददाता

नोएडा। सेक्टर-96 स्थित नोएडा प्राधिकरण के मुख्य प्रशासनिक भवन में प्रवेश पास बनवाने के लिए लोगों को घंटों कतार में खड़ा होना पड़ रहा है। ग्राम विकास संगठन के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अशोक चौहान ने इस व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए प्राधिकरण के अधिकारियों से सभी काउंटर चालू कराने की मांग की है।

अशोक चौहान के अनुसार प्राधिकरण के स्वागत कक्ष में प्रवेश पास बनवाने के लिए पहुंचे तो वहां महिला, पुरुष और बुजुर्गों की लंबी कतारें लगी थीं। उनका कहना है कि प्रवेश पास बनाने के लिए चार काउंटर बनाए गए हैं, लेकिन सभी काउंटरों पर काम नहीं हो रहा था। इस संबंध में स्टाफ से पूछने पर उन्हें बताया गया कि पर्याप्त कर्मचारी और सिस्टम उपलब्ध नहीं हैं तथा कुछ कंप्यूटर खराब हैं। इसके कारण लोगों को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ रहा है।

अशोक चौहान ने कहा कि कई बार लोग जनसुनवाई के उद्देश्य से प्राधिकरण पहुंचते हैं, लेकिन पास बनवाने में ही उनका काफी समय निकल जाता है। उन्होंने अधिकारियों से चारों काउंटरों पर पर्याप्त स्टाफ और कंप्यूटर उपलब्ध कराने की मांग की है। उन्होंने यह सवाल भी उठाया कि ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण में प्रवेश के लिए ऐसी पास व्यवस्था नहीं है, तो नोएडा प्राधिकरण में इसे जारी रखने की आवश्यकता क्यों है। उन्होंने तीनों प्राधिकरणों में प्रवेश व्यवस्था को समान बनाने की मांग की।

मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन, 16 दिसंबर तक दर्ज कराएं दावे-आपत्तियां

21, 22, 28 और 29 नवंबर को मतदान केंद्रों पर मौजूद रहेंगे बीएलओ

समाज जागरण संवाददाता

गौतमबुद्धनगर। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 17 नवंबर को आलेख्य मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया। अब मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, अपात्र नाम हटवाने और विवरण में संशोधन कराने के लिए 17 नवंबर से 16 दिसंबर 2026 तक दावे एवं आपत्तियां दर्ज कराई जा सकेंगी।

जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रतिनिधियों को विधानसभा क्षेत्रवार मतदाता सूची की बूथवार मुद्रित और डिजिटल प्रतियां उपलब्ध कराई गईं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आलेख्य मतदाता सूची संबंधित तहसील कार्यालयों, पदाभिहित स्थलों और मतदान केंद्रों पर आमजन के अवलोकन के लिए उपलब्ध रहेगी। मतदाता अपने मतदान केंद्र पर जाकर अपना और परिवार के सदस्यों का नाम देख सकते हैं। मतदाताओं की सुविधा के लिए 21, 22, 28 और 29 नवंबर को विशेष अभियान दिवस आयोजित किए जाएंगे। इन दिनों मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

नया नाम जुड़वाने के लिए फार्म-6, नाम हटवाने के लिए फार्म-7 तथा मतदाता सूची में संशोधन, पहचान पत्र के प्रतिस्थापन या निवास परिवर्तन के लिए फार्म-8 भरा जा सकता है। ऑनलाइन आवेदन https://voters.eci.gov.in के माध्यम से भी किया जा सकता है। प्राप्त दावों और आपत्तियों का निस्तारण 28 दिसंबर तक किया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 4 जनवरी 2027 को होगा।

जनपद में 15.27 लाख से अधिक मतदाता

जनपद की तीन विधानसभा सीटों पर कुल 15,27,428 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें नोएडा विधानसभा क्षेत्र में 5,93,236, दादरी में 6,17,352 और जेवर में 3,16,840 मतदाता शामिल हैं।

निर्वाचन संबंधी जानकारी और सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 1950 तथा 0120-2978702 जारी किए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने पात्र नागरिकों से मतदाता सूची में अपना नाम जांचने और आवश्यकता पड़ने पर निर्धारित समय में आवेदन करने की अपील की है।

जेवर में साइड देने के विवाद में फायरिंग का आरोपी आकाश गिरफ्तार

पुलिस ने तमंचा, दो जिंदा कारतूस और एक खोखा किया बरामद

समाज जागरण संवाददाता

गौतमबुद्धनगर। जेवर थाना क्षेत्र में साइड देने को लेकर हुए विवाद के बाद फायरिंग कर दो लोगों को घायल करने के मामले में पुलिस ने वांछित आरोपी आकाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त .32 बोर का तमंचा, दो जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया है। पुलिस के अनुसार 17 नवंबर को शिकायतकर्ता ने तहरीर देकर बताया था कि साइड देने को लेकर आरोपियों का उसके और उसके दोस्तों से विवाद हुआ। आरोप है कि इसी दौरान जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गई, जिसमें शिकायतकर्ता और उसका एक दोस्त घायल हो गया। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

मामले में मुकदमा दर्ज करने के बाद थाना जेवर पुलिस ने वांछित आरोपी आकाश पुत्र शीशपाल निवासी ग्राम गढ़ी, थाना जेवर को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ जेवर थाने में दर्ज वर्तमान मुकदमे के अलावा वर्ष 2024 और 2021 के मामले तथा हापुड़ देहात थाने में वर्ष 2023 के मामले भी दर्ज हैं। बरामदगी के आधार पर मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

जारचा पुलिस ने अवैध तमंचे और कारतूस के साथ युवक को पकड़ा

उपरालसी सड़क के पास से हुई गिरफ्तारी

समाज जागरण संवाददाता



गौतमबुद्धनगर। जारचा थाना पुलिस ने स्थानीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध तमंचे और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से .315 बोर का एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार 16 नवंबर को स्थानीय खुफिया जानकारी और गोपनीय सूचना के आधार पर उपरालसी सड़क के पास कार्रवाई की गई। इस दौरान करण पुत्र सूरज निवासी ग्राम ककराना, थाना धौलाना, जनपद हापुड़ को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जारचा थाने में मुकदमा संख्या 206/2026 के तहत आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 में मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी की उम्र लगभग 24 वर्ष बताई गई है। पुलिस मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई कर रही है।

बृजेश पाठक जहां से लड़ेंगे चुनाव, वहीं से मैदान में उतरेंगे अलंकार अग्निहोत्री!

लखनऊ, समाज जागरण। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 से पहले राजनीतिक हलचल तेज होने लगी है। राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा (आरएएम) के संस्थापक अलंकार अग्निहोत्री को लेकर एक नया चुनावी ऐलान सोशल मीडिया पर चर्चा में है। एक्स पर साझा की गई एक पोस्ट के मुताबिक, अग्निहोत्री ने घोषणा की है कि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक जिस विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे, वह भी उसी सीट से चुनाव मैदान में उतरेंगे।

विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियां तेज, सेक्टर और पुलिस अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

संवेदनशील और क्रिटिकल मतदान केंद्रों की पहचान पर जोर

समाज जागरण संवाददाता

गौतमबुद्धनगर। विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा के सभागार में सेक्टर ऑफिसर और सेक्टर पुलिस ऑफिसर का प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित प्रशिक्षण में नोएडा, दादरी और जेवर विधानसभा क्षेत्रों के लिए नामित अधिकारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को संवेदनशीलता मानचित्रण, क्रिटिकल पोलिंग स्टेशन की पहचान और मतदान केंद्रों के भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। इसके साथ ही मतदान केंद्रों पर पेयजल, बिजली, शौचालय और रैंप जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ अपने आवंटित क्षेत्रों में निर्वाचन संबंधी तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूरी करें। नियमित क्षेत्र भ्रमण और प्रभावी कार्ययोजना के माध्यम से मतदान व्यवस्था को सुचारु बनाया जाए, ताकि प्रत्येक मतदाता को सुरक्षित और सुगम मतदान की सुविधा मिल सके।

इस अवसर पर सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी दादरी अरुण कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

मथुरा में भाजपा के मंथन पर सपा का तंज: प्रदीप चौधरी ने कहा- यह 'चिंतन नहीं 2027 की हार की 'चिंता बैठक'

प्रवीण मिश्रा समाज जागरण

मथुरा/ भारतीय जनता पार्टी प्रदेश सरकार द्वारा मथुरा में आयोजित किए जा रहे तीन दिवसीय कार्यक्रम को लेकर स्थानीय राजनीति में बयानबाजी तेज हो गई है। समाजवादी पार्टी के नए जिला अध्यक्ष प्रदीप चौधरी ने भाजपा की इस बैठक पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे 'चिंतन बैठक' के बजाय 'चिंता बैठक' करार दिया है। सपा नेता ने प्रदेश सरकार के दस वर्षों के कार्यकाल की समीक्षा करते हुए रोजगार, किसान और स्थानीय बुनियादी सुविधाओं के मुद्दों पर सत्ता पक्ष को घेरा है।

प्रदीप चौधरी के अनुसार, जनता के सवालों से घिरी है सरकार मथुरा में पत्रकारों से मुखातिब होते हुए सपा अध्यक्ष प्रदीप चौधरी ने कहा कि पिछले एक दशक में उत्तर प्रदेश की जनता जिन चुनौतियों से जूझी है, आज सरकार के पास उनके जवाब नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि 2027 के आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए सत्ताधारी दल को अपनी संभावित राजनीतिक हार की चिंता सता रही है, और इसी घबराहट को छिपाने के लिए चिंतन बैठक के नाम पर राजनीतिक कवायद की जा रही है।

सपा नेता ने अपने बयान में प्रदेश के विभिन्न वर्गों से जुड़े मुद्दे उठाते हुए



निम्नलिखित आरोप लगाए युवा और रोजगार: प्रदीप चौधरी ने दावा किया कि पिछले वर्षों में प्रदेश में 20 से अधिक पेपर लीक की घटनाओं ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के भविष्य और मेहनत को प्रभावित किया है सामाजिक न्याय और सम्मान: उन्होंने कहा कि प्रदेश में दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्ग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

उन्होंने दावा किया कि राज्य भर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 200 से अधिक प्रतिमाओं को क्षतिग्रस्त करने की घटनाओं से दलित समाज की भावनाएं आहत हुई हैं किसानों की समस्या आवारा पशुओं और सांडों के मुद्दे को उठाते हुए सपा अध्यक्ष ने कहा कि अन्नदाता अपनी फसलों को बचाने के लिए रात-रात भर जागने को मजबूर है, लेकिन प्रशासन के पास इसका कोई स्थायी समाधान नहीं दिखता।

मथुरा के स्थानीय विकास दावों पर उठाए सवाल

जिला अध्यक्ष ने स्थानीय मुद्दों का जिक्र करते हुए कहा कि मथुरा के विकास को लेकर बीते दस वर्षों में बड़े-बड़े दावे किए गए, लेकिन धरातल पर स्थिति इसके विपरीत है। प्रदीप चौधरी के अनुसार, यमुना नदी में प्रदूषण की समस्या आज भी जस की तस बनी हुई है और शहर की यातायात व्यवस्था व जाम के झाम से आम नागरिक त्रस्त हैं। उन्होंने अंत में कहा कि प्रदेश का किसान, नौजवान और वंचित समाज अब अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो चुका है और आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता इन तमाम मुद्दों पर अपना फैसला सुनाएगी।

मथुरा में भाजपा की दो दिवसीय प्रदेश योजना बैठक संपन्न, बूथ सशक्तीकरण पर जोर

मथुरा, समाज जागरण संवाददाता। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव-2027 की तैयारियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी की दो दिवसीय प्रदेश योजना बैठक मंगलवार को मथुरा के परखम स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय गो-विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र में संपन्न हुई। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत शीर्ष नेतृत्व ने आगामी तीन महीनों की संगठनात्मक कार्ययोजना, बूथ प्रबंधन और सहयोगी दलों के साथ समन्वय की रणनीति पर चर्चा की।



बूथ स्तर तक पहुंचाने का आह्वान

बैठक के दूसरे दिन राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने पदाधिकारियों और कार्यकताओं से चुनावी तैयारियों को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की सबसे बड़ी ताकत हैं और उनके परिश्रम से ही पार्टी को जनविश्वास मिलता है। उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने की जिम्मेदारी कार्यकताओं को सौंपी। उन्होंने दावा किया कि सरकारों के विकास कार्यों के आधार पर भाजपा वर्ष 2027 में लगातार तीसरी बार उत्तर प्रदेश की सत्ता में वापसी करेगी।

विपक्षी दलों पर साधा निशाना

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं मंत्री पंकज चौधरी ने विपक्षी दलों की रणनीति पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, कांग्रेस, आजाद समाज पार्टी और एआईएमआईएम सहित किसी भी विपक्षी दल के पास प्रदेश के विकास के लिए ठोस विकल्प नहीं है। उन्होंने बताया कि भाजपा महिला, गरीब, युवा और किसान वर्ग से जुड़ी सरकारी योजनाओं को लेकर जनता के बीच जाएगी।

संगठन और सरकार के तालमेल पर मंथन

पार्टी के मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा के अनुसार, बैठक में क्षेत्रवार चुनावी रणनीति, जनप्रतिनिधियों और संगठन के बीच तालमेल तथा सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने जैसे विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। बैठक की शुरूआत में नेताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा और विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय अशोक सिंघल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष, प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े, राष्ट्रीय महामंत्री स्मृति ईरानी, हरीश द्विवेदी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह सहित पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

2027 के लिए संगठन को सक्रिय करने की कवायद

2024 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में अपेक्षित परिणाम नहीं मिलने के बाद भाजपा ने 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी बूथ प्रबंधन, सरकारी योजनाओं के प्रचार और संगठनात्मक समन्वय के जरिए लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल करने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है। वहीं, विपक्षी दल भी अपने सामाजिक और राजनीतिक समीकरण मजबूत करने में जुटे हैं। ऐसे में मथुरा की यह बैठक भाजपा के चुनावी रोडमैप और संगठन को सक्रिय करने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

नगर निगम में संभव जनसुनवाई में पहुंचा 16 जन शिकायत 2 का मौके पर समाधान कराया गया

समाज जागरण संवाददाता

मथुरा/ मंगलवार को नगर निगम के तीनों जोनों में 'संभव' जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 16 फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराईं, जिनमें से दो मामलों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। शेष 14 प्रकरणों को समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित अनुभागों को अग्रसारित कर दिया गया है भूतेश्वर जोन में सबसे अधिक 10 शिकायतें

सुबह 10 बजे से भूतेश्वर स्थित निगम मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई में महाप्रबंधक (जलकल) मोहम्मद अनवर ख्वाजा और अधिशासी अभियंता (निर्माण) अमरेंद्र गौतम ने फरियादियों की बात सुनी। यहां



सर्वाधिक 10 शिकायतें पहुंचीं, जिनका विवरण इस प्रकार रहा सफाई व कर विभाग: 3-3 शिकायतें पथ प्रकाश (लाइट): 2 शिकायतें जलकल व जन्म प्रमाण पत्र 1-1 शिकायत अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सफाई और स्ट्रीट लाइट से जुड़ी एक-एक समस्या का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित कराया। वृंदावन और सिटी जोन का हाल वृंदावन जोनल कार्यालय में सहायक नगर आयुक्त अनुज कौशिक ने जनसुनवाई की कमान संभाली। यहां कुल 6 मामले सामने आए, जिनमें पेयजल आपूर्ति, सीवर और स्ट्रीट लाइट की 2-2 शिकायतें शामिल रहीं। दूसरी ओर, सिटी जोन के अंतर्गत जनरल गंज कार्यालय में अवर अभियंता (जलकल) अजय कुमार ने नागरिक समस्याएं सुनीं जनसुनवाई के समापन पर अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि लंबित सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर पोर्टल पर रिपोर्ट अद्यतन की जाए, ताकि नागरिकों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

मुख्यमंत्री के दौरे और देवउठनी परिक्रमा के बीच सड़क पर बह रहा नाले का पानी, श्रद्धालु परेशान

नए बस स्टैंड से स्टेट बैंक चौराहे तक जलभराव; दो रेल अंडरपास भी बने मुसीबत

प्रवीण मिश्रा, समाज जागरण



मथुरा। मुख्यमंत्री के जनपद प्रवास और देवउठनी एकादशी की पंचकोसी परिक्रमा के बीच शहर की सफाई और जल निकासी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। एक ओर प्रशासन पर्व और वीआईपी आवागमन को लेकर व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के दावे कर रहा है, वहीं दूसरी ओर नए बस स्टैंड से स्टेट बैंक चौराहे तक प्रमुख मार्ग पर नाला चोक होने से गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। इस रास्ते से गुजरने वाले श्रद्धालुओं, राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

देवउठनी एकादशी की पंचकोसी परिक्रमा शुरू होने के साथ ही देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मथुरा पहुंच रहे हैं। नए बस स्टैंड से होकर गुजरने वाले परिक्रमार्थियों के अलावा जिला मुख्यालय और कचहरी जाने वाले लोगों, स्कूली बच्चों तथा अधिवक्ताओं को भी सड़क पर फैले गंदे पानी और कचरे के बीच से गुजरना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, सड़क किनारे बने ढके हुए नाले से पानी बाहर निकलकर मुख्य मार्ग पर फैल रहा है। इससे दोपहिया वाहन चालकों के फिसलने का खतरा बना हुआ है। सड़क किनारे दीवारों पर कराए गए सौंदर्यीकरण की सुंदरता भी गंदगी के कारण प्रभावित हो रही है।

कंस वध मेले में कृष्ण विरोधियों के प्रतीकात्मक पुतले कूटने का सुझाव : महेश पाठक

मथुरा, समाज जागरण संवाददाता। श्री माथुर चतुर्वेद परिषद और अखिल भारतीय चतुर्वेदी पुरोहित महासभा के संयुक्त तत्वावधान में चार दिवसीय श्रीकृष्ण महोत्सव (कंस वध मेला) का आयोजन भव्यता के साथ किया जाएगा। आयोजन की तैयारियों और कार्यक्रमों की जानकारी देने के लिए समाजवाड़ी में आयोजित प्रेसवार्ता में परिषद के मुख्य संरक्षक महेश पाठक ने कहा कि यह महोत्सव भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं और अत्याचार के विरुद्ध उनके संघर्ष का प्रतीक है।

महेश पाठक ने कहा कि जिस प्रकार



भगवान श्रीकृष्ण ने अत्याचारी कंस का वध कर धर्म की स्थापना की थी, उसी भावना के अनुरूप भगवान श्रीकृष्ण का विरोध करने वालों के खिलाफ भी मेले में आवाज उठाई जानी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि लोगों की राय लेकर ऐसे लोगों के प्रतीकात्मक पुतले बनाए जाएं और उन्हें कंस की तरह कूटा जाए।

चार दिन तक होंगे धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम

महेश पाठक ने बताया कि चार दिवसीय महोत्सव के तहत 17 नवंबर को गोपाष्टमी, 18 नवंबर को भजन संध्या, 19 नवंबर को परंपरागत कंस वध मेला और 20 नवंबर को भाग्य दीपदान का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। परिषद के अध्यक्ष राजन पाठक ने कहा कि मेले को भव्य और आकर्षक बनाने के लिए आयोजन समिति की टीम को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए आयोजन को सफल बनाएंगे।

प्रेसवार्ता में संरक्षक नवीन नागर, गिरधारी लाल पाठक, राकेश तिवारी एडवोकेट, उपाध्यक्ष योगेंद्र चतुर्वेदी, कमल चतुर्वेदी, आशीष चतुर्वेदी, श्रीकांत चतुर्वेदी, दुबई-मुंबई शाखा के उपाध्यक्ष दिलीप चतुर्वेदी, शशिकांत सीपु और अमन सरदार सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री संजय चतुर्वेदी ऐल्पाइन ने किया। इस अवसर पर मंत्री संजय चतुर्वेदी, हरदेव चतुर्वेदी, हप्पू श्याम चतुर्वेदी, नीरज चतुर्वेदी और गोपाल पाठक सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

बरसाना में संत रमेश बाबा को सीएम योगी ने दी श्रद्धांजलि, 12 बेड के निःशुल्क डायलिसिस सेंटर का उद्घाटन

मथुरा, समाज जागरण संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को चिंतन बैठक के बाद बरसाना पहुंचे। यहां उन्होंने पद्मश्री ब्रह्मलीन संत रमेश बाबा को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने श्री माताजी गौशाला ट्रस्ट परिसर में 12 बेड वाले निःशुल्क डायलिसिस सुविधा केंद्र का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में ट्रस्ट से जुड़े अनुयायी, जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

गौ-संरक्षण को ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जोड़ा

श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने संत रमेश बाबा के गौ-सेवा और समाज कल्याण के कार्यों को याद किया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में गौवंश की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। गौ-संरक्षण केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि कृषि व्यवस्था से भी सीधे जुड़ा हुआ है। उन्होंने ट्रस्ट के अनुयायियों से गौ-संवर्धन के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने की अपील की। साथ ही कहा कि ऐसे सामाजिक और सेवा कार्यों में राज्य सरकार की ओर से पूरा सहयोग दिया जाएगा।

ट्रस्ट के प्रयासों से बढ़ी क्षेत्र में हरियाली

गौशाला परिसर का भ्रमण करते हुए योगी आदित्यनाथ ने करीब एक दशक पहले की अपनी यात्रा को याद किया।

सरकारी नौकरी की परीक्षा फीस खत्म करने के प्रस्ताव का स्वागत, सोशल मीडिया पर उम्मीदवार के काम को महत्व देने की अपील

कोलकाता/समाज जागरण।

पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी की ओर से सरकारी भर्ती परीक्षाओं की आवेदन फीस समाप्त करने की पहल चर्चा में है। मुख्यमंत्री ने 16 नवंबर को पश्चिम मिदनापुर में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि राज्य सरकार सरकारी नौकरियों की भर्ती परीक्षाओं में आवेदन शुल्क खत्म करने की दिशा में काम कर रही है। इस प्रस्ताव की वित्त विभाग समीक्षा कर रहा है और इसे उचित समय पर लागू किया जाएगा।

इस पहल को लेकर सोशल मीडिया पर भी प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। एक्स पर ह्यब्राह्मण साहबह्न नाम के एक उपयोगकर्ता ने फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि राजनीतिक दल के चुनाव चिह्न के बजाय उम्मीदवार के काम और जनहित से जुड़े फैसलों को देखना चाहिए। पोस्ट में सुवेंदु अधिकारी के फैसले को युवाओं के हित में बताते हुए उम्मीद जताई गई कि सरकार आगे भी ऐसे कदम उठाएगी।

मुख्यमंत्री के अनुसार, सरकारी भर्ती परीक्षाओं में आवेदन करने वाले युवाओं पर बार-बार शुल्क जमा करने का आर्थिक बोझ पड़ता है।

उन्होंने क्लर्कशिप परीक्षा का उदाहरण देते हुए बताया कि करीब नौ हजार पदों के लिए लगभग 8.5 लाख आवेदन आए हैं।

गोपाष्टमी पर बहल की श्री अलख गौशाला को मिली बड़ी सौगात, पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने प्रधान गजानंद अग्रवाल को सौंपा 18 लाख 76 हजार रुपये का चैक

दैनिक समाज जागरण,
[[महेन्द्र जावला बहल]]

बहल, 17 नवंबर । गोपाष्टमी के पावन पर्व पर बहल की श्री अलख गौशाला में आयोजित गौ पूजन कार्यक्रम में गौ सेवा को बड़ी सौगात मिली। इस अवसर पर पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने श्री अलख गौशाला के प्रधान गजानंद अग्रवाल को गौशाला के विकास एवं गौ सेवा कार्यों के लिए 18 लाख 76 हजार रुपये का चैक भेंट किया। चैक मिलते ही गौशाला परिसर में मौजूद गौ भक्तों में खुशी की लहर दौड़ गई और पूरा परिसर ह्लजय गौ माताह्व के जयकारों से गूंज उठा। गौ भक्तों ने पूर्व मंत्री जेपी दलाल का आभार जताते हुए कहा कि इस राशि से गौशाला में गौ माताओं की सेवा, चारे-पानी और व्यवस्थाओं को और बेहतर किया जा सकेगा। इस मौके पर प्रधान गजानंद अग्रवाल ने कहा कि गोपाष्टमी जैसे पावन पर्व पर मिली यह सहायता गौ सेवा के लिए बड़ा संबल है। उन्होंने कहा कि गौशाला प्रबंधन इस राशि का उपयोग पूरी पारदर्शिता के साथ गौ माताओं की सेवा में करेगा। उन्होंने पूर्व मंत्री जेपी दलाल और सभी सहयोगियों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में सुबह से ही गांव व आसपास के क्षेत्र से बड़ी संख्या में गौ भक्त पहुंचे। सभी ने गौ माताओं का पूजन कर, माला पहनाकर, तिलक लगाकर और चारा खिलाकर सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर अपने संबोधन में पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति की



आत्मा है और गौ सेवा सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। उन्होंने कहा कि बहल की श्री अलख गौशाला ने गौ सेवा के क्षेत्र में पूरे क्षेत्र में एक मिसाल कायम की है। यहां न केवल बेसहारा और बीमार गौओं की सेवा की जाती है, बल्कि उन्हें अच्छा चारा, पानी और चिकित्सा सुविधा भी दी जाती है। उन्होंने कहा कि गौशाला के इस सेवा कार्य में सरकार और समाज को हमेशा साथ खड़ा रहना चाहिए। उन्होंने गौशाला प्रबंधन को आश्वासन दिया कि भविष्य में भी गौशाला की हर संभव मदद की जाएगी। उन्होंने युवाओं से भी आह्वान किया कि वे गौ सेवा से जुड़ें और अपने गांव-क्षेत्र की गौशालाओं को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि जब तक समाज में गौ सेवा का भाव जीवित है, तब तक हमारी संस्कृति और गांवों की खुशहाली बनी रहेगी। पूजन के बाद सभी गौ भक्तों ने गौशाला परिसर का अवलोकन किया और प्रबंधन के कार्यों की सराहना की। भक्तों ने कहा कि गौशाला में सफाई, चारे की व्यवस्था और गौओं की देखभाल बहुत अच्छे ढंग से हो रही है। अंत में सभी ने गौ सेवा का संकल्प लिया और प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रमोद अग्रवाल, रामभगत सैनी, चेतराम सैनी, पवन सोनी, सज्जन साबू, सुशील चैहडियां, मुन्ना तिवारी, शिवकुमार गोस्वामी, रामभगत खन्ना, सुनील चांदला, संदीप लाखलाण, प्रभु राम जांगडा, महेन्द्र जांगडा, विष्णु शर्मा, रमाकांत शर्मा, द्वारका प्रसाद नायक, रामनिवास सिंगल, मनोज नूनसर, बजरंग शर्मा, बिनोद, गोपाल शर्मा, हरद्वारी सोनी सहित अनेक गौ भक्त मौजूद रहे।

आपातकाल स्थिति में चार युवाओं ने रक्तदान कर बचाया महिला का जीवन

संकट के समय किया गया रक्तदान है सच्ची मानव सेवा : राजेश डुडेजा

दैनिक समाज जागरण,
[[महेन्द्र जावला बहल]]



भिवानी, 17 नवंबर : जिला के गांव लोहानी के एक अस्पताल में उपचाराधीन एक महिला मरीज के लिए एबी पॉजिटिव फ्रेश ब्लड की चार यूनिट की आपातकालीन आवश्यकता पडड्रे पर चार युवाओं रोमित कुमार, राकेश खेरपुरा और सुनील कुमार ढील्लू, सुरेंद्र ने आगे आकर स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस सराहनीय और मानवतावादी कदम के बाद शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने इन युवाओं का आभार जताते हुए उन्हें सम्मानित किया। इस आपातकालीन स्थिति और रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने कहा कि संकट के समय में किया गया रक्तदान ही असली सेवा है। उन्होंने कहा कि जब किसी अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे मरीज के लिए अचानक खून की जरूरत पड़ती है, तो उस वक्त केवल रक्तदाता का फरिश्ते के रूप में पहुंचना ही परिवार को सबसे बड़ी राहत देता है। आज के इस डिजिटल युग में भी रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं तैयार किया जा सका है, इसलिए मानव जीवन को बचाने के लिए केवल मानव रक्त ही एकमात्र सहारा है। रोमित, राकेश और सुनील, सुरेंद्र जैसे युवा जब आपातकाल में बिना किसी संकोच के रक्तदान के लिए आगे आते हैं, तो यह समाज में मानवता और भाईचारे की मिसाल कायम करता है। हर स्वस्थ नागरिक का यह कर्तव्य होना चाहिए कि वह समय-समय पर रक्तदान करे ताकि किसी भी जरूरतमंद की जान केवल खून की कमी के कारण न जाए। इस प्रेरणादायक पहल से अस्पताल में उपचाराधीन मरीज के परिजनों को बड़ी राहत मिली है और स्थानीय स्तर पर युवाओं के इस जज्बे की चारों तरफ सराहना हो रही है।

इस बार लोहारू की सीट हर हाल में जीतेगी भाजपा: सांसद धर्मबीर सिंह

- गांव ढिगावा जाटान की श्री हरि गौशाला के वार्षिक उत्सव में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे सांसद धर्मबीर सिंह

- गौशालाओं के संचालन में आमजन का सहयोग भी जरूरीः धर्मबीर सिंह

दैनिक समाज जागरण,
[[महेन्द्र जावला बहल]]

ढिगावा/ लोहारू, 17 नवंबर। भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने कहा कि भाजपा हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं लागू कर रही है। इस बार लोहारू विधानसभा की सीट भाजपा हर हाल में जीतेगी। उन्होंने कहा कि पिछली बार मामूली वोटों के अंतर से सीट हाथ से निकली थी, लेकिन इस बार कार्यकताओं के जोश और जनता के आशीर्वाद से वो कसर भी पूरी हो जाएगी।
सांसद चौ. धर्मबीर सिंह ने ये बात गोपाष्टमी के उपलक्ष्य पर ढिगावा की श्री हरि गौशाला के वार्षिक उत्सव में



ग्रामीणों से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि लोहारू की जनता ने हमेशा भाजपा को प्यार दिया है। 2019 में भी लोहारू ने भाजपा को जिताया था। 2024 में थोड़ी सी चूक रह गई, लेकिन अब कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ पर तैयार है। इस बार लोहारू में कोई चूक नहीं होगी।
उन्होंने कहा कि लोहारू की असली लड़ाई विकास की लड़ाई है। लोहारू में पीने के पानी और सिंचाई के पानी की स्थाई व्यवस्था, गांवों में पक्की सडकें, गलियां और नालियां, किसानों को खाद-बीज, फसल का उचित भाव और समय पर मुआवजा,युवाओं के लिए रोजगार और खेल सुविधाएं,महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सरकार की प्राथमिकता है। लोहारू को इस विकास की मुख्यधारा से जोड़े रखना है तो भाजपा को जिताना होगा। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान करते हुए कहा कि अब आराम नहीं, अब मैदान में उतरने का समय है। घर-घर जाओ, प्रत्येक बूथ मजबूत करो। इस बार लोहारू की जीत सिर्फ एक सीट की जीत नहीं होगी, ये लोहारू के स्वाभिमान की जीत होगी।

– गौशालाओं के संचालन के लिए सरकार दे रही लाखों रुपए, गौसेवा ही सच्ची सेवा है

सांसद ने कहा कि सरकार गौ संरक्षण को लेकर गंभीर है। सरकार गौसेवा को सिर्फ धार्मिक कार्य नहीं बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी मानकर गौशाला में आर्थिक सहायता पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि आमजन से आह्वान करते हुए कहा कि वे गौशालाओं के संचालन में अपना सहयोग करें। गौ सेवा सबसे पुनीत कार्य है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा गौशालाओं में गायों के लिए शैड व चारे की व्यवस्था के लिए अनुदान राशि मुहैया करवाई जा रही है। वहीं दूसरी ओर बिजली-पानी की समुचित व्यवस्थ करवाई जा रही है, ताकि गौ संरक्षण में परेशानी ना हो। उन्होंने कहा कि गायों के उपचार के लिए गौशालाओं में पशु चिकित्सकों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने कहा कि गौशालाओं का संचालन एक सांझा कार्य है, जिसमें आमजन का सहयोग जरूरी है। गौ माता में सभी देवताओं का वास है। इस अवसर पर गौशाला परिसर में भगवान श्री कृष्ण की मूर्ति का अनावरण भी किया गया। इस दौरान गौशाला समिति प्रधान संदीप सिंह, पूर्व चेयरमैन कमल सिंह मान, सरपंच धर्मवीर सिंह, काशीराम नंबरदार, भगवाना राम जोगी, धर्मपाल नायक, रोहतास लाम्बा, राजेश चहड, सोमबीर शर्मा सहित गौशाला के सभी पदाधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

श्री अलख गौशाला बहल में धूमधाम से मनाई गई गोपाष्टमी, सुबह 5 बजे से ही उमड़े गौ भक्त, गौ पूजन कर मांगी सुख-समृद्धि

दैनिक समाज जागरण,
[[महेन्द्र जावला बहल]]

बहल, 17 नवंबर। गोपाष्टमी के पावन पर्व पर मंगलवार सुबह श्री अलख गौशाला बहल में गौ पूजन का भव्य आयोजन किया गया। सुबह 5 बजे से ही गांव व आसपास के क्षेत्र से गौ भक्तजन गौशाला परिसर में पहुंचने लगे। ठंड के बावजूद गौ भक्तों में गौ माता के प्रति गजब का उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरूआत गौ माता की पूजा-अर्चना से हुई। गौ भक्तों ने गौ माताओं को माला पहनाई, तिलक लगाया, आरती की और चारा, रोटी, गुड़ व हरा चारा खिलाकर पुण्य कमाया। इस दौरान पूरा गौशाला परिसर जय गौ माता, जय श्री लक्ष्मी के जयकारों से गूंज उठा। छोटे बच्चों ने भी अपने हाथों से गौ माताओं को चारा खिलाया, जिसे देखकर सभी का मन प्रसन्न हो गया। इस मौके पर श्री अलख गौशाला बहल के पूर्व प्रधान रहे स्व. श्री ताराचंद जी अग्रवाल परिवार से पारुल जी, हिमांशु जी की पत्नी एवं प्रधान श्री गजानंद जी अग्रवाल की पुत्रवधू, प्रमिला, पिंकी, रामचंद्र गरवां, पवन माधव गढ़िया परिवार सहित अनेक



परिवारों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी ने गौ माता के सामने अपने परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और गांव की तरक्की की कामना की। गौशाला प्रधान गजानंद अग्रवाल ने बताया कि गोपाष्टमी का पर्व गौ सेवा और गौ रक्षा का संदेश देता है। गौ माता को भारतीय संस्कृति में माता का दर्जा दिया गया है। इसलिए हर व्यक्ति को गौ सेवा के लिए तन-मन-धन से आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि श्री अलख गौशाला में रह रही सभी गौ माताओं की देखभाल सेवा भाव से की जाती है। पूजन के बाद सभी गौ भक्तों ने गौशाला परिसर में ही कुछ समय विश्राम किया और गौशाला की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। भक्तों ने गौशाला प्रबंधन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि गौशाला में गौओं की सेवा बहुत अच्छे ढंग से हो रही है। अंत में सभी ने गौ सेवा का संकल्प लिया और प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रमोद अग्रवाल, रामभगत सैनी, चेतराम सैनी, पवन सोनी, सज्जन साबू, गजानंद अग्रवाल, सुशील चैहडियां, मुन्ना तिवारी, शिवकुमार गोस्वामी, रामभगत खन्ना, सुनील चांदला, संदीप लाखलाण, प्रभु राम जांगडा, महेन्द्र जांगडा, विष्णु शर्मा, रमाकांत शर्मा, द्वारका प्रसाद नायक, रामनिवास सिंगल, मनोज नूनसर, बजरंग शर्मा, बिनोद, गोपाल शर्मा, हरद्वारी सोनी सहित अनेक गौ भक्त मौजूद रहे।

महिला खेलकूद प्रतियोगिता में महिलाओं ने दिखाया दम

400 मीटर दौड़ में गोठड़ा निवासी प्रियंका प्रथम रहीं, गोठड़ा की ही आशा रही द्वितीय तथा बशीरवास निवासी निशा ने किया तृतीय स्थान हासिल

लोहारू में खंड स्तरीय ग्रामीण महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

दैनिक समाज जागरण ,
[[महेन्द्र जावला बहल]]

लोहारू, 17 नवंबर। महिला एवं बाल विकास विभाग के निदेर्शानुसार सीडीपीओ रेखा श्योकंद के निर्देशन में मंगलवार को चौधरी देवीलाल स्टेडियम में खंड स्तरीय ग्रामीण महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें ग्रामीण महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला कार्यक्रम अधिकारी (डीपीओ) मंजू राणा एवं सीडीपीओ रेखा श्योकंद ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस दौरान डीपीओ मंजू राणा ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा साबित कर रही हैं। उन्होंने प्रतिभागियों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं महिलाओं को आगे बढ़ने और



अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करती हैं। प्रतियोगिता के परिणामों में 400 मीटर दौड़ में गोठड़ा की प्रियंका प्रथम, आशा द्वितीय और बशीरवास की निशा तृतीय रहीं। साइकिल दौड़ में पवन प्रथम, अनु द्वितीय और वर्षा तृतीय रहीं। म्यूजिकल चेयर में सुशीला प्रथम, शशि द्वितीय और कविता तृतीय रहीं। डिस्कस थ्रो में पूनम प्रथम, सुमन द्वितीय और ममता तृतीय रहीं। वहीं 300 मीटर दौड़ में निशा प्रथम, खुशबू द्वितीय और प्रिया तृतीय स्थान पर रहीं। विभाग की ओर से प्रथम, द्वितीय और तृतीय विजेताओं को क्रमशः 2100, 1100 और 750 रुपये की नकद पुरस्कार राशि दी जाएगी।
इस अवसर पर विभागीय कर्मचारी, आंगनवाड़ी वर्कर एवं हेल्पर मौजूद रहीं।

युवा सैन एकता एवं सेवा ट्रस्ट का प्रथम स्थापना दिवस ऐतिहासिक रूप से संपन्न, उमड़ी भीड़ ने तोड़े उपस्थिति के रिकॉर्ड

समाज जागरण

सिरसा/कालांवाली 17 नवम्बर (सुरेश जोरासिया) युवा सैन एकता एवं सेवा ट्रस्ट द्वारा रॉयल हवेली, हिसार रोड, सिरसा में प्रथम स्थापना दिवस एवं प्रतिभा सम्मान समारोह बड़े धूमधाम और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सैन समाज के लोगों की भारी भीड़ उमड़ी और समाज की एकजुटता ने उपस्थिति के नए रिकॉर्ड कायम किए। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. गणेशी लाल जी (पूर्व राज्यपाल, ओडिशा), श्री मनीष सिंगला जी (वरिष्ठ भाजपा नेता एवं प्रमुख समाजसेवी), श्री सुनील सैन इंजीनियर जी (प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा ओबीसी मोर्चा, हरियाणा) तथा श्री यशपाल ठाकुर जी (चेयरमैन, केश कला कौशल विकास बोर्ड, हरियाणा सरकार) ने शिरकत की। वहीं श्री नवीन ठाकुर जी, श्री ईश्वर गंगवा जी, श्री जयंत हिंदू जी सहित अनेक गणमान्य लोगों



की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित कर शिक्षा एवं खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाले बच्चों, नव नियुक्त सरकारी कर्मचारियों तथा सांस्कृतिक क्षेत्र में योगदान देने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री रमनदीप भाटी जी ने कहा कि युवा सैन एकता एवं सेवा ट्रस्ट की टीम समाज की भलाई और उत्थान के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी। समाज के प्रत्येक बच्चे को आगे बढ़ने का अवसर दिया जाएगा। नशे जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। कार्यक्रम में ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री रमनदीप भाटी, महासचिव श्री लोकेश सैन, सचिव श्री दिनेश भाटी, संगठन सचिव श्री जगतपाल खीची, प्रचार समिति अध्यक्ष श्री इंदर भाटी, खेल एवं शिक्षा प्रकोष्ठ सचिव श्री विनोद रकासिया, सह सचिव श्री रवि सिद्धमुखिया, शहरी प्रधान हांसी श्री शुभम सिंगला, युवा सलाहकार श्री चंद्रशेखर, कालांवाली युवा प्रधान श्री अनिल सैन तथा ब्लॉक ऐलनाबाद सचिव श्री सुभाष सैन, सुभम जी सिंगला हांसी शहरी प्रधान सहित पूरी टीम का विशेष योगदान रहा। ट्रस्ट की ओर से सभी अतिथियों, बुजुर्गों, माताओं-बहनों, युवाओं एवं समस्त सैन समाज का आभार व्यक्त किया गया।

मंडी मजदूरों के पंजीकरण और 10 लाख रुपये के बीमा की मांग, मुख्यमंत्री को भेजा मांग-पत्र

सन्नी कुमार निनानियां ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मंडी मजदूरों और आढ़तियों के हित में उठाई आवाज

समाज जागरण

कालांवाली 17 नवम्बर (सुरेश जोरासिया) मार्केट कमेटी कालांवाली के सदस्य एवं हरियाणा सरकार द्वारा मनोनीत सन्नी कुमार निनानियां ने प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी को मांग-पत्र भेजकर मंडी मजदूरों और आढ़तियों के हित में महत्वपूर्ण मांगें उठाई हैं। उन्होंने मांग की कि मंडी मजदूरों का पंजीकरण भवन निर्माण मजदूरों की तर्ज पर करवाया जाए, ताकि उन्हें भी सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। इसके साथ ही मंडी मजदूरों एवं आढ़तियों को कम से कम 10 लाख रुपये का दुर्घटना एवं जीवन बीमा सुरक्षा कवच प्रदान किया जाए। मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में सन्नी कुमार निनानियां ने कहा कि मंडी मजदूर कृषि व्यवस्था की एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं। वे दिन-रात मेहनत करके किसानों की फसल को संभालने और मंडियों में कृषि कार्यों को सुचारू रूप से चलाने में अहम योगदान देते हैं। इसके बावजूद उनके सामाजिक एवं आर्थिक हितों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाना जरूरी है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि इन मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए जल्द उचित निर्णय लिया जाए, ताकि मेहनतकश मजदूरों एवं व्यापारियों को सामाजिक सुरक्षा मिल सके। सन्नी कुमार निनानियां ने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश के मजदूरों एवं व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए इन मांगों को जल्द पूरा करने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाएंगे।

दावे एवं आपत्तियां लेने का पूरा रिकार्ड दुरूस्त रखें : डीसी साहिल गुप्ता

- डीसी साहिल गुप्ता ने दिए राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश
-मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने चंडीगढ़ मुख्यालय से किया पोर्टल लॉंच

दैनिक समाज जागरण, [[महेन्द्र जावला बहल]]

भिवानी, 17 नवंबर। डीसी साहिल गुप्ता ने लघु सचिवालय परिसर स्थित डीआरडीए सभागार में राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रदेशभर में लाल डोरे मकानों व प्लाटों को कानूनी तौर पर मालिकाना हक देने की प्रक्रिया में दावे एवं आपतियां लेने के लिए स्वामित्व पोर्टल लांच कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि पोर्टल के साथ-साथ तहसीलदार और नायब तहसीलदार अपने-अपने संबंधित गांवों में ग्राम सचिव व पटवारियों के माध्यम से लोगों के दावे एवं आपत्तियां लें। दावे- एवं आपत्तियों का पूरा रिकार्ड बनाएं। दावे- एवं आपत्तियों निपटान पारदर्शिता के साथ हो। डीसी ने बताया कि हरियाणा आबादी देह (स्वामित्व अधिकारों का निहित होना, अभिलेखन और समाधान) अधिनियम, 2025 व नियम, 2026 के तहत अब गांवों के लाल डोरे के भीतर बने मकान, दुकान और प्लॉट का स्थायी मालिकाना रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा। इसके तहत अंतिम रिकॉर्ड में दर्ज व्यक्ति को स्वामित्व अधिकार प्रमाण-पत्र दिया जाएगा, जिससे उन्हें अपनी संपत्ति का पक्का कानूनी



प्रमाण मिल सकेगा। डीसी ने राजस्व विभाग और पंचायत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे गांवों में मुनादी करवाकर लोगों को इस बारे में जागरूक करें ताकि कोई भी व्यक्ति दावे एवं आपत्तियां दर्ज करने से वंचित ना रहे। वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री श्री सैनी ने दावे एवं आपतियां दर्ज करने को लेकर स्वामित्व पोर्टल लांच किया। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों व राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि लोग घर बैठे दावे एवं आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। अपनी प्रोपर्टी के रिकार्ड को घर बैठ देख सकते हैं। सरकार का मुख्य उद्देश्य लाल डोरे के प्लाट या मकान के रूप में नागरिकों के पसीने की कमाई सुरक्षित रहे। उन्होंने कहा कि इस कार्य को पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाया जाए। अवसर पर भिवानी के एसडीएम महेश कुमार, सिवानी की एसडीएम विजया मलिक, लोहारू के एसडीएम मनोज दलाल, जिला राजस्व अधिकारी राजकुमार भौरिया, डीडीपीओ सोमबीर काद यान, तहसीलदार जयबीर सिंह सहित सभी तहसीलदार व नायब तहसी लदार मौजूद रहे।

धर्म-ध्यान से आत्मा होती है निर्मल, कर्मों के बंधन से मुक्ति का मिलता है मार्ग

कालांवाली (सुरेश जोरासिय) साध्वी सीयल जी महाराज

कालांवाली। प्रवचन सभा को संबोधित करते हुए साध्वी सीयल जी महाराज ने भगवान महावीर स्वामी की वाणी का उल्लेख करते हुए धर्म, ध्यान और प्रभु भक्ति का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवनभर शरीर की



देखभाल में लगा रहता है, लेकिन आत्मकल्याण की ओर ध्यान नहीं देता। शरीर और आत्मा के अंतर को समझना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सच्चे भावों से की गई पूजा, भक्ति और धर्म आराधना आत्मा को निर्मल बनाती है तथा कर्मों के बंधन से मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करती है। केवल मंदिर में बैठना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि मन का प्रभु चरणों में एकाग्र होना भी जरूरी है। सांसारिक कार्यों के साथ आत्मकल्याण के लिए भी प्रतिदिन समय निकालना चाहिए। इस अवसर पर अध्यक्ष संदीप जैन, पवन जैन, लवलीन जैन, साईं दास जी सेतिया, राकेश जैन, मंगतराम जैन सहित महिला मंडल की अंजू जैन, मीनू जैन, सपना जैन, बबीता जैन, सोनिया जैन, निर्मला जैन और प्रियंका जैन ने प्रवचन का लाभ लिया।

सरकार ने राशन डिपू के आवेदन के लिए बढ़ाई अंतिम तिथि 25 नवंबर तक: अपार तिवारी

- राज्य भर में खुलेंगी 2,651 उचित मूल्य की राशन डिपू दुकानें : अपार तिवारी

दैनिक समाज जागरण, [[महेन्द्र जावला बहल]]

भिवानी, 17 नवंबर। प्रदेश सरकार ने गरीब और पात्र परिवारों के लिए राशन डिपो की पहुंच को बेहतर बनाने के लिए राज्यभर में 2,651 उचित मूल्य की दुकानें खोलने का निर्णय लिया है। हाल ही में खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग ने प्रदेश में खाली पड़ी 2,651 उचित मूल्य की दुकानों (फेयर प्राइस शॉप्स) के लिए लाइसेंस हेतु ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को आगे बढ़ा दिया है। अब इच्छुक आवेदक 25 नवंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकतें हैं। जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक अपार तिवारी ने ये जानकारी देते हुए बताया कि राशन डिपू के माध्यम से विशेष रूप से उन दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को सीधा लाभ पहुंचाया जाएगा, जहां मौजूदा डिपो काफी दूर स्थित हैं। इस योजना से न केवल सार्वजनिक वितरण प्रणाली मजबूत होगी, बल्कि युवाओं के लिए स्वरोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। इसके साथ ही, इस पूरी प्रक्रिया में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है, जिससे जमीनी स्तर पर महिला सशक्तिकरण को भी एक नया बढ़ावा मिलेगा।

उन्होंने बताया कि रिक्त उचित मूल्य की दुकानों का जिला-वार और गांव-वार विवरण भी विभाग की वेबसाइट और संबंधित जिला प्रशासन की वेबसाइटों पर देखा जा सकता है। विभाग ने सभी योग्य युवाओं और महिलाओं से इस बढ़े हुए अवसर का लाभ उठाने का आग्रह किया है और सलाह दी है कि निर्धारित अंतिम तिथि से पहले सरल पोर्टल पर आवेदन अवश्य जमा कर दें। इस पहल से हरियाणा में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के मजबूत होने और जमीनी स्तर पर रोजगार के नए अवसर पैदा होने की उम्मीद है।

सैकेण्डरी / सीनियर सैकेण्डरी स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के लिए आवेदन फार्म आज से लाईव

- 28 नवंबर तक बिना विलंब शुल्क कर सकते हैं आवेदन

दैनिक समाज जागरण, [[महेन्द्र जावला बहल]]

भिवानी 17 नवंबर, 2026 : हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ० शंकर लाल धूपड़ एवं सचिव श्री दीपक बाबूलाल करवा, भा.प्र.से. ने संयुक्त रूप से जारी एक प्रेस वक्तव्य में बताया कि शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित करवाई जाने वाली सैकेण्डरी/सीनियर सैकेण्डरी परीक्षा मार्च-2027 के लिए जो परीक्षार्थी कंपार्टमेंट, , Additional Qualified आंशिक/ पूर्ण विषय अंक सुधार तथा अतिरिक्त विषय श्रेणी की परीक्षा देना चाहते हैं, वे 17 नवंबर, 2026 से बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.bseh.org.in पर आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे स्वयंपाठी परीक्षार्थी जो कंपार्टमेंट ,Additional Qualifiedआंशिक/ पूर्ण विषय अंक सुधार तथा अतिरिक्त विषय श्रेणी की परीक्षा देना चाहते हैं, वे सैकेण्डरी के लिए 1150/- रुपए तथा सीनियर सैकेण्डरी के लिए 1200/- रुपए एकमुश्त आवेदन शुल्क के साथ 17 नवंबर से 28 नवंबर, 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त 100/- रुपए प्रति प्रायोगिक विषय परीक्षार्थी को अलग से देय करना होगा। उन्होंने बताया कि इसके पश्चात परीक्षार्थी 100/- रुपए विलंब शुल्क सहित 29 नवंबर से 05 दिसंबर तक, 300/- रुपए विलंब शुल्क सहित 06 दिसंबर से 12 दिसंबर तक तथा 1000/- रुपए विलंब शुल्क सहित 13 से 18 दिसंबर, 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने आगे बताया कि मार्च/जुलाई/सितंबर-2026 की परीक्षा में अपीयर हुए परीक्षार्थी जिनका मुख्य परीक्षा परिणाम पास था लेकिन किसी एक अनिवार्य विषय में अनुत्तीर्ण हैं, ऐसे परीक्षार्थी भी Additional Qualified श्रेणी में उपरोक्त तिथियों में बोर्ड की वेबसाइट पर दिए गए लिंक पर पिछला अनुक्रमांक दर्ज करते हुए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि कुछ परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन फार्म में केवल विवरण भरकर अधूरा छोड़ दिया जाता है, लेकिन परीक्षा शुल्क का समायोजन नहीं किया जाता तथा उसी अधूरे पंजीकरण को ही सफल मान लिया जाता है,जबकि सफल पंजीकरण से अभिप्राय है कि ऑनलाइन आवेदन फार्म के साथ-साथ परीक्षा शुल्क का भी बोर्ड द्वारा निर्धारित बैंक खाते में जमा होना। इसलिए समय रहते ऑनलाइन आवेदन करना सुनिश्चित करें, अन्तिम तिथि उपरांत कोई अतिरिक्त समय देय नहीं होगा। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन करते समय किसी प्रकार की तकनीकी कठिनाई आने पर परीक्षार्थी ई-मेल आई.डी. assec@bseh.org.in, assrs@bseh.org.in एवं हैल्पलाईन नं0 01664-254300 पर संपर्क कर सकते हैं।

नवनियुक्त सचिव विवेक कुमार मिश्र ने किया कार्यालय का निरीक्षण

समाज जागरण रंजीत तिवारी

वाराणसी। जिले के वाराणसी विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त सचिव विवेक कुमार मिश्र द्वारा प्राधिकरण कार्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव महोदय ने विभिन्न विभागों का भ्रमण कर विभागीय कार्यप्रणाली



एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों में रखे विभागीय रजिस्टरों एवं अभिलेखों का अवलोकन किया तथा फाइलों के सुव्यवस्थित रखरखाव और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सचिव महोदय ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि कार्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता, अनुशासन एवं कार्यक्षमता को प्राथमिकता दी जाए। साथ ही कार्यालय परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने तथा अभिलेखों को व्यवस्थित ढंग से सुरक्षित रखने पर विशेष जोर दिया।

उन्होंने कहा कि कार्यालय की कार्यसंस्कृति को और बेहतर बनाने के लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें। निरीक्षण के दौरान अपर सचिव गुड़ाकेश शर्मा एवं संपत्ति अधिकारी रमेश चंद दुबे सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

आवंटित वार्षिक लक्ष्य पूरा करने का निर्देश

समाज जागरण रंजीत तिवारी

वाराणसी। जिले में मंगलवार को पवन कुमार सिंह- उपायुक्त स्वतः रोजगार, वाराणसी के निर्देशन में समस्त विकास खण्डों की राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत आवंटित वार्षिक लक्ष्य 2026-27 के सापेक्ष प्रगति समीक्षा की गयी। समीक्षा में राशन कार्ड धारकों को समूह में जोड़ना, स्वयं सहायता समूहों का गठन, ई-केवाईसी, खाता खोलना, आजीविका रजिस्टर, लखपति महिला, आजीविका गतिविधि इत्यादि महत्वपूर्ण विषयों समस्त सहायक विकास अधिकारी, ब्लॉक मिशन प्रबंधक, संकुल प्रबंधक, लेखाकार, एमआईएस सहायक एवं संकुल पदाधिकारियों को प्रगति लाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए।खराब प्रगति पर ब्लॉक मिशन प्रबंधक शैलेश श्रीवास्तव एवं उत्कर्ष राव को चेतावनी जारी किए जाने के निर्देश दिए।उक्त के अतिरिक्त राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और महिला स्वरोजगार समिति के मध्य आजीविका संबंधी गतिविधि को बढ़ाने और उसके मार्केट लिंकेज किए जाने हेतु एमओयू हस्ताक्षरित किए गए। तत्काल प्रभाव से लक्ष्य को पूर्ण किये जाने का निर्देश दिए गए।

लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान में भागीदारी जरूरी : जिलाधिकारी

मतदाता जागरूकता अभियान का शुभारंभ, युवाओं से मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की अपील

समाज जागरण

मीरजापुर। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार एवं मुख्य विकास अधिकारी विजय कुमार सिंह ने पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज, महुवरिया में दीप प्रज्वलित कर मतदाता जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक मतदाता की भागीदारी बेहद आवश्यक है। मतदान केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि लोकतंत्र के प्रति नागरिकों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है।



उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे स्वयं मतदान के प्रति जागरूक बनें और अपने परिवार तथा आसपास के लोगों को भी मतदान के महत्व के बारे में जानकारी दें। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि जिन युवाओं की आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, वे अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज कराएं, ताकि वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

जिलाधिकारी ने कहा कि जागरूक मतदाता ही लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करना और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों, शिक्षकों एवं अन्य लोगों को मतदाता जागरूकता की शपथ भी दिलाई गई। सभी से लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने तथा मतदान के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया गया।

नवागन्तुक मंडलायुक्त ने बाबा विश्वनाथ जी का लिया आशीर्वाद

समाज जागरण रंजीत तिवारी

वाराणसी। नवागन्तुक मंडलायुक्त के. विजयेंद्र पांडियन मंगलवार को वाराणसी पहुंचे और श्री काशी विश्वनाथ मंदिर एवं श्री कालभैरव मंदिर में दर्शन पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इससे पूर्व ये कानपुर में मंडलायुक्त थे। नवागन्तुक मंडलायुक्त ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी विकास योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पात्र लोगों को सुगमता के साथ उपलब्ध कराना, विकास परियोजनाओं को गुणवत्ता के साथ समयसीमा में पूर्ण कराना तथा जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण प्राथमिकता पर कराना प्राथमिकता होगी। दर्शन पूजन के दौरान जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार साथ रहे।

नवागन्तुक मंडलायुक्त के. विजयेंद्र पांडियन का जन्म 18 जुलाई 1981 को हुआ था, उत्तर प्रदेश कैडर के 2008 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। उनके पास बीबीए और एलएलबी की डिग्री है। वर्तमान में, वे 28 अगस्त 2024 से यूपी राज्य वस्त्र निगम लिमिटेड में प्रबंध निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। इससे पहले वे निदेशक, जिला मजिस्ट्रेट, उपाध्यक्ष, प्रबंध निदेशक, अतिरिक्त प्रबंध निदेशक, जिला कलेक्टर और मजिस्ट्रेट, अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी, विशेष सचिव, मुख्य विकास अधिकारी और संयुक्त मजिस्ट्रेट जैसे पदों पर रह चुके हैं। वे अंग्रेजी, तमिल और हिंदी में पारंगत हैं। पांडियन भारतीय प्रशासनिक सेवा में कार्यरत हैं। वाराणसी भेजे जाने से ठीक पहले विजयेंद्र पांडियन कानपुर के मंडलायुक्त के रूप में कार्यरत थे। इससे पहले वे गोरखपुर के जिलाधिकारी सहित कई प्रमुख प्रशासनिक पदों पर रह चुके हैं।

देव दीपावली पर होगी लापरवाही तो करेंगे कार्रवाई : नगर आयुक्त

समाज जागरण रंजीत तिवारी



वाराणसी। आगामी देव दीपावली पर्व को भव्य और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए नगर निगम प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। घाटों की साफ-सफाई और रोशनी की चाक-चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पहले ही नोडल अधिकारियों की तैनाती की जा चुकी है। इसी सिलसिले में मंगलवार को नगर निगम सभागार में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता नगर आयुक्त शाश्वत त्रिपुरारी ने की। बैठक के दौरान नगर आयुक्त ने सभी संबंधित विभागों को दो टूक शब्दों में चेतावनी दी कि देव दीपावली की तैयारियों में किसी भी प्रकार की कोताही या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

समीक्षा बैठक में नगर आयुक्त ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि शहर के घाटों को आपस में जोड़ने वाले प्रमुख मार्गों पर सीवर ओवरफ्लो, जलभराव, पाइपलाइन लीकेज या अतिक्रमण जैसी कोई भी समस्या नहीं होनी चाहिए। यदि निरीक्षण के दौरान इनमें से कोई भी खामी पाई जाती है, तो संबंधित क्षेत्र के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे केवल कागजी बैठकों तक सीमित न रहें, बल्कि खुद मौके पर जाकर जमीनी हकीकत का जायजा लें और समय रहते सभी कमियों को दुरुस्त करवा लें। बैठक में विशेष रूप से जल निगम के अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी गई। त्योहार के दौरान जलापूर्ति और जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के निर्देश देने के साथ ही, नगर आयुक्त ने रामकुंड की जर्जर दीवार की तत्काल प्रभाव से मरम्मत कराने को कहा, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि समय रहते सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएं ताकि काशी आने वाले देश-विदेश के पर्यटकों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। बैठक में अपर नगर आयुक्त दुर्गेश मिश्रा , विनोद कुमार गुप्ता, प्रभारी नगर स्वास्थ्य अधिकारी संदीप भार्गव, उद्यान अधीक्षक डा. बीके सिंह, जलकल के महाप्रबंधक अनूप सिंह, मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी मनीष कुमार शुक्ला, मुख्य नगर लेखापरीक्षक संजय प्रताप सिंह, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी कुमार असीम रंजन, पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डा. विजय अमृत राज , जोनल अधिकारी संयुक्त नगर आयुक्त / जोनल अधिकारी (भेलूपुर) कृष्णचन्द्र, जोनल अधिकारी (आदमपुर) : पवन कुमार गुप्ता , जोनल अधिकारी (दशाश्वमेध), जोनल अधिकारी (वरुणापार) जितेंद्र आनंद , जोनल अधिकारी (ऋषि मांडवी) मुन्ना राम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

स्कूली बच्चों ने निकाली गोपाष्टमी रैली

समाज जागरण रंजीत तिवारी



रामेश्वर वाराणसी।*काशी जीवदया विस्तारिणी गोशाला एवं पशुशाला रामेश्वर में आयोजित गोपाष्टमी में गौमाता का माल्यार्पण आरती कर सविधि मंत्रोच्चार के साथ आकाश मोदी ,सृष्टि मोदी ,रमेश बंशल ,युवा प्रधान जगापट्टी घनश्याम सिंह यादव व उपाध्यक्ष श्रवण कारवा ने गोपूजन कर गोमाता को प्रसाद खिलाया और गोमाता का गोपालकों ने जयकारा के साथ उद्घोष किया।

गोपाष्टमी समारोह में मुख्य अतिथि आकाश मोदी व रमेश बंसल ने कहा कि -जन्म देने वाली माँ के बाद गोमाता ही हमारे सुख, समृद्धि ,वैभव व आरोग्य प्रदान करने वाली हैं।आज के दिन हर घर में गो पूजन हो तथा घर में गाय का गोबर ०मूत्र का लेपन हो। विशिष्ट अतिथि लोकेंद्र करवा (उपाध्यक्ष) छगन लाल ,सुधा टेकरीवाल, चन्दन अग्रवाल व अथर्व खेमका ने कहा कि- गाय हमारी माता के साथ-साथ हमारी संस्कृति का आधार है।शास्त्र के अनुसार गौ परिक्रमा से पृथ्वी की परिक्रमा, गौ पूजन से समस्त देवताओं का पूजन हो जाता है।

गोशाला प्रबंधक रामनारायण सिंह ने कहा कि- गाय एक पुत्र की माँ नहीं हजारों लोगों की माँ हैं जो सबका पेट भरती हैं।उनके संरक्षण,संवर्धन के लिए सेवा भावना से पूजा करें।

अन्य अतिथियों में सृष्टि मोदी,सुमन खेमका, नेहा अग्रवाल, आर0एन0 सिंह ,पावस श्रीवास्तव ,अजय सिंह, पशुधन प्रसार अधिकारी अखिलेश सिंह ,देवब्रत पांडेय ,रामसागर पांडेय ने संयुक्त रूप से अतिथियों व गोपालकों संग गोमाता की पूजा की। रामेश्वर गोशाला प्रबंधक रामप्रकाश यादव, पशु चिकित्सक ओमप्रकाश नारायण , प्रधानाचार्य नरेंद्र बहादुर सिंह, कमलेश यादव व गोपालकों समेत गौ भक्तों ने आरती के साथ पूजन किया। प0 अभय कुमार त्रिपाठी द्वारा पूजन कराया गया।

इस मौके पर सेठ किशोरी लाल जालान स्कूल के बच्चों द्वारा प्रधानाचार्य व शिक्षकों के नेतृत्व में गोपाष्टमी रैली निकाली गई।साथ ही साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित झांकी निकाल कर विविध प्रस्तुति की गई। बच्चों को पुरस्कार स्मृति चिन्ह दी गई। इस अवसर पर प्रबन्धक रामनारायण सिंह, सहप्रबन्धक रामप्रकाश, ओमप्रकाश नारायण, रामबली तिवारी ने अतिथियों का सम्मान किया। प्रमुख रूप से अजय ओझा, बीरबल सिंह, रमाशंकर, हरेंद्र सिंह, अरुण सिंह,अशोक यादव, कमालू यादव ,मन्नर , रामनवल,आशुतोष,शंकर यादव,आनन्द सिंह 'करैला सिंह',गजराज पाल ,शिवमोहन सिंह,छविनाथ राम सहित कई गाँवो के गोपालक उपस्थित रहे।धन्यवाद आर0 एन0 सिंह व आर0 पी0 यादव व संचालन डॉ0ओ0 पी0 नारायण ने किया।

विंध्यवासिनी महाविद्यालय में टीबी एवं एचआईवी के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, छात्रों को दी गई विस्तृत जानकारी

समाज जागरण



मीरजापुर/मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर के के मिश्रा के प्राप्त दिशा निर्देश में स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा आज दिनांक 17 नवंबर 2026 को विंध्यवासिनी महाविद्यालय भरुहना के मौजूद छात्र छात्राओं को टीबी एचआईवी रोग के प्रति विस्तृत जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

उक्त कार्यक्रम में क्षय विभाग के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सतीश शंकर यादव द्वारा विद्यार्थियों को टीबी रोग के संपूर्ण लक्षण से परिचित कराते हुए सरकारी स्तर पर वर्तमान में दी जा रही सभी निः शुल्क सुविधाओं की भी जानकारी विस्तार पूर्वक दिया गया।

यादव द्वारा मौजूद सभी विद्यार्थियों से आशा भी जताई गई की आप सभी किसी व्यक्ति को उपरोक्त बताए गए लक्षणों से ग्रसित पाते हैं तो उन्हें तत्काल उनके नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच इलाज हेतु भेजने में सहयोग देते हुए टीबी को जिले से समाप्त करने में अपना सराहनीय योगदान देने का प्रयास करें जिससे कि जनपद मिजार्पुर शीघ्र टीबी मुक्त हो सके।

वही एचआईवी काउंसलर अपर्णा त्रिपाठी द्वारा एचआईवी एवं एड्स के अंतर को स्पष्ट करते हुए इस रोग के होने के कारण तथा बचाव को विस्तार से समझाते हुए विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण सुझाव दिया कि टैटू एवं इंजेक्शन की आवश्यकता पड़ने पर पैक सिरिंज का ही प्रयोग करना चाहिए।

मौके पर मौजूद सुमन राय एचआईवी काउंसलर द्वारा एचआईवी रोगियों हेतु दी जाने वाली दवाओं के विषय में जानकारी देते हुए कहा गया कि ऐसे रोगी डॉक्टर के सुझाव से दी जाने वाली दवाओं का नियमित सेवन करके अपनी लंबी जिंदगी जी सकता है। सुमन द्वारा यह भी बताया गया कि एचआईवी एड्स एवं टीबी के रोगियों से हम सभी को नफरत एवं भेदभाव करने की आवश्यकता नहीं है बल्कि ऐसे पीड़ितों के हौसले को मजबूती देने का प्रयास करना चाहिए। उपरोक्त कार्यक्रम में क्षय विभाग के अवध बिहारी कुशवाहा, धनंजय श्रीवास्तव के साथ साथ विद्यालय के डॉक्टर रोहित कुमार त्रिपाठी, डॉ अशोक कुमार त्रिवेदी, कृष्ण कुमार सिंह, डॉक्टर प्रशांत सिंह अध्यापक गंड़ मौजूद रहे।

किसानों को धान बेचने में न हो कोई कठिनाई: विजय कुमार

समाज जागरण अनिल कुमार



हरहुआ वाराणसी। हरहुआ विकास खंड में धान क्रय केन्द्रों पर धीरे-धीरे धान की आवक होने लगी है ।मंगलवार को हरहुआ विकासखंड के भैठौली समिति पर स्थापित धान क्रय केंद्र पर धान खरीद प्रारंभ हो गई।

अपर जिला सहकारी अधिकारी पिंडरा विजय कुमार तथा सहायक विकास अधिकारी हरहुआ प्रदीप कुमार की उपस्थिति में केन्द्र प्रभारी तथा सचिव अभय कुमार सिंह 'सोनू' ने केंद्र पर पहुंचने वाले पहले किसान बालेंद्र सिंह का माला पहनाकर स्वागत किया।बालेन्द्र सिंह ने 40 क्विंटल धान की तौल कराई।

एडीसीओ विजय कुमार ने बताया कि धान खरीद होते ही खरीद का पैसा किसान के खाते में एनपीसीआई के माध्यम से 48 घंटे के अंदर पहुंच जाएगा।

एडीओ हरहुआ प्रदीप कुमार ने केंद्र प्रभारी को चेतावनी दी कि एक सप्ताह के अंदर खरीद 1000 कुंतल तक पहुंचानी सुनिश्चित करें।

एडीओ ने यह भी निर्देशित किया कि केन्द्र पर किसानो के लिए छाया व पेयजल की व्यवस्था निरंतर उपलब्ध रहे।

सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक वाराणसी सुरेंद्र कुमार मौर्य ने कहा है कि किसानों से ही समिति का अस्तित्व है और किसानों की संतुष्टि ही समिति का एकमात्र उद्देश्य है।धान क्रय मे जहां भी किसानों की शिकायत पाई जाएगी, संबंधित सचिव/ केंद्र प्रभारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

बाबतपुर-मंगारी रेलवे स्टेशन के नवनिर्मित एस-आकार के आरओबी पर सुरक्षा व्यवस्था की उठी मांग।

समाज जागरण अनिल कुमार



हरहुआ वाराणसी बाबतपुर-मंगारी रेलवे स्टेशन पर नवनिर्मित रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराने के संबंध में जिलाधिकारी, वाराणसी को व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू सिंह ,समाजसेवी प्रमोद पांडेय ने मिलकर मांग उठाई।

उल्लेखनीय है कि उक्त रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण एस-आकार में किया गया है। पुल पर बने तीर्छे एवं घुमावदार मोड़ों के कारण वाहन चालकों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। विशेषकर रात्रि के समय पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था एवं सुरक्षा संकेतकों के अभाव में गंभीर सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहेगी।

जनहित में आरओबी पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था के लिए समुचित संख्या में स्ट्रीट लाइट लगवाई जाएं। प्रत्येक घुमावदार मोड़ पर दिशा-सूचक एवं दुर्घटना चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं। पुल पर आवश्यकतानुसार रिफ्लेक्टर, कैट-आई एवं अन्य आधुनिक सुरक्षा संकेतक लगाए जाएं।

वाहन चालकों की सुरक्षा के दृष्टिगत गति सीमा एवं यातायात नियमों से संबंधित संकेतक स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किए जाएं।आरओबी के उत्तरी एवं दक्षिणी छोर पर उतरते समय वाहनों की तेज रफ्तार को नियंत्रित करने के लिए तकनीकी मानकों के अनुरूप आवश्यक गति नियंत्रक एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।


मांगों का उद्देश्य किसी व्यक्ति अथवा विभाग की आलोचना करना नहीं, बल्कि संभावित सड़क दुर्घटनाओं को समय रहते रोकना और आम जनमानस के सुरक्षित आवागमन को सुनिश्चित करना है।

शासन-प्रशासन एवं संबंधित विभाग किसी अप्रिय घटना की प्रतीक्षा किए बिना इस गंभीर जनहित के विषय पर तत्काल संज्ञान लेते हुए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाएं कराई जाएं।

एक छोटी-सी सावधानी किसी की अनमोल जिंदगी बचा सकती है। उद्देश्य केवल इतना है कि हर व्यक्ति सुरक्षित अपने गंतव्य तक पहुंचे।

मतदाता सूची आलेख्य प्रकाशन का मण्डलायुक्त व जिलाधिकारी ने बूथों पर भ्रमण कर किया निरीक्षण

समाज जागरण



मीरजापुर /विधानसभा निर्वाचक नामावली के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत आज जनपद के सभी मतदान बूथों पर मतदाता सूची आलेख्य का प्रकाशन किया गया। मतदाता सूची आलेख्य प्रकाशन का मण्डलायुक्त राजेश प्रकाश व जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार एवं सभी उप जिलाधिकारी तथा सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा बूथों पर भ्रमण कर निरीक्षण किया गया।

मण्डलायुक्त राजेश प्रकाश ने नगर के सेंट मैरी स्कूल के बूथ संख्या-426, 427, 428 व 429 का भ्रमण कर निरीक्षण किया। मण्डलायुक्त ने मौके पर उपस्थित बी0एल0ओ0 एवं बी0एल0ए0 तथा मौके पर उपस्थित मतदाताओं/नागरिकों से वार्ता भी की गई। जिलाधिकारी ने पवन कुमार गंगवार ने विकास सिटी अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय ग्राम पहाड़ी पर स्थित बूथ संख्या-421, 422, 423 एवं प्राथमिक विद्यालय जसोवर के बूथ संख्या-424, 425, 426 तथा जुबली इण्टर कालेज मीरजापुर पर स्थित बूथ संख्या-388, 390, 391 एवं 393 पर भ्रमण कर निरीक्षण किया तथा उपस्थित मतदाताओं/नागरिकों से वार्ता कर आलेख्य प्रकाशन व मतदाता सूची में नाम शामिल होने के सम्बंध में वार्ता भी की। इसी क्रम मे अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 विनोद कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अविनाश सिंह सहित उप जिलाधिकारी सदर महेन्द्र सिंह, चुनार अनेग सिंह, मड़िहान संतोष ओझा, लालगंज अजीत कुमार, सभी खण्ड विकास अधिकारियों के द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में बूथों पर भ्रमण कर निरीक्षण किया गया।

अंतरजनपदीय चोर गिरोह का पदार्फाश, सरगना समेत तीन गिरफ्तार

विवेक कुमार समाज जागरण संवाददाता



मोहनलालगंज पुलिस टीम व सर्विलांस टीम ने अंतरजनपदीय चोर गिरोह का पदार्फाश करते हुए सरगना समेत तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से करीब अठारह लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के आभूषण, चोरी की एक सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल और लोहे का रॉड बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान बाबू, आशिक अली निवासी बहराइच और शीबू निवासी उन्नाव के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक गिरोह ने मोहनलालगंज, पीजीआई और ठाकुरगंज थाना क्षेत्रों में चोरी की वारदातों को अंजाम दिया था। पुलिस ने आठ चोरी की घटनाओं का खुलासा किया है, जबकि गिरोह के दो अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है।पुलिस के मुताबिक गिरोह के सदस्य बहराइच से लखनऊ आकर वारदातों को अंजाम देते थे। ये लोग दिन के समय बाइक से गली-मोहल्लों में घूमकर नए विकसित हो रहे इलाकों और कॉलोनियों में बंद मकानों की रेकी करते थे। जिन घरों के मुख्य दरवाजे पर ताला लगा होता था और छत या आंगन में कपड़े सूखते दिखाई देते थे, उन्हें निशाना बनाते थे। इसके बाद मौका देखकर ताला तोड़कर घर में घुसते और सोने-चांदी के जेवरात समेटकर फरार हो जाते थे। पहचान छिपाने के लिए गिरोह चोरी की मोटरसाइकिल का इस्तेमाल करता था।पुलिस की पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वे चोरी के आभूषण आपस में बांट लेते थे और अपने हिस्से के जेवरात राह चलते लोगों को कम कीमत पर बेच देते थे। इससे मिलने वाली रकम को अपने निजी खर्चों में इस्तेमाल करते थे। पुलिस के अनुसार गिरोह में दो अन्य सदस्य भी शामिल हैं, जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।मोहनलालगंज क्षेत्र में लगातार हुई चोरी की घटनाओं के खुलासे के लिए डीसीपी दक्षिणी मो. मुश्ताक के निर्देशन में सर्विलांस सेल और स्थानीय थानों की सात पुलिस टीमों का गठन किया गया था। टीमों ने करीब 140 से 145 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और तकनीकी व मैनुअल साक्ष्यों के आधार पर आरोपितों तक पहुंच बनाई। मंगलवार को पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर चोरी के जेवरात बरामद कर लिए।पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार बाबू के खिलाफ बहराइच, लखनऊ और श्रावस्ती समेत विभिन्न जनपदों में चोरी, लूट के माल की बरामदगी, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर एक्ट समेत 15 मुकदमे दर्ज हैं। वहीं आशिक अली के खिलाफ भी बहराइच, लखनऊ, श्रावस्ती और सीतापुर समेत विभिन्न जनपदों में 19 मुकदमे दर्ज बताए गए हैं। तीसरे आरोपित शीबू के खिलाफ उन्नाव के दही थाने में भी मुकदमा दर्ज है।पुलिस ने मोहनलालगंज थाने के चार, पीजीआई थाने के दो और ठाकुरगंज थाने के एक मुकदमे समेत कुल आठ चोरी के मामलों का खुलासा किया है। बरामदगी में सोने की दो जंजीर, चार अंगूठियां, तीन मंगलसूत्र, कान के आभूषण, बाली, मोती, लॉकेट और अन्य आभूषण शामिल हैं। इसके अलावा चांदी की दस जोड़ी पायल, दस जोड़ी बिछिया, कड़े, सिक्के और अन्य सामान बरामद हुआ है। बरामद आभूषणों की अनुमानित कीमत करीब अठारह लाख रुपये बताई गई है।डीसीपी दक्षिणी मो. मुश्ताक के मार्गदर्शन, एसीपी मोहनलालगंज राजेश कुमार सिंह के निर्देशन और प्रभारी निरीक्षक इंद्रजीत सिंह के नेतृत्व में पुलिस व सर्विलांस टीम ने यह कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपितों को आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया गया।

थाना प्रभारी अंजनी कुमार सिंह की पहल लाई रंग, गड्ढे भरने से राहगीरों को मिली राहत; यातायात माह में पुलिस की अनूठी पहल की हो रही सराहना

विवेक कुमार समाज जागरण संवाददाता



नगराम अंजनी कुमार सिंह ने सराहनीय पहल

नगराम, लखनऊ। नगराम से गंगागंज जाने वाले मार्ग पर लंबे समय से क्षतिग्रस्त सड़क राहगीरों के लिए मुसीबत बनी हुई थी। सड़क के बीच जगह-जगह बने गहरे गड्ढों के चलते आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती थी। खासकर रात के अंधेरे में गड्ढे दिखाई न देने से दोपहिया वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। स्थानीय लोगों की शिकायतों और राहगीरों की समस्या के बावजूद सड़क की मरम्मत नहीं हो पा रही थी।राहगीरों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए एसओ की। उन्होंने पुलिसकर्मियों और क्षेत्रवासियों को साथ लेकर क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत कराने की मुहिम शुरू की। पुलिस और जनसहयोग से सड़क के टूटे हिस्सों में बने गड्ढों को भरवाया गया। इससे लंबे समय से परेशानी झेल रहे राहगीरों को राहत मिली है।नवंबर यातायात माह के दौरान नगराम पुलिस की यह पहल खास चर्चा में है। पुलिस ने महज यातायात नियमों के पालन की अपील और जागरूकता अभियान तक अपनी जिम्मेदारी सीमित नहीं रखी, बल्कि दुर्घटनाओं की वजह बन रही सड़क की समस्या को दूर करने के लिए खुद आगे आकर कदम उठाया।पुलिस और जनता के सामूहिक प्रयास से सड़क की मरम्मत होने पर क्षेत्रीय लोगों ने राहत की सांस ली। नगराम पुलिस की इस जनहितकारी पहल की क्षेत्र में सराहना हो रही है। एसओ अंजनी कुमार सिंह की इस पहल ने संदेश दिया कि सड़क सुरक्षा केवल हेलमेट, सीट बेल्ट और यातायात नियमों के पालन तक सीमित नहीं है, बल्कि दुर्घटनाओं की वजह बनने वाली बुनियादी समस्याओं को दूर करना भी जरूरी है।

31 मार्च 2027 से आउटसोर्स कर्मचारियों की सेवा समाप्ति के फैसले पर मचा हड़कंप, समाजसेवी एवं शिक्षाविद जितेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री से पुनर्विचार की मांग

प्रदेश के करीब 4 लाख आउटसोर्स कर्मचारियों पर बेरोजगारी का संकट, दो लाख महिला कर्मचारी भी प्रभावित होने की आशंका; सेवा समाप्ति का आदेश निरस्त कर नियमितीकरण की प्रक्रिया शुरू करने की उठी मांग

समाज जागरण

जैतहरी। मध्यप्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों में वर्षों से सेवाएं दे रहे आउटसोर्स कर्मचारियों की 31 मार्च 2027 से सेवा समाप्त किए जाने के निर्णय को लेकर कर्मचारियों में चिंता और आक्रोश बढ़ने लगा है। इस फैसले पर जैतहरी निवासी समाजसेवी एवं शिक्षाविद जितेंद्र सिंह ने पुनर्विचार करने तथा सेवा समाप्ति के आदेश को निरस्त करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र भेजकर हस्तक्षेप की अपील की गई है। पत्र में प्रदेश के करीब चार लाख आउटसोर्स कर्मचारियों के भविष्य और उनके परिवारों की आर्थिक सुरक्षा का हवाला देते हुए सभी कर्मचारियों को नियमित करने की कार्यवाही शुरू करने का आग्रह किया गया है। मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि प्रदेश के स्वास्थ्य, विद्युत, लोक निर्माण, कलेक्ट्रेट, जिला पंचायत, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन, कृषि एवं उद्यानिकी सहित अनेक महत्वपूर्ण विभागों में हजारों आउटसोर्स कर्मचारी लंबे समय से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। ये कर्मचारी कम वेतन और सीमित सुविधाओं के बावजूद सरकारी व्यवस्थाओं के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। पत्र के अनुसार स्वास्थ्य विभाग में आउटसोर्स कर्मचारी सफाई व्यवस्था से लेकर चिकित्सा सेवाओं में सहायक के रूप में विभिन्न जिम्मेदारियां निभा रहे हैं। वहीं विद्युत विभाग में कर्मचारी सबस्टेशन संचालन, कंप्यूटर कार्य, बिजली लाइनों के रखरखाव, मीटर



कनेक्शन, बिलिंग और विद्युत सुधार जैसे जोखिमपूर्ण कार्यों में जुटे हुए हैं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था सुचारु रखने में भी इनकी महत्वपूर्ण भूमिका बताई गई है। इसी तरह कलेक्ट्रेट और जिला स्तर के विभिन्न सरकारी कार्यालयों में आउटसोर्स कर्मचारी कंप्यूटर ऑपरेटर, सीएम हेल्पलाइन, जन सुनवाई और महत्वपूर्ण दस्तावेजों एवं फाइलों से जुड़े कार्यों का निर्वहन कर रहे हैं। जिला पंचायत, जनपद पंचायत और ग्राम पंचायतों में भी बड़ी संख्या में कर्मचारी सेवाएं दे रहे हैं। नल-जल योजना के संचालन और जल वितरण व्यवस्था में इनकी भागीदारी को भी महत्वपूर्ण बताया गया है। चार लाख कर्मचारियों में करीब दो लाख महिलाएं होने का दावा मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में दावा किया गया है कि प्रदेश के विभिन्न सरकारी विभागों में लगभग चार लाख आउटसोर्स कर्मचारी कार्यरत हैं, जिनमें करीब दो लाख महिलाएं शामिल हैं। पत्र में कर्मचारियों की कार्यस्थितियों पर भी सवाल उठाए गए हैं। आरोप है कि इन कर्मचारियों को पर्याप्त अवकाश, चिकित्सा सुविधा, बोनस और अन्य शासकीय लाभ नहीं मिलते। ईपीएफ सहित सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी सुविधाओं को लेकर भी गंभीर समस्याएं बताई गई हैं। इसके बावजूद कर्मचारी वर्षों से कम वेतन में अपनी जिम्मेदारियां निभा रहे हैं। सेवा समाप्ति से परिवारों के सामने खड़ा होगा आर्थिक संकट पत्र में कहा गया है कि यदि 31 मार्च 2027 से कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त की जाती हैं तो लाखों परिवारों के सामने रोजी-रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो सकता है। विशेष रूप से महिला कर्मचारियों और उन परिवारों पर इसका व्यापक प्रभाव पड़ेगा, जिनकी आजीविका पूरी तरह इन नौकरियों पर निर्भर है। पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मांग की गई है कि कर्मचारियों की सेवा समाप्ति के निर्णय पर तत्काल पुनर्विचार करते हुए आदेश निरस्त किया जाए। वर्षों से कार्यरत कर्मचारियों की सेवाएं निरंतर जारी रखने की व्यवस्था की जाए तथा उनके नियमितीकरण के लिए ठोस नीति बनाकर आवश्यक कार्यवाही शुरू की जाए। अब देखना होगा कि प्रदेश के लाखों आउटसोर्स कर्मचारियों के भविष्य से जुड़े इस मुद्दे पर राज्य सरकार क्या रुख अपनाती है और कर्मचारियों को राहत देने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।

धान खरीदी केंद्रों पर पहुंचे कलेक्टर, व्यवस्थाओं का लिया जायजा; अवैध परिवहन पर सख्ती के निर्देश

अंतरराज्यीय चेक पोस्ट बरौर, चंगेरी और मालाडांड का किया निरीक्षण, सीसीटीवी निगरानी और वाहनों की जांच व्यवस्था मजबूत करने के दिए निर्देश

समाज जागरण

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुचारु बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने 16 नवंबर को मरवाही विकास खंड के विभिन्न धान उपार्जन केंद्रों और अंतरराज्यीय जांच चौकियों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने धान खरीदी की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं समिति प्रबंधकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने करगीकला, मरवाही, तेंदूमूड़ा एवं परासी धान उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर किसानों के लिए उपलब्ध सुविधाओं, टोकन व्यवस्था, धान की नमी एवं गुणवत्ता परीक्षण तथा बारदानों की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने केंद्रों में पंजीकृत किसानों की संख्या, जारी टोकन और धान की आवक का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने किसानों से सीधे संवाद कर धान विक्रय की प्रक्रिया एवं उन्हें होने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने समिति प्रबंधकों को निर्देशित किया कि खरीदी प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जाए और किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। साथ ही नए एवं पीडीएस से प्राप्त बारदानों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा उपार्जित धान के सुरक्षित भंडारण और रखरखाव पर विशेष ध्यान देने को कहा। अंतरराज्यीय सीमाओं पर अवैध धान परिवहन रोकने की कवायद धान के अवैध परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए कलेक्टर ने अंतरराज्यीय जांच चौकियों बरौर, चंगेरी एवं मालाडांड का भी निरीक्षण किया। बरौर चेक पोस्ट पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था देखी और वहां तैनात अधिकारी-कर्मचारियों से निगरानी एवं जांच प्रक्रिया की जानकारी ली।

उन्होंने मौके पर उपस्थित एसडीएम मरवाही एवं तहसीलदार को निर्देश दिए कि अंतरराज्यीय सीमाओं पर विशेष सतर्कता बरती जाए। दूसरे राज्यों से आने-जाने वाले धान परिवहन वाहनों की नियमित जांच की जाए तथा किसी भी प्रकार के अवैध परिवहन को रोकने के लिए चौकियों पर निगरानी व्यवस्था प्रभावी रखी जाए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। ऐसे में किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने, खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने और अवैध धान परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी और सजगता के साथ कार्य करें।

धान खरीदी केंद्रों में प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, 282 बोरी अवैध धान जब्त

खोडरी और गौरेला उपार्जन केंद्रों में संयुक्त जांच दल की दबिश, 119 क्विंटल धान पकड़ा; बिचौलियों के जरिए धान खपाने की आशंका पर कार्रवाई

समाज जागरण

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में पारदर्शिता बनाए रखने और बिचौलियों के माध्यम से अवैध रूप से धान खपाने की गतिविधियों पर अंकुश लगाने जिला प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। कलेक्टर विजय दयाराम के. के मार्गदर्शन में राजस्व, खाद्य, सहकारिता एवं कृषि विभाग की संयुक्त जांच टीमों ने धान उपार्जन केंद्र खोडरी एवं गौरेला में कार्रवाई करते हुए कुल 282 बोरी यानी 119 क्विंटल धान जब्त किया है। प्रशासनिक जांच के दौरान ग्रीष्म कालीन फसल, पुराने एवं मिश्रित किस्म के धान को समर्थन मूल्य पर विक्रय के लिए लाए जाने का मामला सामने आया। संबंधित व्यक्तियों द्वारा धान के संबंध में स्पष्ट जानकारी नहीं दिए जाने और बिचौलियों के माध्यम से धान खपाए जाने की आशंका के चलते जांच दल ने जब्ती की कार्रवाई की। खोडरी केंद्र में 240 बोरी धान जब्त धान उपार्जन केंद्र खोडरी में संयुक्त जांच दल ने समिति कर्मचारियों की मौजूदगी में किसानों द्वारा विक्रय के लिए लाए गए धान की गुणवत्ता एवं नमी की जांच की। इस दौरान दो किसानों के धान में ग्रीष्मकालीन फसल का पुराना एवं मिश्रित किस्म का धान पाया गया। जांच दल ने नरेंद्र सिंह राठौर से 40 बोरी (20 क्विंटल) तथा हेमबाई राठौर, नामिनी राजेश कुमार राठौर से 200 बोरी (80 क्विंटल) धान जब्त किया। इस प्रकार खोडरी केंद्र से कुल 240 बोरी यानी 100 क्विंटल धान की जब्ती की गई।

गौरेला केंद्र में 42 बोरी धान पकड़ा इसी तरह धान उपार्जन केंद्र गौरेला में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पेंड्रारोड, खाद्य निरीक्षक गौरेला एवं कृषि नोडल अधिकारी गौरेला की संयुक्त टीम ने जांच की। इस दौरान ग्राम आंदुल (भदौरा) निवासी कृषक पून्नू लाल द्वारा ग्रीष्मकालीन एवं मिश्रित किस्म का धान विक्रय के लिए लाया जाना पाया गया।

जांच दल ने मौके पर 42 बोरी (19 क्विंटल) धान जब्त कर समिति प्रबंधक गौरेला की सुपुर्दगी में सौंप दिया। बिचौलियों पर प्रशासन की नजर, जांच अभियान जारी जिला प्रशासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में किसी भी प्रकार की अनियमितता रोकने के लिए उपार्जन केंद्रों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। विशेष रूप से पुराने, ग्रीष्मकालीन एवं मिश्रित किस्म के धान की आड़ में बिचौलियों द्वारा अवैध रूप से धान खपाने की आशंका को देखते हुए संयुक्त जांच दल सक्रिय हैं। प्रशासन का उद्देश्य वास्तविक किसानों को समर्थन मूल्य का लाभ दिलाना और खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी बनाए रखना है।

हथवार- प्राकृतिक सौंदर्य का अद्भूत संगम, गूंज रहा प्रवासी पक्षियो का कलरव

कलेक्टर ने हथवार में दुर्लभ पक्षियों का देखा बेसरा, जानी बैगाओ की संस्कृति

समाज जागरण

शहडोल जिले के प्राकृतिक सौंदर्य और जैव विविधता से समृद्ध हथवार क्षेत्र का कलेक्टर श्री पार्थ जाय सवाल एवं पुलिस अधीक्षक श्री संजय कुमार अग्रवाल ने भ्रमण किया। ब्यौहारी से लगभग 30 किलोमीटर दूर स्थित हथवार अपनी प्राकृतिक सुंदरता और प्रवासी पक्षियों की मौजूदगी के लिए विशेष पहचान रखता है। भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री पार्थ जायसवाल ने क्षेत्र में दुर्लभ पक्षियों के बसेरे का अवलोकन किया। यहां प्रवासी पक्षियों की चहचहाहट और प्राकृतिक वातावरण ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने क्षेत्र की प्राकृतिक संपदा, पक्षियों की मौजूदगी और जैव विविधता को करीब से देखा। इस दौरान कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने बैगा जनजाति की संस्कृति, परंपराओं और रहन-सहन की भी जानकारी प्राप्त की। बैगा समुदाय की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और प्रकृति के साथ उनके जुड़ाव को करीब से जानने का अवसर मिला। हथवार का प्राकृतिक परिवेश, हरियाली और प्रवासी पक्षियों का कलरव इसे पर्यटन की दृष्टि से भी आकर्षक बनाता है। यह क्षेत्र शहडोल जिले की प्राकृतिक और सांस्कृतिक विरासत का एक सुंदर उदाहरण है। ग्राम हथवार निवासी श्री रामकेश पटेल ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भाँति बनास नदी के तटों पर हजारों किलोमीटर का सफर तय करके प्रवासी पक्षियों का भव्य आगमन अक्टूबर से नवंबर के बीच शुरू होता है। मध्य एशिया के ठंडे मौसम से बचने के लिए ये पक्षी यहां आते हैं और मार्च से अप्रैल तक बनास नदी को अपना अस्थाई घर बनाकर रहते हैं जो एक विशेष पहचान दिलाती है। नदी के किनारों पर इन विदेशी मेहमानों के कलरव से प्रकृति प्रेमियों और स्थानीय लोगों में उत्साह जागृत होता है। पक्षी विशेषज्ञों के अनुसार, इस वर्ष आगमन करने वाली प्रमुख प्रजातियों में कोमारेंट और चक्रवाक शामिल हैं, जिसे स्थानीय भाषा में ब्राह्मणी बत्तख भी कहा जाता है। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री षिवम प्रजापति, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुश्री अर्चना मिश्रा सहित अन्य अधि कारियो ने भी हथवार का भ्रमण कर प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लिया।

ताप विद्युत गृह के खाली क्वार्टरों में ठेका श्रमिकों को मिले अस्थायी आवास, मजदूरी के अनुपात में तय हो किराया

भारतीय विद्युत ठेका मजदूर संघ ने मुख्य अभियंता एवं परियोजना प्रमुख को सौंपा ज्ञापन, श्रमिकों की आवासीय समस्या उठाई

कम वेतन में बाहर रहकर गुजारा करना मुश्किल, रिक्त आवासों का सर्वे कर पात्र श्रमिकों को सुविधा देने की मांग

समाज जागरण **चचाई।

अमरकंटक ताप विद्युत गृह, चचाई में वर्षों से विद्युत उत्पादन, संयंत्र अनुरक्षण, हाउसकीपिंग, साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक कार्यों में सेवाएं दे रहे आउटसोर्स और ठेका श्रमिकों की आवासीय समस्या को लेकर भारतीय विद्युत ठेका मजदूर संघ, शाखा चचाई ने पहल की है। संघ ने 17 नवंबर 2026 को मुख्य अभियंता/परियोजना प्रमुख के नाम ज्ञापन सौंपकर ताप विद्युत गृह की आवासीय कॉलोनी में उपलब्ध रिक्त एवं रहने योग्य क्वार्टरों को पात्र ठेका और आउटसोर्स श्रमिकों को अस्थायी रूप से आवंटित करने की मांग की है। संघ का कहना है कि संयंत्र के संचालन और रखरखाव में ठेका श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके बावजूद सीमित मासिक मजदूरी पाने वाले अनेक श्रमिकों को रहने के लिए निजी मकान किराये पर लेने पड़ते हैं। दूर-दराज से आकर काम करने वाले इन श्रमिकों पर आवास का अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता है। ऐसे में कंपनी की आवासीय कॉलोनी में यदि क्वार्टर रिक्त हैं, तो उनका उपयोग श्रमिकों के हित में किया जाना चाहिए।

मजदूरी के अनुपात में निर्धारित हो आवास का किराया संघ की प्रमुख मांग है कि श्रमिकों की वेतन श्रेणी और आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए मासिक आवास किराया निर्धारित किया जाए। कम वेतन पाने वाले श्रमिकों पर अधिक किराये का बोझ नहीं डाला जाना चाहिए। इसके लिए रिक्त क्वार्टरों का सर्वेक्षण कर उनकी स्थिति, उपलब्धता और पात्रता के आधार पर आवंटन की पारदर्शी व्यवस्था बनाई जाए।

आवास सुविधा से श्रमिकों के साथ कॉलोनी को भी मिलेगा लाभ ज्ञापन में कहा गया है कि खाली पड़े क्वार्टरों में पात्र श्रमिकों को अस्थायी आवास देने से न केवल उन्हें सुरक्षित रहने की सुविधा मिलेगी, बल्कि आवासीय परिसरों की नियमित साफ-सफाई, रखरखाव और सुरक्षा व्यवस्था में भी सहयोग मिलेगा। संघ ने मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड की प्रचलित आवास आवंटन नियमावली, संबंधित परिपत्रों एवं लागू श्रम कानूनों के तहत ठेका श्रमिकों की पात्रता स्पष्ट करने की मांग भी की है। आवश्यकता पड़ने पर सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से अलग अस्थायी आवास नीति बनाने का सुझाव दिया गया है। संघ अध्यक्ष ज्ञानेंद्र पांडेय ने प्रबंधन से मांग की ह

कि ठेका अनुबंधों में श्रमिक आवास एवं कल्याण संबंधी प्रावधानों की समीक्षा कर पात्र श्रमिकों को सुविधाओं का लाभ दिया जाए। साथ ही संघ प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित कर मांगों पर सकारात्मक निर्णय लिया जाए और कार्रवाई की जानकारी लिखित रूप में उपलब्ध कराई जाए। अब देखना होगा कि ताप विद्युत गृह प्रबंधन श्रमिकों की इस बुनियादी आवासीय समस्या के निराकरण के लिए क्या कदम उठाता है।

मालाचुआ वन चौकी से व्यापक स्तर पर खैर पार

पहले से जब्त खैर को तस्कर उठा ले गए, वन विभाग की सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

समाज जागरण

उमरिया। जिले में खैर तस्करी का मामला अब गंभीर रूप लेता जा रहा है। घुनघुटी के बाद अब मालाचुआ वन चौकी से व्यापक स्तर पर खैर की लकड़ी चोरी होने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि वन विभाग ने अवैध कटाई के मामले में खैर की लकड़ी जब्त कर वन चौकी परिसर में रखी थी, लेकिन तस्कर उसी जब्त लकड़ी को उठाकर फरार हो गए। इस घटना ने वन विभाग की सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिस चौकी में जब्त लकड़ी सुरक्षित रखी जानी चाहिए थी, वहीं से उसका चोरी होना विभागीय कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगाता है। स्थानीय लोगों के अनुसार खैर की लकड़ी से कत्था बनाया जाता है, जिसकी बाजार में अच्छी मांग है। इसी कारण तस्कर खैर की लकड़ी हासिल करने के लिए सक्रिय हैं। बताया जा रहा है कि मालाचुआ वन



नाका भवन जर्जर हालत में है और बैरियर भी खुला रहता है। लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच, जब्त लकड़ी का रिकॉर्ड सार्वजनिक करने, चौकी कर्मचारियों से पूछताछ तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही वन चौकियों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की जरूरत जताई है।

आंवला नवमी पर डोंगरियाटोला में उमड़ेगी आस्था और उल्लास की भीड़

11 मुखी हनुमान जी के दर्शन के साथ आंवले के वृक्ष की पूजा और पारिवारिक पिकनिक का वर्षों पुराना आकर्षण, दूर-दराज से पहुंचेंगे श्रद्धालु

समाज जागरण अनूपपुर।

नगर परिषद बरगवां-अमलाई के वार्ड क्रमांक 5 अंतर्गत स्थित डोंगरिया टोला में कल आंवला नवमी (इच्छा नवमी) का पर्व श्रद्धा, भक्ति और पारिवारिक उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर पहाड़ी पर विराजमान 11 मुखी हनुमान जी के दर्शन एवं पूजन-अर्चन के लिए क्षेत्र सहित दूर-दराज से सैकड़ों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। वर्षों से चली आ रही परंपरा के चलते यह स्थान आंवला नवमी पर धार्मिक आस्था के साथ पारिवारिक मिलन और पिकनिक के प्रमुख केंद्र के रूप में अपनी पहचान बनाए हुए है। आस्था के साथ प्रकृति की खूबसूरती का संगम डोंगरियाटोला की पहाड़ी पर स्थित आंवले के वृक्ष, चारों ओर फैली हरियाली, पहाड़ियों और दूर तक दिखाई देने वाली प्राकृतिक वादियां इस स्थान की खूबसूरती को खास बनाती हैं। हर वर्ष आंवला नवमी पर अनूपपुर, सकरा, शहडोल, पेपर मिल, संजय नगर, विवेक नगर, धनपुरी, राजेंद्रग्राम सहित आसपास के क्षेत्रों से लोग परिवार सहित यहां पहुंचते हैं। लोग आंवले के वृक्ष की पूजा-अर्चना करने के साथ परिवारजनों के साथ भोजन बनाते हैं और प्राकृतिक



वातावरण में पूरा दिन बिताते हैं। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में इस आयोजन को लेकर विशेष उत्साह रहता है। 11 मुखी हनुमान जी के दर्शन होंगे विशेष आकर्षण इस धार्मिक स्थल का प्रमुख आकर्षण पहाड़ी पर विराजमान 11 मुखी हनुमान जी की भव्य प्रतिमा और मंदिर है। श्रद्धालुओं के लिए यहां दर्शन और पूजन विशेष महत्व रखते हैं। आस्था और प्राकृतिक सौंदर्य का यह अनूठा संगम डोंगरियाटोला को आसपास के क्षेत्रों में अलग पहचान दिला रहा है। आंवला नवमी पर मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की आवाजाही रहने की संभावना है। क्यों मनाई जाती है आंवला नवमी? हिंदू पंचांग के अनुसार कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की नवमी को आंवला नवमी अथवा अक्षय नवमी कहा जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन आंवले के वृक्ष में भगवान विष्णु का वास माना जाता है। श्रद्धालु आंवले के वृक्ष की पूजा-अर्चना करते हैं तथा उसकी छांव में भोजन कर दान-पुण्य और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। मान्यता है कि इस दिन किए गए शुभ कार्यों का पुण्य अक्षय रहता है। इसी धार्मिक परंपरा और पारिवारिक उल्लास के कारण डोंगरियाटोला में यह पर्व वर्षों से विशेष उत्साह के साथ मनाया जाता रहा है। आस्था, परंपरा, प्रकृति और परिवार के साथ बिताए जाने वाले यादगार पलों का संगम बना डोंगरियाटोला एक बार फिर आंवला नवमी पर श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों के स्वागत के लिए तैयार है।

जरवाही, बटली घाट और मरजाद खरला (कसेड़-सोन नदी तट) में अवैध रेत खनन का खेल, बेपरवाह माफिया और मौन प्रशासन

समाज जागरण बुढार (शहडोल):

बुढार थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जरवाही, बटली घाट और मरजाद खरला क्षेत्र में कसेड़ और सोन नदी के पावन तटों से रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन बेलगाम जारी है। खनिज माफिया प्राकृतिक संपदा को दोनों हाथों से लूट रहे हैं, लेकिन स्थानीय प्रशासन और जिम्मेदार विभाग इस गंभीर मामले पर पूरी तरह आंखें मूंदे बैठे हैं। नियमों की अनदेखी और पर्यावरण को भारी क्षति क्षेत्रीय सूत्रों के अनुसार, इन प्रमुख घाटों पर प्रशासनिक सुस्ती का फायदा उठाकर धड़ल्ले से अवैध रेत निकाली जा रही है। इस अवैध कारोबार के कारण न केवल पर्यावरण और नदी का प्राकृतिक संतुलन खतरे में पड़ गया है, बल्कि भारी वाहनों के बेरोक-टोक संचालन से ग्रामीण इलाकों की सड़कें भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो रही हैं। समय पर ठोस कार्रवाई न होने के कारण माफियाओं के हौसले पूरी तरह बुलंद हैं।

प्रशासन से सख्त कार्रवाई की पुरजोर मांग स्थानीय स्तर पर लगातार यह मांग उठाई जा रही है कि खनिज विभाग और जिला प्रशासन को तत्काल प्रभाव से इस अवैध उत्खनन पर रोक लगानी चाहिए। जनता और प्रबुद्ध नागरिकों का कहना है कि इस गंभीर मामले का संज्ञान लेते हुए अवैध रेत के परिवहन और उत्खनन में लिप्त सभी वाहनों पर नियमानुसार जब्ती की कार्रवाई की जाए, ताकि प्राकृतिक धरोहरों का संरक्षण हो सके और आम जनता का प्रशासनिक व्यवस्था पर विश्वास सुदृढ़ बना रहे।

*जल , जंगल और जमीन के संरक्षण के प्रति सजग एवं सख्त हैं वन परिक्षेत्र अधिकारी अंकित सोनी

समाज जागरण

मानपुर। जल, जंगल और जमीन प्रकृति की अनमोल धरोहर हैं। इनके संरक्षण की जिम्मेदारी हम सभी की है। इसी दिशा में मानपुर के वन परिक्षेत्र अधिकारी अंकित सोनी वन एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर सजगता और जिम्मेदारी के साथ कार्य कर रहे हैं। वन संपदा की सुरक्षा, अवैध कटाई पर रोक, वन्यजीवों का संरक्षण तथा प्राकृतिक संसाधनों को सुरक्षित रखना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। अंकित सोनी अपने सरल, सहज एवं मृदुभाषी व्यवहार के साथ जिम्मेदार कार्यशैली के लिए पहचाने जाते हैं। वन क्षेत्र में नियमों का पालन सुनिश्चित करने और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर उनकी सक्रियता की क्षेत्र में चर्चा हो रही है। वन परिक्षेत्र अधिकारी के रूप में उनके पदभार संभालने के बाद ग्रामीणों में वन संरक्षण को लेकर नई उम्मीद जगी है। ग्रामीणों का कहना है कि जंगलों की सुरक्षा और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए बेहद जरूरी है। ग्रामीणों ने वन विभाग की कार्यशैली की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में वन संपदा, हरियाली और वन्यजीवों का संरक्षण और बेहतर तरीके से होगा। साथ ही उन्होंने आम नागरिकों से भी पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करने की अपील की।

भगवान श्री सहस्त्रार्जुन महाराज जयंती समारोह धूमधाम से संपन्न, समाज की एकता और प्रतिभाओं का दिखा अद्भुत संगम

समाज जागरण

गौरेला। जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही एवं वेंकटनगर के ताम्रकार समाज द्वारा आराध्य देव भगवान श्री सहस्त्रार्जुन महाराज जी की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास, श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ गौरेला स्थित मरही माता मंदिर भवन में मनाई गई। समारोह में समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। जयंती समारोह का शुभारंभ नगर में भव्य रैली निकालकर किया गया। रैली के पश्चात भगवान श्री सहस्त्रार्जुन महाराज जी की विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती कर समाज की सुख-समृद्धि, एकता और खुशहाली की कामना की गई। इस अवसर पर बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता एवं आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया। वहीं महिलाओं ने फैशन वॉक एवं नृत्य के माध्यम से अपनी प्रतिभा और कला का



शानदार प्रदर्शन किया। समाज की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात सभी समाजजनों ने सामूहिक रूप से भोजन-प्रसाद ग्रहण किया।इस भव्य आयोजन में नवनियुक्त पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अनुज ताम्रकार अध्यक्ष, अरुण ताम्रकार उपाध्यक्ष, राजेंद्र ताम्रकार कोषाध्यक्ष, संजय ताम्रकार सचिव, मुकेश ताम्रकार सह सचिव तथा विद्या ताम्रकार एवं पप्पू ताम्रकार संरक्षक के रूप में उपस्थित रहे।इन सभी के नेतृत्व, मार्गदर्शन एवं समाजजनों के सामूहिक सहयोग से जयंती समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समारोह ने समाज की एकता, संस्कार, परंपरा और आपसी सहयोग का प्रेरणादायक संदेश दिया।

पुलिस पकड़ रही अवैध शराब, आबकारी विभाग किसके इंतजार में?

जिले में लगातार मिल रही अवैध शराब की खेप से आबकारी विभाग की निगरानी व्यवस्था पर उठे सवाल, अधिकारी की जवाबदेही तय करने की मांग

दैनिक समाज जागरण

अनूपपुर। जिले में अवैध शराब और गांजे के कारोबार के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है, लेकिन इसके बावजूद अवैध कारोबार पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। ऐसे में आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही पर सवाल खड़े हो रहे हैं। 15 नवंबर को जैतहरी पुलिस ने ग्राम चोलना में छापेमारी कर करीब 2.46 लाख रुपये की अवैध शराब जब्त की थी। कार्रवाई में लगभग 250.895 लीटर देशी-अंग्रेजी शराब और 80 लीटर महुआ लाहन बरामद हुआ। इसके अलावा कोतवाली, कोतमा, करनपठार और



राजेंद्रग्राम क्षेत्रों में भी पुलिस ने अवैध शराब एवं गांजे के खिलाफ कार्रवाई की है। लगातार हो रही बरामदगी से सवाल उठता है कि अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और बिक्री पर निगरानी रखने वाला आबकारी विभाग आखिर क्या कर रहा है? ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध कारोबार की जानकारी विभाग तक क्यों नहीं पहुंच रही है? प्रशासन से मांग की जा रही है कि आबकारी विभाग की पिछले छह माह की कार्रवाई की समीक्षा कराई जाए। साथ ही अवैध कारोबार में संभावित सांठगांठ और लापरवाही की निष्पक्ष जांच हो। पुलिस की सक्रियता के साथ आबकारी विभाग की जवाबदेही भी तय होना जरूरी है।

मैकल क्लब में खो-खो एवं सेपक टाकरा प्रतियोगिता आयोजित

जनजातीय कार्य विभाग ने खिलाड़ियों को दिया प्रतिभा प्रदर्शन का मंच, चयनित दल धार में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में लेगा भाग

दैनिक समाज जागरण

अनूपपुर। जनजातीय कार्य विभाग अनूपपुर द्वारा मैकल क्लब में क्षेत्र स्तरीय खो-खो एवं सेपक टाकरा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सहायक आयुक्त सरिता नायक के आदेशानुसार क्षेत्र संयोजक संतोष बाजपेई के निर्देशन, प्राचार्य संयोजक अजय कुमार जैन के मार्गदर्शन तथा जिला क्रीड़ा प्रभारी उपेंद्र कुमार मिश्रा की देखरेख में प्रतियोगिता संपन्न हुई। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री सिद्धार्थ शिव और सांसद प्रतिनिधि वेदप्रकाश द्विवेदी सहित अन्य अतिथियों ने सहभागिता कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और संघर्ष की भावना को मजबूत करने का आधार है। जनजातीय क्षेत्र की प्रतिभाओं को उचित मंच एवं प्रोत्साहन देना आवश्यक है। आयोजन में महेंद्र सिंह, शीलू त्रिपाठी, बृजेश चतुर्वेदी, सुभाष मिश्रा, डॉ. राज पाण्डेय सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं खेल विभाग के पीटीआई उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी आगामी दिनों धार में आयोजित विभागीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अनूपपुर का प्रतिनिधित्व करेंगे।

जिलाधिकारी ने स्वयं की स्व-गणना, जनपदवासियों से भी स्व-गणना में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने की अपील

16 से 30 नवंबर तक स्व-गणना पोर्टल के माध्यम से स्वयं भरें अपने परिवार की जानकारी

1 दिसंबर से 4 जनवरी तक प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर की जाएगी जनसंख्या गणना



समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी

सोनभद्र। जनगणना-2027 के द्वितीय चरण (जनसंख्या गणना) के अंतर्गत जनपद में स्व-गणना की प्रक्रिया 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक संचालित की जा रही है। इसी क्रम में जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने स्वयं स्व-गणना पोर्टल पर अपनी एवं अपने परिवार की जानकारी दर्ज कर स्व-गणना की प्रक्रिया पूर्ण की तथा जनपदवासियों से भी इस अभियान में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने की अपील की।

जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की सह भागिता आवश्यक है। सभी जनपदवासी स्व-गणना पोर्टल se.census.gov.inपर जाकर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अपनी एवं अपने परिवार की जानकारी स्वयं दर्ज करें। स्व-गणना के माध्यम से नागरिक सुविधाजनक तरीके से अपने परिवार का विवरण ऑनलाइन भर सकते हैं। उन्होंने बताया कि स्व-गणना की प्रक्रिया में सर्वप्रथम आधिकारिक पोर्टल खोलकर अपनी सुविधानुसार भाषा का चयन करना होगा। इसके बाद मोबाइल नंबर के माध्यम से पंजीकरण कर परिवार के स्थान का सत्यापन करते हुए निर्धारित 40 प्रश्नों के उत्तर सावधानीपूर्वक भरने होंगे। सभी जानकारियों की जांच करने के बाद फॉर्म सबमिट करना होगा। स्व-गणना पूर्ण होने पर प्राप्त पहचान संख्या (SE ID) को सुरक्षित रखें तथा प्रगणक के घर आने पर उन्हें उपलब्ध कराएं, जिससे आवश यक सत्यापन किया जा सके। जिला धिकारी ने बताया कि जनगणना-2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण का कार्य 22 मई से 20 जून 2026 तक सफल तापूर्वक संपन्न कराया जा चुका है। द्वितीय चरण में 16 से 30 नवंबर 2026 तक स्व-गणना की सुविधा उपलब्ध है। इसके पश्चात 01 दिसंबर 2026 से 04 जनवरी 2027 तक प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर जनसंख्या गणना की जाएगी तथा 05 से 09 जनवरी 2027 तक पुनरीक्षण का कार्य संपन्न होगा। जनपद में जनगणना की तैयारियां पूर्ण जनपद सोनभद्र में जनगणना कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए कुल 16 चार्ज अधिकारी नामित किए गए हैं, जिनमें 04 ग्रामीण एवं 12 नगरीय चार्ज शामिल हैं। जनपद में कुल 4,469 गणना ब्लॉक निर्धारित किए गए हैं। इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए 4,428 कार्मिकों की तैनाती की गई है, जिनमें 3,781 प्रगणक एवं 647 सुपरवाइजर शामिल हैं। सभी संबंधित कार्मिकों का प्रशिक्षण पूर्ण कराया जा चुका है। प्रशिक्षण कार्य के लिए 02 मास्टर ट्रेनर एवं 68 फील्ड ट्रेनर भी नियुक्त किए गए हैं। जिलाधिकारी ने सभी जनपदवासियों से अपील की कि वे 30 नवंबर 2026 तक स्व-गणना की प्रक्रिया अवश्य पूर्ण करें तथा प्रगणकों को सही, सटीक एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं। जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित कर इसे सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

डोड़हर में सूने मकान से लाखों की चोरी, लगातार वारदातों के बावजूद पुलिस की कार्रवाई पर उठे सवाल

समाज जागरण/ सन्तोष कुमार



बीजपुर/ सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र के डोड़हर गांव में चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाकर लाखों रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। परिवार की गैरमौजूदगी का फायदा उठाकर चोर घर का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवरात और नकदी लेकर फरार हो गए। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्र के लोगों में दहशत है, वहीं पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। जानकारी के मुताबिक डोड़हर निवासी राम सजीवन जायसवाल पुत्र रामवृक्ष जायसवाल छठ पूजा मनाने परिवार के साथ छत्तीसगढ़ स्थित अपनी ससुराल गए हुए थे। सोमवार 16 नवंबर को जब वे घर लौटे तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो अलमारी का ताला भी टूटा हुआ था और सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर करीब आठ लाख रुपये कीमत के सोने चांदी के जेवरात और लगभग एक लाख रुपये नकद गायब मिले। पीड़ित परिवार ने तत्काल बीजपुर थाने पहुंचकर पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। हालांकि क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं ने पुलिस की सक्रियता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों के अनुसार हाल ही में कंपोजिट विद्यालय डोड़हर से सोलर प्लेट की चोरी हुई थी। इससे पहले डोड़हर के अंबेडकर विद्यालय का गेट भी चोरी हो चुका है। इसके अलावा क्षेत्र के अन्य स्थानों पर भी चोरी की वारदातें सामने आती रही हैं, लेकिन अब तक इन घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगता नहीं दिख रहा है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि लगातार घटनाओं के बावजूद चोरों के हौसले इतने बुलंद क्यों हैं। क्या पुलिस की रात्रि गश्त पर्याप्त नहीं है और पूर्व की चोरी की घटनाओं में कार्रवाई का क्या परिणाम निकला। ग्रामीणों का कहना है कि शिकायतों और वारदातों के बावजूद ठोस कार्रवाई नजर नहीं आ रही है। लोगों ने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से रात्रि गश्त बढ़ाने, पूर्व की घटनाओं का खुलासा करने और चोरों पर

सरकारी अस्पताल में जांच के नाम पर मरीजों के आर्थिक शोषण का आरोप

सीएचसी दुद्धी से निजी पैथोलॉजी सेंटर भेजे जा रहे मरीज, अधीक्षक की भूमिका पर उठे सवाल

समाज जागरण



दुद्धी/ सोनभद्र। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) दुद्धी में मरीजों को जांच के नाम पर निजी पैथोलॉजी सेंटर भेजे जाने का मामला इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। आरोप है कि सरकारी अस्पताल में उपलब्ध निःशुल्क जांच सुविधाओं के बावजूद गरीब मरीजों को निजी जांच केंद्रों पर भेजकर उनसे मनमाना शुल्क वसूला जा रहा है। इससे स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

स्थानीय स्तर पर लगाए जा रहे आरोपों के मुताबिक, सीएचसी के ओपीडी में आने वाले मरीजों से लेकर अस्पताल में भर्ती मरीजों तक को खून, पेशाब, बलगम और अल्ट्रासाउंड सहित विभिन्न जांचों के लिए एक ही निजी जांच केंद्र पर भेजा जा रहा है। बताया जा रहा है कि उक्त जांच केंद्र का संबंध अस्पताल के वर्तमान अधीक्षक से है। आरोप है कि निजी जांच केंद्र पर बाजार दर से अधिक शुल्क वसूला जाता है। सीएचसी में आने वाले मरीजों को सीबीसी, टायफाइड, मलेरिया, केएफटी, एलएफटी, शुगर सहित अन्य जांचों के साथ अल्ट्रासाउंड कराने के लिए भी निजी सेंटर का रास्ता दिखाया जाता है। जबकि इनमें से कई जांचें सरकारी अस्पताल में निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती रही हैं।

इस पूरे मामले में सीएचसी में तैनात डॉ. विनोद सिंह और डॉ. मनोहर की भूमिका पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। आरोप है कि उनके द्वारा अधिकांश मरीजों को जांच के लिए संबंधित निजी पैथोलॉजी सेंटर भेजा जाता है। यदि इन आरोपों की पुष्टि होती है तो यह न केवल सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं के उद्देश्य पर सवाल खड़ा करेगा, बल्कि आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के साथ अन्याय भी होगा। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब सरकारी अस्पताल में निःशुल्क जांच की सुविधा उपलब्ध है, तो मरीजों को निजी केंद्रों पर जाने के लिए क्यों मजबूर होना पड़ रहा है? क्या इसके पीछे किसी प्रकार का आर्थिक गठजोड़ है या फिर सरकारी जांच सुविधाओं में कोई कमी है?

क्षेत्रीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने, सरकारी अस्पताल में उपलब्ध जांच सुविधाओं की वास्तविक स्थिति सार्वजनिक करने तथा दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। अब देखना यह है कि स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर मामले को संज्ञान में लेकर जांच कराते हैं या फिर गरीब मरीज इसी तरह आर्थिक बोझ उठाने को मजबूर होते रहेंगे।

4 साल में सड़क हादसों का कहरः 168 की मौत, 150 से ज्यादा घायल

अनपरा, पिपरी और शक्तिनगर थाना क्षेत्रों के आंकड़ों ने खोली सड़क सुरक्षा की हकीकत, वर्ष 2025 में फिर बढ़ा मौतों का आंकड़ा

समाज जागरण/ अकबर अली



सोनभद्र/अनपरा। वाराणसी-शक्ति नगर मार्ग सहित ऊर्जांचल के प्रमुख मार्गों पर सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है।तेज रफ्तार, भारी वाहनों की आवाजाही और यातायात नियमों की अनदेखी के बीच सड़क हादसे लगातार लोगों की जिंदगी पर भारी पड़ रहे हैं। इसका खुलासा अनपरा, पिपरी और शक्तिनगर थानों की ओर से जन सूचना अधिकार अधिनियम के तहत उपलब्ध कराए गए वर्ष 2022 से 2025 तक के आंकड़ों से हुआ है। तीनों थानों से मिली जानकारी अनुसार, चार वर्षों में सड़क दुर्घटनाओं में कुल 168 लोगों की मौत हुई, जबकि 142 लोग घायल हुए। आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2022 में सबसे अधिक 56 लोगों की जान गई।वहीं वर्ष 2025 में भी सड़क दुर्घटनाओं में 43 लोगों की मौत दर्ज की गई। इसी तरह अनपरा थाना क्षेत्र के वर्ष 2022 में 28 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें आठ लोग घायल हुए और आवाअआ वर्ष 2025 में 22 हादसों के बावजूद 18 लोगों की मौत हुई। पिपरी थाना क्षेत्र में 2022 में 17 लोगों की मौत तेरह लोग घायल हुए। वर्ष 2023 में 8 लोगों की मौत 23 लोग घायल हुए।वर्ष 2024 में नौ लोगों की मौत 21 लोग घायल हुए।वर्ष 2025 में 16 लोगों की मौत 19 लोग घायल हुए। शक्तिनगर थाना क्षेत्र में वर्ष 2022 में 15 लोगों की मौत और 8 लोग घायल हुए।वर्ष 2023 में 17 मौतें और 6 घायल, वर्ष 2024 में 10 मौतें और 6 घायल तथा वर्ष 2025 में 9 मौतें और 9 घायल होने की जानकारी दी गई है।सड़क सुरक्षा पर उठ रहे गंभीर सवाल इन आंकड़ों ने ऊर्जांचल की सड़कों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। भारी वाहनों की लगातार आवाजाही वाले मार्गों पर तेज रफ्तार, ओवरलोडिंग, सड़क किनारे बेतरतीब पार्किंग और यातायात नियमों की अनदेखी दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ाती है।खासकर वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी यातायात प्रबंधन की जरूरत महसूस की जा रही है।स्थानीय लोगों का कहना है कि दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए संवेदनशील स्थानों को चिह्नित कर नियमित वाहन चेकिंग, गति नियंत्रण, संकेतक बोर्ड और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाना चाहिए।चार वर्षों में 168 लोगों की मौत का आंकड़ा महज सरकारी अभिलेखों का हिस्सा नहीं, बल्कि सड़क सुरक्षा व्यवस्था के लिए गंभीर चेतावनी है। यातायात प्रभारी ने कहा कि "सड़क सुरक्षा नियमों का पालन ही हादसों से बचाव का एकमात्र उपाय है। हम लगातार स्कूल, कॉलेज और गांवों में जागरूकता कार्यक्रम चला रहे हैं।" स्थानीय लोगों ने मांग की है कि हादसा संभावित क्षेत्रों में स्पीड ब्रेकर, रिफ्लेक्टर, स्ट्रीट लाइट और एंबुलेंस की व्यवस्था बेहतर की जाए, ताकि हादसों में कमी आ सके।

पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना बभनी का वार्षिक निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया गया जायजा एवं दिए गए आवश्यक दिशा - निर्देश

समाज जागरण/ सन्तोष कुमार



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा थाना बभनी का वार्षिक निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम थाना गार्द द्वारा पुलिस अधीक्षक महोदय को सलामी दी गई, जिसे महोदय द्वारा स्वीकार किया गया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना गार्द का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, अभिलेख, मालखाना, हवालात, सीसीटीवी कैमरे, शस्त्रागार, बैरक, भोजनालय एवं थाना परिसर की साफ-सफाई सहित विभिन्न प्रशासनिक एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा अभि लेखों को अद्यतन एवं सुव्यवस्थित रखने, थाना परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने तथा अनुशासन एवं समयबद्ध कार्यप्रणाली सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। शस्त्रागार के निरीक्षण के दौरान शस्त्रों एवं कारतूसों का भौतिक सत्यापन किया गया। साथ ही पुलिसकर्मियों से शस्त्रों को खुलवाने एवं जुड़वाने की प्रक्रिया का परीक्षण किया गया। शस्त्रों के रखरखाव, सुरक्षित संरक्षण एवं नियमित अभ्यास के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा मिशन शक्ति केन्द्र एवं महिला हेल्प डेस्क की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए महिला एवं बालिका संबंधी शिकायतों पर त्वरित, निष्पक्ष एवं संवेदनशील कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा पीड़ित महि लाओं को सम्मानजनक एवं प्रभावी सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। साइबर हेल्प डेस्क की समीक्षा के दौरान साइबर अपराध एवं ऑनलाइन धोखाधड़ी से संबंधित शिकायतों पर तत्काल संज्ञान लेकर पीड़ितों को शीघ्र सहायता उपलब्ध कराने तथा आमजन को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा जनसुनवाई, अपराध नियंत्रण, लंबित विवेचनाओं के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण तथा पुलिस-जन संवाद को और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया गया। थाना स्तर पर आने वाले प्रत्येक फरियादी की शिकायत को गंभीरता से सुनने, उनके साथ संवेदनशील एवं सम्मानजनक व्यवहार करने तथा शिकायतों का नियमानुसार त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि पारदर्शी एवं जवाबदेह पुलिसिंग, जनसामान्य की समस्याओं का त्वरित निस्तारण तथा आमजन में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करना सोनभद्र पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है।

यातायात माह नवंबर-2026 के अंतर्गत मधुपुर में वाहन चालकों का निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित कर किया गया जागरूक

जयपुरिया कॉन्वेंट स्कूल में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक कर निकाली गई यातायात जागरूकता रैली

समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता



सोनभद्र। यातायात माह नवंबर-2026 के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक यातायात द्वारा थाना रॉबर्ट्सगंज अन्तर्गत मधुपुर में वाहन चालकों के लिए निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन कराया गया। शिविर के दौरान वाहन चालकों का नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उन्हें यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान वाहन चालकों को दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट धारण करने, चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने, शराब का सेवन कर वाहन न चलाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि यातायात नियमों का पालन कर स्वयं एवं दूसरों के जीवन को सुरक्षित रखा जा सकता है। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक यातायात द्वारा जयपुरिया कॉन्वेंट स्कूल, रॉबर्ट्सगंज पहुंचकर छात्र-छात्राओं को पम्पलेट बांटकर यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें सड़क पार करते समय सावधानी बरतने, यातायात संकेतों एवं सिग्नलों का पालन करने तथा सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के संबंध में जानकारी दी गई। इसके उपरांत विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा यातायात जागरूकता रैली निकाली गई। रैली विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर सोमनाथ मंदिर होते हुए बढ़ौली चौराहा पहुंची तथा वहां से पुनः विद्यालय वापस आई। रैली के माध्यम से आमजन को यातायात नियमों के पालन, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के प्रयोग तथा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। छात्र-छात्राओं को अपने परिवारजनों एवं आसपास के लोगों को भी यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित करने की अपील की गई। सोनभद्र पुलिस की अपील है कि यातायात नियमों का पालन करें, सुरक्षित चलें और दूसरों को भी सुरक्षित रखें। आपका जीवन अनमोल है।

ड्यूटी के दौरान आकस्मिक निधन होने पर दिवंगत उपनिरीक्षक सदाशिव राय को पुलिस लाइन चुर्क में दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नम आंखों से किया नमन

समाज जागरण/ अकबर अली



सोनभद्र। थाना शक्तिनगर में नियुक्त उपनिरीक्षक सदाशिव राय का ड्यूटी के दौरान अचानक सीने में दर्द होने के कारण स्वास्थ्य बिगड़ गया। उन्हें तत्काल उपचार हेतु अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनका आकस्मिक निधन हो गया। दिवंगत उपनिरीक्षक सदाशिव राय के पार्थिव शरीर को पुलिस लाइन चुर्क, सोनभद्र में श्रद्धांजलि हेतु लाया गया, जहां पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन ऋषभ रुणवाल, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सुश्री मेविस टॉक, क्षेत्राधिकारी नगर सुधीर सिंह, क्षेत्राधिकारी रणधीर मिश्रा सहित पुलिस लाइन एवं पुलिस कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सभी ने पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर दिवंगत उपनिरीक्षक को नमन किया तथा उनके सेवाकाल एवं पुलिस विभाग में दिए गए योगदान को स्मरण करते हुए शोक संवेदना व्यक्त की। उल्लेखनीय है कि दिवंगत उप निरीक्षक श्री सदाशिव राय दिनांक 01.08.1989 को आरक्षी नागरिक पुलिस के पद पर पुलिस विभाग में भर्ती हुए थे। अपनी दीर्घकालीन सेवा के दौरान पदोन्नति प्राप्त कर उपनिरीक्षक के पद पर पहुंचे थे। वह मूल रूप से जनपद गाजीपुर (उ0प्र0) के निवासी थे। सोनभद्र पुलिस परिवार दिवंगत उपनिरीक्षक श्री सदाशिव राय के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करता है तथा शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट करता है।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति एवं परिजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

महंगाई के विरोध में सपा कार्यकर्ताओं का अनोखा प्रदर्शन, लहसुन-प्याज और सरसों तेल की आरती उतारी

समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी



सोनभद्र। केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार, 17 नवंबर 2026 को बढ़ती महंगाई के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए लहसुन, प्याज और सरसों के तेल की प्रतीकात्मक पूजा-अर्चना की। दीपक और अगरबत्ती जलाकर आरती उतारी और बढ़ती महंगाई के प्रति अपना आक्रोश जताया। प्रदर्शन के दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने लहसुन, प्याज, सरसों का तेल और अन्य खाद्य पदार्थों को आम जनता की बिगड़ती आर्थिक स्थिति का प्रतीक बताते हुए सरकार पर निशाना साधा। कार्यकर्ताओं का कहना था कि लगातार बढ़ती महंगाई के कारण आम आदमी के लिए परिवार चलाना मुश्किल होता जा रहा है। सपा जिला सचिव प्रमोद यादव ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई से आम आदमी का घर चलाना मुश्किल हो गया है। सरसों का तेल, लहसुन, प्याज, चीनी सहित आवश्यक खाद्य वस्तुओं के दाम बढ़ रहे हैं, जबकि बेरोजगारी भी चरम पर है। ऐसे में आम जनता महंगाई और बेरोजगारी की दोहरी मार झेलने को मजबूर है। वहीं, सपा नगर उपाध्यक्ष सुरेश अग्रहरी और अशोक भारती ने कहा कि भाजपा सरकार ने अच्छे दिनों का नारा देकर सत्ता हासिल की थी, लेकिन सरकार बनने के बाद जनता को महंगाई की मार झेलनी पड़ रही है। सरकार महंगाई पर नियंत्रण करने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। रसोई का बजट लगातार बिगड़ रहा है और गरीब, मजदूर, किसान तथा मध्यम वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। गोपाल गुप्ता और प्रकाश केवट ने भी भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर नियंत्रण करने, बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने और आम जनता को राहत देने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का अंत अब नजदीक है। प्रदर्शन के दौरान अखिलेश भारती, राजेश मौर्य, सरोज पटेल, बचाऊ बियार, सुभाष यादव, जुनैद अंसारी, राजेंद्र प्रसाद, श्याम देव यादव और रोहित प्रजापति सहित समाजवादी पार्टी के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

प्रभारी मंत्री हंसराज विश्वकर्मा की अध्यक्षता में सर्किट हाउस में समन्वय समिति की बैठक संपन्न

समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता

सोनभद्र। प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री हंसराज विश्वकर्मा की अध्यक्षता में आज सर्किट हाउस, सोनभद्र में समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक घोरावल अनिल कुमार मौर्य, विधायक सदर भूपेश चौबे, भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती रूबी प्रसाद, ब्लॉक प्रमुख सदर श्री अजीत रावत सहित पार्टी के पदाधिकारीगण एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री ने जनपद में संचालित विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रभावी क्रियान्वयन व्यवस्था के संबंध में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ चर्चा की। उन्होंने निर्देशित किया कि जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई जनसमस्याओं एवं जनहित से जुड़े विषयों को गंभीरता से लेते हुए उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। माननीय प्रभारी मंत्री ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप विकास कार्यों को गति देने के लिए जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय और संवाद आवश्यक है। सभी अधिकारी जनहित के कार्यों को पूरी संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी के साथ संपादित करें तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बैठक में उठाए गए विषयों पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए जनहित के कार्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जाए।



घोरावल में चोरी की दो घटनाओं का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार; 6500 रुपये बरामद

समाज जागरण/ डॉ अरुण पांडेय "गुरुजी"



सोनभद्र। घोरावल थाना पुलिस ने चोरी की दो घटनाओं का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी के माल में से कुल 6,500 रुपये बरामद किए हैं। गिरफ्तार दोनों आरोपियों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रुणवाल और क्षेत्राधिकारी घोरावल राजेश कुमार राय के पर्यवेक्षण में अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में घोरावल पुलिस ने चोरी के दो मुकदमों की जांच के दौरान 17 नवंबर 2026 को दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अंशु (19) पुत्र राम प्रसाद निवासी ग्राम भरौली और लवकुश (18) पुत्र छोटेलाल निवासी ग्राम सिरसाई, थाना घोरावल के रूप में हुई है। दोनों के कब्जे से चोरी के माल में से कुल 6,500 रुपये बरामद किए गए। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी थाना घोरावल में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 245/2026 और 255/2026 से संबंधित चोरी की घटनाओं में वांछित थे। बरामदगी के आधार पर दोनों मुकदमों में बीएनएस की धारा 317(4) की बढ़ोतरी की गई है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार अंशु के खिलाफ पहले से भी चोरी के तीन मुकदमे दर्ज हैं, जबकि लवकुश के खिलाफ दो अन्य मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक उदय नारायण सिंह, हेड कांस्टेबल मनोज कुमार, कांस्टेबल सुरेंद्र प्रजापति, समर बहादुर और राहुल गोड़ शामिल रहे।

इंसान स्कूल की हीरक जयंती पर भव्य समारोह, शिक्षा और समाजसेवा में योगदान देने वाली हस्तियां सम्मानित

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।



शिक्षा नगर स्थित ऐतिहासिक इंसान स्कूल एवं डिग्री कॉलेज के 60 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित हीरक जयंती समारोह उत्साह और गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ। समारोह में शिक्षा, समाजसेवा, पत्रकारिता और विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों से जुड़ी कई गणमान्य हस्तियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक एवं पद्मश्री से सम्मानित महान शिक्षाविद् और मानवतावादी डॉ. सैयद हसन (सैयद भाई) के योगदान और उनकी यादों को विशेष रूप से याद किया गया। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. हसन ने शिक्षा को सामाजिक बदलाव का माध्यम बनाकर सीमांचल में शिक्षा की नई अलख जगाई। उनके दूरदर्शी सोच और अथक प्रयासों का ही परिणाम है कि इंसान स्कूल आज शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है और हजारों बच्चों के भविष्य को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

हीरक जयंती के अवसर पर बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। वहीं, समारोह के तहत आयोजित विशेष कार्यक्रम में सामाजिक जिम्मेदारी और मीडिया की भूमिका पर भी विचार-विमर्श किया गया। इसमें समाज के प्रति गैर-सरकारी संगठनों और मीडिया की जिम्मेदारियों, जनजागरूकता तथा सकारात्मक बदलाव लाने में उनकी भूमिका पर चर्चा हुई।

इस दौरान सोशल मीडिया, यूट्यूब, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप और फेसबुक के माध्यम से सामाजिक एवं जनहित के कार्यों में योगदान देने वाले लोगों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इंसान स्कूल के निदेशक डॉ. शिफा सैयद हफीज एवं रेजा भाई सहित विद्यालय प्रबंधन से जुड़े पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिह्न भेंट किए।

समारोह में शामिल खालिद राही, पीएलवी जिला विधिक सेवा प्राधिकार सह समाजसेवी, पंचायत मौधो, कोचाधामन ने कहा कि इंसान स्कूल हमेशा से बेहतर तालीम और तरबीयत देने का काम करता रहा है। उन्होंने संस्थान के निदेशक डॉ. शिफा सैयद हफीज एवं रेजा भाई के प्रति सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्थान शिक्षा के साथ-साथ हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को हासिल करे, यही कामना है।

कार्यक्रम में राहत संस्था की सचिव डॉ फरजाना बेगम सहित किशनगंज के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, नेता, चिकित्सक, शिक्षाविद्, मीडिया प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्न क्षेत्रों की कई प्रमुख हस्तियां मौजूद रहीं।

गौरतलब है कि इंसान स्कूल ने छह दशकों के अपने सफर में केवल किताबी शिक्षा ही नहीं, बल्कि बच्चों में अनुशासन, नैतिक मूल्यों, सामाजिक जिम्मेदारी और बेहतर इंसान बनने की भावना विकसित करने की दिशा में भी अपनी पहचान बनाई है। संस्थान की शैक्षणिक और सामाजिक गतिविधियां किशनगंज सहित पूरे सीमांचल के लिए प्रेरणादायक रही हैं। समारोह में वक्ताओं ने इंसान स्कूल की निरंतर प्रगति और उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि संस्थान शिक्षा के क्षेत्र में इसी तरह नई उपलब्धियां हासिल करता रहे। साथ ही अभिभावकों से अपने बच्चों को शिक्षित बनाने की अपील की गई।

मटियारी पंचायत सरकार भवन में लगा सहयोग शिविर, ग्रामीणों को दी गई योजनाओं की जानकारी

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।



टेढ़ागाछ (किशनगंज)। टेढ़ागाछ प्रखंड क्षेत्र के मटियारी पंचायत सरकार भवन में मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पंचायत के विभिन्न वार्डों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

इस दौरान अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं के उद्देश्य, लाभ और आवेदन की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनके समाधान एवं योजनाओं का लाभ लेने के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी मोहम्मद आदिल अनवर एवं मुखिया प्रतिनिधि सफदर हुसैन अंसारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर बीडीओ एवं कृषि पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से लाभुकों के बीच प्रमाण पत्रों का वितरण किया। अधिकारियों ने ग्रामीणों से सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने तथा किसी भी समस्या के समाधान के लिए संबंधित विभाग से संपर्क करने की अपील की।

मौसम के बदले मिजाज से टेढ़ागाछ के किसानों की बढ़ी चिंता

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।



टेढ़ागाछ। प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार को अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। सुबह से ही आसमान में बादलों की आवाजाही शुरू हो गई, जो दिनभर जारी रही। आसमान में बादल छाए रहने से मौसम में ठंडक महसूस की गई। वहीं, मौसम में आए इस बदलाव ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है।

प्रखंड क्षेत्र के फुलबारी, सुहिया, हवाकोल, झाला, भोरहा सहित विभिन्न पंचायतों में किसान खेतों में खड़ी फसलों को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं। किसानों का कहना है कि यदि मौसम का मिजाज इसी तरह बना रहा और बारिश हुई तो खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंच सकता है। इससे खेती-किसानी के कार्यों पर भी असर पड़ने की आशंका है।

फिलहाल किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए मौसम के रुख पर नजर बनाए हुए हैं। उन्हें उम्मीद है कि मौसम जल्द सामान्य होगा, ताकि फसलों को किसी तरह का नुकसान न हो।

बाल हृदय योजना से रागिनी को मिली नई जिंदगी, सफल हुई ओपन हार्ट सर्जरी

किशनगंज की बच्ची का अहमदाबाद में हुआ सफल ऑपरेशन, आर्थिक तंगी के कारण माता-पिता छोड़ चुके थे इलाज की उम्मीद

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।



आर्थिक तंगी के कारण जिस बेटी के दिल का ऑपरेशन कराना माता-पिता के लिए मुश्किल हो गया था, आज उसी बेटी के चेहरे पर मुस्कान लौट आई है। कोचाधामन प्रखंड की रागिनी कुमारी जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित थी। चिकित्सकों ने उसे ओपन हार्ट सर्जरी कराने की सलाह दी थी, लेकिन आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण परिवार के लिए महंगे इलाज का खर्च उठाना संभव नहीं था। ऐसे में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) और बाल हृदय योजना परिवार के लिए उम्मीद की किरण बनकर सामने आई।

आरबीएसके के माध्यम से रागिनी की बीमारी की पहचान होने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने उसके उपचार की प्रक्रिया शुरू की। स्क्रीनिंग, चिकित्सकीय परामर्श और आवश्यक जांच के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए अहमदाबाद स्थित श्री सत्य साईं हार्ट हॉस्पिटल भेजा गया। यहां 4 नवंबर 2026 को विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में उसकी ओपन हार्ट सर्जरी सफलतापूर्वक की गई।

रागिनी के माता-पिता के लिए बेटी की बीमारी किसी बड़ी मुसीबत से कम नहीं थी। बेटी को स्वस्थ देखने की चाहत थी, लेकिन महंगे ऑपरेशन का खर्च जुटाना उनके लिए संभव नहीं था। परिवार को लगभग उम्मीद नहीं रह गई थी कि उनकी बेटी का कभी ऑपरेशन हो पाएगा। इसी बीच सरकारी योजना के माध्यम से उपचार का रास्ता खुला और रागिनी को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सकी।

बेटी की सफल सर्जरी के बाद माता-पिता ने राहत की सांस ली। उन्होंने सरकार, जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के प्रति आभार जताते हुए कहा कि बाल हृदय योजना उनके परिवार के लिए जीवनदान साबित हुई है। योजना का लाभ नहीं मिलता तो उनके लिए इतना महंगा ऑपरेशन कराना संभव नहीं था।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बच्चों में जन्मजात दोष, बीमारियों, पोषण संबंधी कमियों और विकास संबंधी समस्याओं की शुरूआती अवस्था में पहचान की जाती है। इसके लिए आंगनबाड़ी केंद्रों, सरकारी विद्यालयों और स्वास्थ्य संस्थानों के माध्यम से बच्चों की स्वास्थ्य जांच की जाती है। गंभीर बीमारी से पीड़ित बच्चों को आवश्यकतानुसार विशेषज्ञ चिकित्सकीय संस्थानों में उपचार के लिए भेजा जाता है।

बाल हृदय योजना के माध्यम से जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में मदद मिल रही है। रागिनी की सफल सर्जरी इसका उदाहरण है। सरकारी योजनाओं का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को भी बेहतर इलाज उपलब्ध कराना है, ताकि पैसे की कमी किसी बच्चे के स्वस्थ भविष्य में बाधा न बने।

नवीनगर में छठ महोत्सव सह मेला का शानदार उद्घाटन, भक्ति जागरण में झूमे दर्शक

समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)



नबीनगर (बिहार) नवीनगर नगर पंचायत क्षेत्र में थाना के निकट स्थित पंचदेव धाम पुनपुन छठ घाट पर लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर छठ महोत्सव सह मेला एवं भव्य भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। रविवार रात आयोजित इस कार्यक्रम में नवीनगर सहित आसपास के गांवों से हजारों श्रद्धालु पहुंचे। पूरा घाट रोशनी, फूल-माला और भक्ति गीतों से जगमगा उठा।

कार्यक्रम का उद्घाटन नवीनगर विधायक चेतन आनंद, एमएलसी दिलीप सिंह, नगर पंचायत अध्यक्षा प्रियंका सिंह, नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि विपिन सिंह, नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी ई किशोर भारती, बेलाई पंचायत के मुखिया अंबरीष प्रधान सहित अन्य गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

उद्घाटन के बाद आयोजन समिति की ओर से सभी अतिथियों को माला पहनाकर और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।अपने संबोधन में विधायक चेतन आनंद ने कहा "भक्ति में अपार शक्ति होती है। पूजा-अर्चना से मन को शांति मिलती है। मनुष्य को कभी घमंड नहीं करना चाहिए।"उन्होंने लोगों से आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे के साथ रहने की अपील की। स्वच्छता पर जोर देते हुए कहा कि अपने आसपास की गंदगी साफ रखना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। स्वच्छ और सुंदर समाज के लिए सबको मिलकर संकल्प लेना होगाग।उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों से मानसिक विकार दूर होते हैं और लोगों में नई ऊर्जा का संचार होता है। छठ व्रतियों की आस्था और कठिन उपवास की उन्होंने जमकर सराहना की और सभी को सुख, शांति और समृद्धि की शुभकामनाएं दीं।स्थानीय लोगों की मांग पर विधायक ने मंच से दो बड़ी घोषणाएं की -नवीनगर को अनुमंडल बनाने के लिए सरकार से पुरजोर मांग की जाएगी और पुनपुन छठ मेला को राजकीय मेला का दर्जा दिलाने के लिए प्रयास किया जाएगाग इन दोनों आश्वासनों पर घाट पर मौजूद लोगों ने तालियां बजाकर स्वागत किया।

नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि विपिन कुमार सिंह ने कहा कि यह भक्ति जागरण श्रद्धालुओं और नगरवासियों के लिए है। सभी लोग शांति से आनंद लें। उन्होंने कहा कि अगर इसी तरह सहयोग मिलता रहा तो अगले वर्ष इससे भी भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जो नवीनगर के लिए ऐतिहासिक होगा।अतिथियों के संबोधन के बाद विधिवत पूजा-अर्चना हुई और प्रथम पूजनीय भगवान गणपति का स्मरण कर जागरण शुरू हुआ। बाहर से आए गायकों और कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। कलाकारों ने देर रात तक श्रद्धालुओं को बांधे रखा। वहीं छठ मेले में भी लोगों की भारी भीड़ देखने को मिलील।कार्यक्रम में कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

नबीनगर : आरपीएफ की बड़ी कार्रवाई, 6 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)



नबीनगर (बिहार) नबीनगर रोड रेलवे स्टेशन पर ऑपरेशन नार्कोस के तहत आरपीएफ नबीनगर एवं आरपीएफ सीआईबी की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 6 किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। बरामद गांजे की कीमत करीब 3 लाख 3 हजार 150 रुपए आंकी गई है।गुप्त सूचना पर गाड़ी संख्या 18523 अप नबीनगर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-2 पर पहुंचने पर टीम ने कोच अ-2 की जांच की। जांच के दौरान किनन कुमार कंहार (35 वर्ष), निवासी-तारापोदरो, थाना- फुलबानी सदर, जिला- कंधमाल (उड़ीसा) को एक पिट्ठू बैग और थैले के साथ संदिग्ध हालत में पकड़ा गया।

तलाशी में सेलो टेप में लपेटे हुए 6 पैकेट गांजा, कुल वजन 6.063 किलो बरामद हुआ।इस कार्रवाई में आरपीएफ निरीक्षक राम विलास राम, निरीक्षक चंदन कुमार, उप निरीक्षक जय प्रकाश प्रसाद, उप निरीक्षक श्यामजी रजक, आरक्षी संतोष कुमार मिश्रा एवं सिपाही ओम प्रकाश कुमार शामिल थे। अंचल अधिकारी नबीनगर परीक्षित कुमार की मौजूदगी में वीडियोग्राफी के साथ तलाशी व जब्ती की कार्रवाई की गई।

गिरफ्तार तस्कर और जब्त गांजा को आगे की कार्रवाई के लिए राजकीय रेल थाना सोननगर को सौंप दिया गया, जहां संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

एसपी ने किया थानाध्यक्षों का तबादला, नबीनगर को मिले नए थानाध्यक्ष

समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)



नबीनगर (बिहार)पुलिस अधीक्षक, औरंगाबाद द्वारा अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से थानाध्यक्षों एवं अंचल पुलिस निरीक्षकों का पदस्थापन किया गया है। इसी क्रम में नबीनगर थाना में भी बड़ा बदलाव हुआ है।

पु०नि० अक्षयवर सिंह पहले वे पुलिस कार्यालय, औरंगाबाद में प्रभारी आरटीपीएस / एफएस / आरटीआई / महिला आयोग / एससी एसटी आयोग / मानवाधिकार आयोग के पद पर तैनात थे। अब उन्हें नबीनगर थाना का थानाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं पु०नि० मृत्युंजय कुमार उपाध्याय उन्हें नबीनगर थाना से हटाकर यातायात थाना का थानाध्यक्ष बनाया गया है। जबकि आँचल पुलिस निरीक्षक सूरज कुमार को नबीनगर अंचल सहित कैंप प्रभार बारुण का भी अतिरिक्त प्रभारी बनाया गया है एसपी के इस फैसले से जिले में अपराध पर लगाम और कानून-व्यवस्था और सुदृढ़ होने की उम्मीद है।

पटना के फुलवारी शरीफ में बीस सूत्री मांगों को लेकर किसानों का महाधरना

जमीन के परिमार्जन और खाद की किल्लत पर भड़के अन्नदाता

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश



पटना/ जिले के फुलवारी शरीफ प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को किसानों की विभिन्न समस्याओं और सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय विशाल किसान महाधरना का आयोजन किया गया। इस महाधरना में बड़ी संख्या में पहुंचे किसानों ने एकजुट होकर अपनी बीस सूत्री मांगों के समर्थन में जोरदार आवाज बुलंद की और सरकार तथा स्थानीय प्रशासन से समस्याओं के शीघ्र समाधान की पुरजोर मांग की। महाधरना को संबोधित करते हुए वक्ता किसानों ने रोष व्यक्त किया कि देश का पेट भरने वाला अन्नदाता आज अपनी ही जमीन से जुड़े छोटे-छोटे कामों के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने को विवश है। किसानों ने मुख्य रूप से जमीन के कागजात में सुधार और परिमार्जन (डिजिटल करेक्शन) का काम समय पर नहीं होने का मुद्दा उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि अंचलों में परिमार्जन के कई मामले लंबे समय से लंबित पड़े हैं, लेकिन प्रशासनिक सुस्ती के कारण उनका निष्पादन नहीं हो पा रहा है, जिससे किसानों को भारी मानसिक और आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

इसके साथ ही किसानों ने बाजार में खाद की किल्लत के मुद्दे को भी बेहद जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में खेती के मुख्य सीजन के दौरान समय पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है। खाद की इस कृत्रिम या वास्तविक कमी के कारण किसानों की खेती-किसानी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। किसानों ने कटाक्ष करते हुए कहा कि एक तरफ सरकारें किसानों की आय दोगुनी करने और कृषि व्यवस्था को मजबूत करने के दावे करती हैं, वहीं दूसरी तरफ जमीनी हकीकत यह है कि किसान अपनी बुनियादी और जरूरी कृषि आवश्यकताओं के लिए भी संघर्ष कर रहे हैं। पूर्व प्रखंड प्रमुख राधे रमण पासवान ने महाधरना को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों की बीस सूत्री मांगों पर सरकार को तुरंत और गंभीर कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने मांग की कि जमीन से जुड़े सभी लंबित परिमार्जन मामलों का जल्द से जल्द निष्पादन किया जाए और किसानों को उनकी जरूरत के मुताबिक पर्याप्त मात्रा में खाद मुहैया कराई जाए। साथ ही उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि प्रशासन और सरकार ने उनकी इन जायज मांगों पर शीघ्र ध्यान नहीं दिया, तो आने वाले दिनों में इस आंदोलन को और अधिक उग्र और तेज किया जाएगा।

पटना के मनेर में तेज रफ्तार हाइवा ने बुलेट सवार युवक को रौंदा

मौके पर दर्दनाक मौत; परिवार में छाया मातम

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश



पटना/ जिले के मनेर थाना क्षेत्र अंतर्गत ब्यापुर मस्जिद के समीप दानापुर-मनेर मुख्य मार्ग पर मंगलवार देर शाम एक भीषण सड़क हादसा सामने आया। तेज रफ्तार अनियंत्रित हाइवा ने एक बुलेट सवार युवक को अपनी चपेट में लेते हुए बुरी तरह कुचल दिया। इस दर्दनाक हादसे में युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। मृतक की पहचान बिहटा थाना क्षेत्र के मूसेपुर गांव निवासी बउआ नंद के पुत्र राजू कुमार के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजू कुमार अपनी बुलेट मोटरसाइकिल से खगौल स्थित ओम कॉलोनी की ओर जा रहे थे। जब वे दानापुर-मनेर मुख्य मार्ग पर ब्यापुर मस्जिद के पास पहुँचे, तभी एक तेज रफ्तार हाइवा ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हाइवा के पहिये के नीचे आने से वह गंभीर रूप से कुचल गए और मौके पर ही उन्होंने दम तोड़ दिया।



इस घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे के विरोध और भारी भीड़ के जुटने के कारण दानापुर-मनेर मुख्य मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे सड़क पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। सूचना मिलते ही मनेर थाने की पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुँची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से मशक्कत के बाद यातायात को सुचारू कराया और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू की। युवक की असामयिक और दर्दनाक मौत की खबर जैसे ही उसके घर पहुँची, परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस दुर्घटना को अंजाम देने वाले हाइवा की तलाश कर रही है और इस संबंध में आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है।

पटना के पालीगंज के बहादुरगंज में दुगोला सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश



पटना/ जिले के पालीगंज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जरखा पंचायत के बहादुरगंज गांव में सोमवार की रात छठ महापर्व के पावन अवसर पर एक भव्य दुगोला सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्री श्री छठ पूजा समिति नवयुवक संघ के तत्वावधान में आयोजित इस रंगारंग कार्यक्रम का उद्घाटन क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक डॉ. संदीप सौरभ ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से किया। उद्घाटन समारोह में पहुँचने पर आयोजन समिति के सदस्यों और स्थानीय ग्रामीणों ने विधायक संदीप सौरभ का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान दुगोला कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों, विशेषकर युवाओं में जबर्दस्त उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। दूर-दराज से पहुंचे दर्शकों ने इस सांस्कृतिक आयोजन का पूरी रात भरपूर आनंद उठाया। इस दौरान यूपी कुशीनगर के व्यास निर्मला यादव तथा बिहार छपरा के व्यास मिथुन पांडेय ने एक से बढ़कर एक गीत संगीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संघ के सम्मानित अध्यक्ष रवि यादव, उपाध्यक्ष सह पालीगंज प्रखण्ड के उप-प्रमुख धर्मेंद्र यादव, सुधीर कुमार यादव सहित पूरी कमेटी के सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही। दर्शकों और ग्रामीणों ने इतनी बेहतरीन प्रस्तुति और आयोजन के लिए पूरी टीम के प्रति हृदय से आभार और धन्यवाद प्रकट किया।

कार्यक्रम के दौरान विधायक ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन हमारी पारंपरिक लोक संस्कृति और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का काम करते हैं। इस मौके पर बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण, गणमान्य लोग और स्थानीय दर्शक उपस्थित रहे, जिससे पूरा इलाका पूरी रात भक्ति और संस्कृति के रंगों में सराबोर नजर आया।

पटना के मनेर में दहेज के लिए विवाहिता की हत्या का आरोप

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना / जिले के मनेर थाना क्षेत्र अंतर्गत रतन टोला गांव में मंगलवार को दहेज की खातिर एक विवाहिता की निर्मम हत्या कर दिए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस घटना के बाद से मृतका के ससुराल पक्ष के सभी लोग घर में ताला बंद कर फरार बताए जा रहे हैं। मायके वालों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और शव की तलाश के साथ-साथ आरोपियों की धरपकड़ के लिए कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतका की पहचान खासपुर पंचायत के छितनावां गांव निवासी विजय राय की 22 वर्षीया पुत्री कुलवंती कुमारी उर्फ अंजलि के रूप में की गई है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, मृतका की शादी करीब तीन वर्ष पूर्व मगरपाल पंचायत के रतन टोला गांव निवासी गोधन राय के पुत्र मिथिलेश कुमार के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय तक सब कुछ ठीक-ठाक चलता रहा, लेकिन उसके बाद ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। मायके पक्ष का गंभीर आरोप है कि ससुराल वाले दहेज में दो लाख रुपये नकद और एक चार पहिया वाहन (गाड़ी) की लगातार मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर विवाहिता के साथ आए दिन मारपीट की जाती थी। इस बीच कुलवंती ने एक बच्चे को भी जन्म दिया, लेकिन इसके बावजूद ससुराल वालों की प्रताड़ना में कोई कमी नहीं आई। परिजनों का आरोप है कि पति, सास, ससुर और अन्य ससुराल वालों ने मिलकर साजिश के तहत उसकी हत्या कर दी और साक्ष्य मिटाने की नीयत से शव को भी कहीं गायब कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर जब पुलिस दल-बल के साथ रतन टोला गांव स्थित ससुराल पहुँची, तो वहां का नजारा देख सनसनी फैल गई। घर के सभी दरवाजे बंद थे और ससुराल पक्ष का कोई भी सदस्य मौके पर मौजूद नहीं मिला। सभी आरोपी फरार पाए गए। मामले की पुष्टि करते हुए मनेर थानाध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि मृतका के परिजनों द्वारा दिए गए लिखित आवेदन के आधार पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस फरार आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी और विवाहिता के शव की बरामदगी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। इस दर्दनाक घटना के बाद से मृतका के परिवार में कोहराम मचा हुआ है और पूरे इलाके में तरह-तरह की चचाएँ हो रही हैं।

कल्पनापुरी श्मशान भूमि के जंगल में युवक की बोतल से पीट-पीटकर हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार

अभय कुमार मिश्रा, समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 17 नवंबर 2026: आदित्यपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कल्पनापुरी स्थित श्मशान भूमि के जंगल में मंगलवार को



एक युवक की उसके ही साथियों ने बोतल से पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना दोपहर करीब तीन बजे की बताई जा रही है। वारदात के बाद इलाके में सनसनी फैल गई।

घटना की सूचना मिलते ही आदित्यपुर थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और श्मशान भूमि के आसपास के जंगल की घेराबंदी कर दी। इस दौरान पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बल प्रयोग कर मौके से ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की तत्परता के कारण दोनों आरोपी भागने में सफल नहीं हो सके। प्रारंभिक जांच में पुलिस को आशंका है कि युवक और उसके साथी सुनसान जगह पर बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर उनके बीच विवाद हुआ, जो देखते ही देखते हिंसक हो गया। आशंका है कि इसी दौरान बोतल से हमला कर युवक की हत्या कर दी गई। हालांकि, हत्या के पीछे की वास्तविक वजह अब तक स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस गिरफ्तार दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान और घटना के कारणों को लेकर पुलिस की जांच जारी थी।

बिजली पोल से टकराई तेज रफ्तार बाइक, युवक गंभीर

पंकज कुमार पाठक, समाज जागरण

पदमा - पदमा ओपी थाना क्षेत्र के सरैया चट्टी स्थित भुईयाटोली के पास मंगलवार को सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान लाटी गांव निवासी रवि ओझा (30 वर्ष), पिता धीरेन ओझा के रूप में हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार, रवि ओझा मोटरसाइकिल से सरैया से पदमा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान भुईयाटोली के समीप अचानक उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि उनके सिर में गंभीर चोटें आईं। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए घायल युवक को तत्काल हजारीबाग सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने वाहन चालकों से सड़क पर सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील की है।

साइबर ठगी के पीड़ित को रोहतास पुलिस ने वापस कराए 30,449 रुपये

त्वरित कार्रवाई से मिली राहत, पीड़ित ने पुलिस के प्रति जताया आभार

समाज जागरण संवाददाता। पारसनाथ दुबे डेहरी, रोहतास।

रोहतास। साइबर ठगी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए रोहतास पुलिस ने एक पीड़ित को बड़ी राहत दिलाई है। रोहतास साइबर थाना की पहल पर ठगी की गई कुल 30,449 रुपये की राशि पीड़ित के बैंक खाते में वापस कराई गई है।



पुलिस के अनुसार, साइबर ठगी की शिकायत मिलने के बाद मामले में आवश्यक कार्रवाई की गई। इसके परिणामस्वरूप पीड़ित की ठगी गई पूरी राशि वापस कराने में सफलता मिली। राशि खाते में वापस आने के बाद पीड़ित ने रोहतास पुलिस के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया।

इस मामले का राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर पंजीकरण संख्या 30505260065491 है।

रोहतास पुलिस ने आम लोगों से साइबर अपराध के प्रति सतर्क रहने की अपील की है। पुलिस ने कहा कि किसी भी अनजान फोन कॉल, संदिग्ध संदेश, इंटरनेट कड़ी अथवा ऑनलाइन गतिविधि के माध्यम से मांगी जाने वाली निजी एवं बैंक संबंधी जानकारी साझा न करें।

पुलिस ने यह भी अपील की कि साइबर ठगी का शिकार होने पर बिना देर किए राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें अथवा आधिकारिक वेबसाइट www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

ऋषि और कृषि के बीच सेतु का कार्य करती हैं गोमाता: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

समाज जागरण

मथुरा, 17 नवंबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत की सनातन संस्कृति ऋषि और कृषि प्रधान है और इन दोनों परंपराओं के बीच सेतु का काम हमारी गोमाता करती है। उन्होंने कहा कि गोमाता के होने मात्र से कोई भी क्षेत्र तीर्थ बन जाता है। मुख्यमंत्री मंगलवार को बरसाना स्थित मान माता गोशाला परिसर में पद्मश्री से सम्मानित ब्रह्मलीन संत रमेश बाबा जी महाराज के त्रयोदशी कार्यक्रम में उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने संत रमेश बाबा की समाधि पर पुष्प अर्पित किए व गोपाष्टमी के पर्व पर आश्रम में विधि-विधान गोपूजा भी की। मुख्यमंत्री ने ब्रज की संस्कृति तथा पर्यावरण संरक्षण में संत रमेश बाबा के अमूल्य योगदान को भी याद किया।

गोमाता भारतीय संस्कृति और ऋषि परंपरा का महत्वपूर्ण आधार

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति और ऋषि परंपरा में गोमाता का विशेष महत्व है। हमारी सनातन संस्कृति ऋषि प्रधान होने के साथ कृषि प्रधान भी है। ऋषि परंपरा और कृषि परंपरा के बीच सेतु का काम गोमाता करती हैं। गाय, बछड़ा, बछिया और बैल सभी ग्रामीण अर्थव्यवस्था और कृषि परंपरा से जुड़े हुए हैं।

उन्होंने कहा कि गोसेवा और गोवंश का संरक्षण केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और कृषि परंपरा को सहेजने का भी माध्यम है। संत रमेश बाबा ने अपने जीवन में इन मूल्यों को आत्मसात करते हुए समाज को प्रेरित किया।

12 यूनिट के निःशुल्क डायलिसिस केंद्र का उद्घाटन

मुख्यमंत्री ने कहा कि संत रमेश बाबा के त्रयोदशी कार्यक्रम के अवसर पर उन्हें यहां उपस्थित होना था। उस समय उन्हें बताया गया कि यहां निःशुल्क डायलिसिस यूनिट का उद्घाटन भी करना है। संत के शिष्यों और अनुयायियों ने 12 यूनिट के निःशुल्क डायलिसिस सुविधा केंद्र की स्थापना कराई है। उन्होंने इसे लोककल्याण की भावना से किया गया महत्वपूर्ण कार्य बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि संतों का जीवन हमें सिखाता है कि व्यक्ति स्वयं भले ही अभाव में रहे, लेकिन अपने प्रत्येक कार्य को लोककल्याण के लिए समर्पित कर सकता है।

सूखी पहाड़ियों पर हरियाली, गोशाला ने क्षेत्र को दिया तीर्थ का स्वरूप

मुख्यमंत्री ने मान माता गोशाला और आसपास के क्षेत्र में हुए बदलावों का उल्लेख करते हुए कहा कि करीब दस वर्ष पहले जब उन्हें यहां आने का अवसर मिला था, तब इस क्षेत्र में सूखी पहाड़ियां दिखाई देती थीं। आज यहां चारों ओर हरियाली नजर आती है।

चांडिल के गुंडा बिहार में जंगली दंतैल हाथी की मौत, देखने उमड़े लोग, कर दी पूजा अर्चना शुरू

समाज जागरण

चांडिल वन क्षेत्र अंतर्गत गुंडा बिहार के डीटांड़ में सोमवार की देर रात एक दंतैल जंगली हाथी की मौत हो गई। घटना रात करीब 10:30 से 11 बजे के बीच की बताई जा रही है। प्रथम दृष्टया हाथी की मौत बिजली के तार की चपेट में आने से होने की आशंका जताई गई है।

घटना की जानकारी मिलते ही मंगलवार सुबह बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। हाथी की मौत से ग्रामीणों में शोक का माहौल रहा। कई ग्रामीणों ने मृत हाथी के पास पहुंचकर श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना भी की। सूचना मिलने के बाद वन विभाग और बिजली विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची और आसपास की स्थिति का जायजा लिया। वन विभाग की देखरेख में हाथी का पोस्टमार्टम कराया गया। डीएफओ सबा आलम ने बताया कि हाथी की मौत की खबर पाते ही घटनास्थल पहुचकर देखा तो एक हाथी मृत पाया गया। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया बिजली से मौत लगता है परंतु पोस्टमार्टम के बाद ही मौत का वास्तविक कारण का पता चल पाएगा। हालांकि मृत हाथी से सैम्पल संग्रह कर लिया गया है।

बंद पड़े 11 केवी लाइन का तार चोरी होने की बात आई सामने

इस मामले में विद्युत कार्यपालक



अभियंता ने बताया कि लुपुंगडीह सब स्टेशन से 11 केवी चांडिल बाजार फीडर की लाइन गुंडा गांव के डी-टांड़ तक पहुंची हुई है। वहीं, इसी सब स्टेशन से 11 केवी सीमा फीडर की लाइन गुंडा गांव के हुंडरू गड़िया टोला तक गई है।

उन्होंने बताया कि दोनों फीडरों के बीच पांच बिजली के खंभे लगाकर तार खींचा गया था, लेकिन यह लाइन चालू नहीं थी। भविष्य में किसी अति आवश्यक परिस्थिति में एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति करने के उद्देश्य से यह व्यवस्था की गई थी। मंगलवार को जांच के दौरान पता चला कि दोनों फीडरों के बीच खींची गई बंद लाइन का तार चोरी हो गयी है। तार चोरी होने के कारण डीटांड़ में लगा डीपी टूट गया और तार ढीला होकर नीचे आ गया। उन्होंने आशंका जताई कि इसी ढीले तार के संपर्क में आने से दंतैल हाथी की मौत हुई होगी।

मानव-हाथी संघर्ष रोकने के लिए तकनीकी उपाय कर रहा वन विभाग

वहीं, डीएफओ ने बताया कि चांडिल क्षेत्र में हाथियों की आवाजाही लगातार बनी हुई है। वन विभाग की टीम हाथियों की गतिविधियों पर नजर रख रही है और उन्हें आबादी वाले क्षेत्रों से सुरक्षित दूर भगाने का प्रयास कर रही है। हाथियों की गतिविधियों की पूर्व जानकारी प्राप्त करने और ग्रामीणों को समय रहते सतर्क करने के लिए सोलर फेंसिंग, एआई कैमरा समेत अन्य तकनीकी उपाय किए जा रहे हैं। फिलहाल वन विभाग और बिजली विभाग की ओर से मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तकनीकी जांच के बाद ही हाथी की मौत के वास्तविक कारणों की आधिकारिक पुष्टि हो सकेगी।

छठ के बाद लौटती भीड़ को लेकर आरपीएफ ने चलाया जागरूकता अभियान

डेहरी ऑन सोन स्टेशन पर यात्रियों को सुरक्षा के बताए उपाय, रेल नियमों का पालन करने की अपील

समाज जागरण संवाददाता। पारसनाथ दुबे डेहरी, रोहतास।

डेहरी ऑन सोन (रोहतास)। छठ पर्व के बाद घर लौटने वाले यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) पोस्ट डेहरी ऑन सोन की ओर से मंगलवार को रेलवे स्टेशन पर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान यात्रियों को सुरक्षित रेल यात्रा के लिए जरूरी सावधानियों की जानकारी दी गई और रेल नियमों का पालन करने की अपील की गई।

अभियान का नेतृत्व आरपीएफ पोस्ट के प्रभारी निरीक्षक राज किशोर कच्छवाहा ने किया। इसमें उप निरीक्षक मनोज कुमार, सहायक उप निरीक्षक मनोज कुमार चौधरी, आरक्षी सतीश कुमार, विकास कुमार, सत्यप्रकाश यादव सहित आरपीएफ के अन्य जवान शामिल रहे। जवानों ने विभिन्न ट्रेनों के आगमन के दौरान यात्रियों से संपर्क कर उन्हें सुरक्षा संबंधी जानकारी दी। आरपीएफ जवानों ने यात्रियों को बताया कि एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म पर जाने के लिए हमेशा



पैदल पार पथ का उपयोग करें और रेल पटरी पार करने से बचें। बिना उचित कारण के चेन पुलिंग न करें। यात्रा के दौरान सिलेंडर, स्टोव, डीजल सहित किसी भी प्रकार की ज्वलनशील वस्तु अपने साथ न ले जाएं।

यात्रियों को रेल पटरी पर खड़े होकर स्वयं का चित्र लेने अथवा चलचित्र बनाने से भी मना किया गया। साथ ही किसी अनजान व्यक्ति से मेल-जोल बढ़ाने और उसके द्वारा दिए गए खाद्य पदार्थ या पेय का सेवन करने से बचने की सलाह दी गई। ट्रेन में चढ़ते-उतरते समय मोबाइल, पर्स और अन्य कीमती सामानों का विशेष ध्यान रखने को कहा गया।

आरपीएफ ने यात्रियों से चलती ट्रेन में चढ़ने या उतरने तथा ट्रेन के पायदान पर यात्रा नहीं करने की अपील की। इसके अलावा रेलगाड़ियों पर पत्थरबाजी नहीं करने और रेल यात्रा के दौरान सभी सुरक्षा नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई।

अधिकारियों ने बताया कि किसी भी प्रकार की समस्या, सुरक्षा संबंधी परेशानी या शिकायत होने पर यात्री रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 पर संपर्क कर सकते हैं। आरपीएफ ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि है और इसके लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं।

विधायक सविता महतो की पहल पर तीन मरीजों को मिली 2.50 लाख की सहायता

समाज जागरण

ईचागढ़ की विधायक सविता महतो के प्रयास से गंभीर बीमारी और दुर्घटना में घायल तीन जरूरतमंद मरीजों को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री राहत कोष से कुल 2.50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई है। विधायक सविता महतो ने तीनों मरीजों के परिजनों को सहायता राशि का चेक सौंपा। इसमें कपाली के ईस्लामनगर निवासी सात वर्षीय आरीश खान के इलाज के लिए 1 लाख रुपये की सहायता दी गई। आशीष दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसके सिर में गंभीर चोट आई थी और उसका इलाज रांची के रानी चिल्ड्रेन अस्पताल में चल रहा था। वहीं, ईचागढ़ प्रखंड के दलालग्राम निवासी कादली गोप को पेट संबंधी गंभीर बीमारी के इलाज के लिए 75 हजार



रुपये तथा नीमडीह प्रखंड के सीमा गुंडा निवासी पवन महतो को इलाज के लिए 75 हजार रुपये की आर्थिक सहायता मिली है। उल्लेखनीय है कि तीनों मरीजों की आर्थिक स्थिति कमजोर होने और इलाज में हो रही परेशानी को देखते हुए विधायक सविता महतो ने 27 अक्टूबर को मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था। मुख्यमंत्री द्वारा सहायता राशि स्वीकृत किए जाने के बाद विधायक ने परिजनों को चेक सौंपकर राहत पहुंचाई। इस दौरान विधायक सविता महतो ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जरूरतमंद और गरीब परिवारों को इलाज के लिए आर्थिक परेशानी नहीं हो, इसके लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। इस अवसर पर झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलू, मो नौशाद, मो सलाउद्दीन, टिंकू महतो आदि उपस्थित थे।

शहीद गंगा नारायण सिंह की प्रतिमा के लिए भूमिज समाज ने खोला मोर्चा, टाटा स्टील को आठ दिनों का अल्टीमेटम

सोनारी ट्राइबल कल्चर सेंटर के समक्ष एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन, मांग पूरी नहीं होने पर कंपनी गेट जाम कर उग्र आंदोलन की चेतावनी

समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)

जमशेदपुर भूमिज विद्रोह के महानायक और वीर शहीद गंगा नारायण सिंह की स्मृति को सम्मान देने तथा उनकी प्रतिमा स्थापित करने की मांग को लेकर भूमिज समुदाय ने आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। मंगलवार को सोनारी स्थित ट्राइबल कल्चर सेंटर के समक्ष भूमिज समुदाय के लोगों ने एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन कर टाटा स्टील प्रबंधन के खिलाफ अपनी नाराजगी जाहिर की। प्रदर्शनकारियों ने प्रबंधन से जल्द से जल्द शहीद गंगा नारायण सिंह की प्रतिमा स्थापित करने की मांग उठाई। साथ ही इस दिशा में ठोस पहल करने के लिए आठ दिनों का अल्टीमेटम भी दिया।

धरने पर बैठे समुदाय के लोगों ने कहा कि शहीद गंगा नारायण सिंह झारखंड के इतिहास के उन महान क्रांतिकारियों में शामिल हैं, जिन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। वर्ष 1832-33 में हुए ऐतिहासिक भूमिज विद्रोह का नेतृत्व कर उन्होंने अंग्रेजी शासन की दमनकारी नीतियों के खिलाफ जनसंघर्ष को नई दिशा दी थी। उनका साहस, संघर्ष और बलिदान आज भी भूमिज समाज के साथ-साथ पूरे झारखंड के लिए गौरव और प्रेरणा का विषय है।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जिस महानायक ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ अपने समाज और क्षेत्र के अधिकारों के लिए संघर्ष किया, उनकी स्मृति को उचित सम्मान



मिलना चाहिए। सोनारी स्थित ट्राइबल कल्चर सेंटर जनजातीय कला, संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण का महत्वपूर्ण केंद्र है। ऐसे स्थान पर शहीद गंगा नारायण सिंह की प्रतिमा स्थापित होना न केवल भूमिज समुदाय, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगा। इससे युवा पीढ़ी को अपने इतिहास, वीरता और पूर्वजों के संघर्ष से परिचित होने का अवसर मिलेगा।

समुदाय के लोगों ने आरोप लगाया कि प्रतिमा स्थापना की मांग को लेकर पूर्व में भी कई बार टाटा स्टील प्रबंधन का ध्यान आकृष्ट कराया गया है। विभिन्न अवसरों पर इस मांग को उठाने के बावजूद अब तक कोई ठोस निर्णय या सकारात्मक पहल सामने नहीं आई है। लंबे समय से मांग लंबित रहने के कारण समाज के लोगों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि समाज के ऐतिहासिक महापुरुषों को सम्मान दिलाना उनकी जिम्मेदारी है और इस मांग को अब और नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

धरना-प्रदर्शन के दौरान भूमिज समुदाय के लोगों ने टाटा स्टील प्रबंधन को आठ दिनों का स्पष्ट अल्टीमेटम दिया। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय सीमा के भीतर यदि प्रतिमा स्थापना को लेकर सकारात्मक पहल नहीं की गई, तो समुदाय के लोग आंदोलन को और तेज करने के लिए बाध्य होंगे। इसके तहत टाटा स्टील कंपनी के गेट को जाम कर जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने दो टूक कहा कि यह आंदोलन किसी व्यक्तिगत हित के लिए नहीं, बल्कि समाज के महानायक और वीर शहीद को ऐतिहासिक सम्मान दिलाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। जब तक शहीद गंगा नारायण सिंह की प्रतिमा स्थापित करने की मांग पूरी नहीं होती, तब तक भूमिज समुदाय का संघर्ष जारी रहेगा। अब देखना यह है कि आठ दिनों की समयसीमा के भीतर टाटा स्टील प्रबंधन इस मांग पर क्या रुख अपनाता है।

योगी सरकार ने 25 जिलों में 35 सोलर प्लांट और 1,000 करोड़ के 18 प्रोजेक्ट को दी मंजूरी

- खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में निवेश प्रस्तावों की समीक्षा की अप्रेजल समिति की बैठक में 1,000 करोड़ के 18 निवेश प्रोजेक्ट पर लगी मुहर
- बैठक में 52 निवेश प्रस्तावों की हुई समीक्षा, 48 को एसएलईसी के समक्ष भेजने की संस्तुति
- खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को सौर ऊर्जा से जोड़ने की तैयारी, घटेगी उत्पादन लागत

समाज जागरण

लखनऊ, 17 नवंबर: योगी सरकार ने प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने और औद्योगिक इकाइयों की ऊर्जा लागत कम करने के लिए बड़ी पहल की है। इसके तहत योगी सरकार ने प्रदेश के 25 जिलों में 35 सोलर प्लांट स्थापित करने एवं 1,000 करोड़ रुपये के 18 निवेश प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। इससे जहां एक ओर कृषि उत्पादों का प्रसंस्करण प्रदेश में ही होगा, वहीं दूसरी ओर किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिलने के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

48 निवेश प्रस्तावों को एसएलईसी के समक्ष भेजने की संस्तुति

अपर मुख्य सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण बाबू लाल मीणा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में निवेश प्रस्तावों की समीक्षा के लिए मंगलवार को अप्रेजल समिति की बैठक हुई। बैठक में बताया गया कि 16 नवंबर तक विभाग के ऑनलाइन पोर्टल पर कुल 52 नए निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। समिति ने नीति के प्रावधानों, निर्धारित पात्रता मानकों और उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर इनका परीक्षण किया। विस्तृत समीक्षा के बाद 48 पूर्ण निवेश प्रस्तावों को आवश्यक शर्तों के अनुपालन के साथ राज्य स्तरीय अधिकार प्राप्त समिति (एसएलईसी) के समक्ष प्रस्तुत करने की संस्तुति की गई। इन निवेश प्रस्तावों में बेकरी एवं बिस्कुट निर्माण, आटा और मैदा प्रसंस्करण, मसाला निर्माण, डेयरी एवं दुग्ध उत्पाद, नमकीन और अन्य खाद्य उत्पादों से संबंधित नई इकाइयों की स्थापना के साथ मौजूदा इकाइयों के विस्तार की योजनाएं शामिल हैं।

खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को सौर ऊर्जा से जोड़ने पर जोर

अपर मुख्य सचिव ने बताया कि योगी सरकार खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को पारंपरिक ऊर्जा पर निर्भरता से मुक्त करने के लिए सौर ऊर्जा के इस्तेमाल को बढ़ावा दे रही है। इसके तहत प्रदेश के विभिन्न जिलों में सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के साथ महिला उद्यमियों की टेक होम राशन इकाइयों में सोलर पावर प्लांट स्थापित किए जाएंगे। इस पहल से उद्योगों की बिजली संबंधी जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी और उनकी परिचालन लागत भी कम हो सकेगी। उन्होंने बताया कि कानपुर नगर की मसाला निर्माण इकाई में 68 किलोवॉट, बरेली की पेलेट निर्माण इकाई में 80 किलोवॉट और एक अन्य इकाई में 160 किलोवॉट क्षमता का ऑनग्रिड सोलर प्लांट लगाया जाएगा। पीलीभीत की राइस मिल में 75 किलोवॉट और कानपुर देहात की राइस मिल में 68 किलोवॉट क्षमता का सोलर प्लांट प्रस्तावित है। इसी तरह प्रयागराज के मेजा क्षेत्र में ब्रेड एवं रस्क निर्माण इकाई में 100 किलोवॉट, वाराणसी की बेकरी इकाई में 75 किलोवॉट, शाहजहांपुर की आटा मिल में 68 किलोवॉट, फतेहपुर की नमकीन निर्माण इकाई में 75 किलोवॉट और प्रयागराज की नूडल्स निर्माण इकाई में 75 किलोवॉट क्षमता के सोलर प्लांट स्थापित करने की योजना है।

महिला उद्यमियों को भी मिलेगा सौर ऊर्जा का लाभ

योजना में महिला उद्यमियों की टेक होम राशन और रेडी-टू-ईट इकाइयों को भी शामिल किया गया है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में संचालित इन इकाइयों में सोलर पावर प्लांट लगाने से महिला उद्यमियों को उत्पादन संबंधी कार्यों में सहूलियत मिलेगी। इससे उनकी ऊर्जा लागत कम करने और कारोबार को विस्तार देने में मदद मिलेगी। सरकार की इस पहल से छोटे उद्यमों को आधुनिक ऊर्जा संसाधनों से जोड़ने के साथ महिला उद्यमिता को भी प्रोत्साहन मिलेगा। अप्रेजल समिति ने निवेश प्रस्तावों को आगे बढ़ाने के साथ इकाइयों के लिए जरूरी शर्तों के अनुपालन पर भी जोर दिया। संबंधित इकाइयों को आवश्यक प्रमाणपत्र, पिछले दो वर्षों के आयकर और जीएसटी रिटर्न सहित अन्य जरूरी दस्तावेज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों में कच्चे माल की आपूर्ति स्थानीय किसानों और दुग्ध उत्पादकों के माध्यम से सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। इकाइयों को निर्धारित मानकों के अनुरूप अपनी उत्पादन क्षमता का उपयोग करने के निर्देश भी दिए गए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर को देंगे 792 करोड़ की 55 परियोजनाओं उपहार, प्रदेश के पहले वानिकी विश्वविद्यालय की रखेंगे नींव

समाज जागरण

गोरखपुर, 17 नवंबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 19 नवंबर को गोरखपुर को 792 करोड़ रुपये से अधिक की 55 विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। कैम्पियरगंज के भारीवैसी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री प्रदेश के पहले वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय की आधारशिला रखेंगे। इसके साथ ही 621.05 करोड़ रुपये की लागत वाली 16 परियोजनाओं का शिलान्यास और 171.13 करोड़ रुपये की 39 परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। इन परियोजनाओं से उच्च शिक्षा, ग्रामीण सड़क कनेक्टिविटी, बाढ़ नियंत्रण और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं को मजबूती मिलेगी।

491 करोड़ से बनेगा प्रदेश का पहला वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय

कार्यक्रम का सबसे बड़ा आकर्षण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय होगा। कैम्पियरगंज के भारीवैसी में 50 हेक्टेयर (123.55 एकड़) क्षेत्रफल में बनने वाले इस विश्वविद्यालय पर 491 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आएगी। यह प्रदेश का पहला वानिकी विश्वविद्यालय होगा। विश्वविद्यालय में वानिकी एवं औद्यानिकी, वन्यजीव संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, एग्रोफॉरेस्ट्री, फल एवं बागवानी जैसे आधुनिक विषयों की पढ़ाई होगी। यहां स्नातक (बीएससी), परास्नातक (एमएससी), पीएचडी और डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किए जाएंगे। इसके साथ ही विश्वविद्यालय से डिग्री प्राप्त विद्यार्थियों को उत्तर प्रदेश राज्य वन सेवा तथा क्षेत्रीय वन अधिकारी के पदों पर क्षैतिज आरक्षण देने का प्रस्ताव भी है।

ग्रामीण सड़कों और बाढ़ बचाव से जुड़ी परियोजनाओं का शिलान्यास

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विश्वविद्यालय के अलावा ग्रामीण सड़क कनेक्टिविटी, बाढ़ बचाव और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की सुरक्षा से जुड़ी करीब 130 करोड़ रुपये की 15 अन्य परियोजनाओं का भी शिलान्यास करेंगे। इनमें रोहिन नदी के दाएं तट पर स्थित मछलीगांव अलगटपुर तटबंध के किमी 18.20 पर कलान नाले के पास कल्यानपुर में पम्पिंग स्टेशन का निर्माण प्रमुख है। इस परियोजना पर 54.52 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके अलावा रोहिन नदी के दाएं तट पर स्थित मानीराम डोमिनगढ़ तटबंध के किमी 10 पर ग्राम सिउरिया के पास 57.19 करोड़ रुपये की लागत से पम्पिंग स्टेशन बनाया जाएगा।

बाढ़ बचाव और पेयजल परियोजनाओं का होगा लोकार्पण

मुख्यमंत्री के हाथों लोकार्पित होने वाली 39 परियोजनाओं में भी अधिकतर कार्य ग्रामीण सड़क कनेक्टिविटी और बाढ़ बचाव से जुड़े हैं। इनमें राप्ती और रोहिन नदियों के तटबंधों पर कटाव रोकने और सुरक्षा मजबूत करने के कार्य शामिल हैं।

प्रमुख परियोजनाओं में राप्ती नदी के बाएं तट पर स्थित गाहांसाड़ कोलिया तटबंध पर ग्राम उत्तरासोत के समीप किमी 7.135 से 7.9 के बीच 17.38 करोड़ रुपये की लागत से होने वाला कटाव निरोधक कार्य शामिल है। वहीं, रोहिन नदी के दाएं तट पर स्थित मानीराम डोमिनगढ़ तटबंध के किमी 9.60 से किमी 11.60 तक 8.41 करोड़ रुपये की लागत से स्लोप पिचिंग का कार्य पूरा किया गया है। राप्ती नदी के बाएं तट पर स्थित बढ़या कोठा तटबंध पर ग्राम तुर्कवलिया के समीप किमी 9.08 से 9.485 के बीच 6.56 करोड़ रुपये की लागत से कटाव निरोधक कार्य भी लोकार्पित होगा।